✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 64 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 30 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का अवलोकन करते सीएम नीतीश कुमार




### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की बैठक में पत्रकारों को मिलने वाली पेंशन में वृद्धि समेत 41 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# पांच सदस्यीय होगा सफाई कर्मचारी आयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने 41 प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगा दी। कैबिनेट की बैठक में सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई है। इसमें पांच सदस्य होंगे, जिसमें एक महिला या ट्रांसजेंडर और चार अन्य पदेन सदस्य शामिल रहेंगे। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना नियमावली 2019 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके तहत पत्रकारों के पेंशन की राशि को छह हजार से बढ़ाकर 15 हजार कर दी गई है। वहीं बिहार अमीन संवर्ग नियमावली को भी मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत राज्य स्कीम मद से राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य अंतर्गत विद्युतीकरण के लिए 270 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

## राजगीर खेल एकेडमी को मिले 1121 करोड़

बिहार राज्य खेल अकादमी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम राजगीर के अंतर्गत और सैनिक एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 1121 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। वहीं पटना में राम मनोहर लोहिया पथ चक्र के निर्माण के लिए 675 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की है। साथ ही केंद्रीय सड़क निधि अंतर्गत आने वाले सारण जिले के छपरा शहर के गांधी चौक से नगर पालिका चौक के लिए फ्लाईओवर निर्माण को लेकर 696 करोड़ 26 लाख 71000 रुपए मंजूर किए गए हैं।

## डेयरी एवं दुग्ध चुर्ण संयंत्र की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अन्तर्गत राज्य योजना के तहत दरभंगा, वजीरगंज(गया) में दो-दो लाख, गोपालगंज में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी संयंत्र एवं सीतामढ़ी में 30 मीट्रिक टन प्रतिदिन एवं रोहतास के डिहरी-ऑन-सोन में 30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध चुर्ण संयंत्र की स्थापना के लिए राशि की स्वीकृति दी गई।



## विद्यालयों के जीर्णोद्धार पर फोकस

प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की योजना के अंतर्गत प्रारंभिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य के तहत विद्युतीकरण के लिए 270 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, जबकि माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 276.3 करोड़ रुपए मिले हैं।

## मेला प्राधिकार के प्रबंधन में शामिल सीता कुंड मेला

गोपालगंज, मांझा और दरभंगा के हनुमान नगर में केंद्रीय विद्यालय और स्टाफ क्वार्टर निर्माण के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार को एक के टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए जमीन दिए जाने की स्वीकृति दी गई है। मुंगेर जिला अंतर्गत लगने वाले ऐतिहासिक एवं पौराणिक सीता कुंड मेला को बिहार राज्य मेला प्राधिकार के प्रबंधन में शामिल करने की स्वीकृति दी गई है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त के कार्यकाल में विस्तार

बिहार राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली 2008 के नियम 5 में यह प्रावधान है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल 5 साल या 65 वर्ष की आयु तक निर्धारित है लेकिन अब नियमावली में संशोधन कर कार्यकाल खत्म होने के बाद तीन साल के लिए फिर से नियुक्त किया जा सकता है। यानि अब 68 वर्ष की आयु तक का कार्यकाल रहेगा।

## सात चिकित्सक बर्खास्त

केबिनेट ने अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में सात चिकित्सकों को सरकारी सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी है। बर्खास्त किये जाने वाले चिकित्सकों रूपसा(बांका) के चिकित्सा पदाधिकारी डा रविश कुमार, सदर अस्पताल, कटिहार के चिकित्सा पदाधिकारी डा दिपीका, दिग्घी, लक्ष्मीपुर(जमुई) के सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डा अभिषेक केशरी, बखरी(बेगूसराय) के विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डा उत्कर्ष भारद्वाज, सैदपुर, मांझी (खगड़िया) के सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डा कुंदन कुमार, सदर अस्पताल, शेखपुरा की चिकित्सा पदाधिकारी डा कुमारी शिवा एवं सदर अस्पताल, खगड़िया की चिकित्सा पदाधिकारी डा मोनिका शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बच्चियों की डूबकर मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदरपुर बजरंग स्थान के पास पानी भरे पईन में डूबने से मंगलवार दोपहर दो बच्चियों की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान इंदल पासवान की 10 साल की बेटी रिंकी कुमारी और रामबालक राम की 10 साल की बेटी सुहानी कुमारी के रूप में की गई है।

### मुठभेड़ में अपराधी को लगी गोली

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक बार फिर पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मंगलवार को शेरघाटी में बिहार पुलिस और बदमाशों के बीच यह एनकाउंटर हुआ। इस दौरान सतीश उर्फ चंदन नामक एक वांछित अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसे पैर में दो गोलियां लगी हैं और फिलहाल उसे अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर है।

### दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

**सुपौल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र से दो कुख्यात अंतरजिला इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। मधेपुरा जिला के रहने वाले दोनों अपराधी शंभु साह और सुशील कुमार साह के विरुद्ध कोसी प्रमंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। एसपी शरथ आरएस ने मंगलवार की दोपहर अपने कार्यालय वेश्म में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी।

# बस-ट्रक की टक्कर में बिहार के छह कांवरियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड के देवघर में मंगलवार 29 जुलाई को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सुबह 4 बजे के आसपास कांवरियों से भरी बस और गैस सिलेंडर लदे ट्रक में जोरदार टक्कर हुई और फिर 100-200 फीट दूर जाकर बस, ईंट से टकरा गई। इसमें सात कांवरियों की मौत हो गई है जबकि कई जख्मी हैं। जानकारी के अनुसार मृतकों में पांच बिहार के रहने वाले थे। मृतकों में बस का ड्राइवर, चार महिलाएं समेत पुरुष शामिल है। बिहार के जिन कांवरियों की मौत हुई है, उनमें सुमन कुमारी (सोनारा, परबतिया, गया), पीयूष (नया गांव, वैशाली), दुर्गावती देवी (पतराती, बेतिया), जानकी देवी (पतराती, बेतिया) और देवकी प्रसाद एवं संता देवी (धनरूआ, पटना) शामिल हैं। वहीं बस ड्राइवर सुभाष तुरी (चकरमा, मोहनपुर, देवघर) की भी मौत हुई है। वहीं कई जख्मी कांवड़ियों में से कुछ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावागांव में बस हादसे का शिकार हुई। कई लाशें मलबे में फंसी थी, जिन्हें बाहर निकाला गया है। इस बीच सदर एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। शुरुआती जानकारी के अनुसार बस के ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिस कारण हादसा हुआ। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना पर दुख जताते हुए घायलों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज सुबह देवघर जिला अंतर्गत मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई।

### मुख्यमंत्री ने किया 'बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप' का शुभारंभ

# ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है वैशाली : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वैशाली में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ बिहार सरकार के कई मंत्री भी कार्यक्रम शामिल हुए। कार्यक्रम में चीन, जापान, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, तिब्बत, म्यांमार, भूटान, वियतनाम, मलेशिया, लाओस, कंबोडिया, मंगोलिया, बांग्लादेश और इंडोनेशिया जैसे 15 बौद्ध देशों के भिक्षुओं की सहभागिता रही। यह स्तूप का निर्माण भवन निर्माण विभाग कि ओर से किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 'बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप' का मंगलवार को लोकार्पण हो



गया है। इस लोकार्पण समारोह में दुनिया भर के करीब 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और बौद्ध भिक्षु आकर शामिल हुए। यह हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव का क्षण है। मैंने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण किया ताकि निर्माण कार्य विशिष्ट ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। इस परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी काफी अच्छा बनाया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 'बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप' के प्रथम तल पर भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है जो स्मारक का प्रमुख केंद्र बिंदु है। भगवान बुद्ध का अस्थि अवशेष 6 जगहों से प्राप्त हुआ जिसमें वैशाली के मड स्तूप से जो अस्थि अवशेष मिले वह सबसे प्रामाणिक है जिसका जिक्र चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है, जिसने दुनिया को पहला गणतंत्र दिया। यह नारी सशक्तीकरण की भी भूमि रही है। बौद्ध धर्मावलंबियों के संघ में पहली बार यहां महिलाओं को शामिल किया गया। यह स्तूप बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और वैश्विक बौद्ध विरासत का भव्य प्रतीक है।

# ज्यादा वोटरों के नाम कटे तो करेंगे हस्तक्षेप : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** बिहार में हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर आज फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अगर बड़े पैमाने पर वोटर्स के नाम कटे हैं तो हम हस्तक्षेप करेंगे। सुप्रीम कोर्ट 12 अगस्त से बिहार एसआइआर मामले की सुनवाई शुरू करेगा। एसआइआर को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ अपना घर छोड़कर कहीं और चले गए हैं, कुछ मर गए हैं। जस्टिस बागची ने कहा कि हम इस पूरे मामले को देख रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से काटा जा रहा है तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे। आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए जो कहें कि वे जीवित हैं और उनको मरा दिखाकर नाम काट दिया गया है। सोमवार को कोर्ट ने ने एसआइआर पर रोक से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर से कहा था कि अगर खामी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर देंगे। इसके साथ ही चुनाव आयोग से पूछा है कि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मतदाता पहचान के लिए स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि राशन कार्ड पर विचार नहीं किया जा सकता। यह बहुत बड़े पैमाने पर बना है, फर्जी होने की संभावना अधिक है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर बात फर्जीवाड़े की है तो धरती पर कोई ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं है जिसकी नकल नहीं हो सके। ऐसे में 11 दस्तावेजों के आपके सूचीबद्ध करने का क्या आधार है?

# मगध विश्वविद्यालय में भारतीयता व वैश्विकता का होगा संगम : एसपी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद की बैठक दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा देने वाले कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय लिए गए। यह बैठक केवल पाठ्यक्रमों में संशोधन का अवसर नहीं रही बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के समन्वय की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में उभरी। बैठक में तय किया गया कि विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में अब विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के स्थान पर भारतीय ज्ञान प्रणाली का चार क्रेडिट वाला वैकल्पिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जाएगा। यह बदलाव न केवल शिक्षा को अधिक रोजगारोन्मुखी बनाएगा बल्कि छात्रों को भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत



से भी जोड़ेगा। साथ ही, आठवें सेमेस्टर में अब विद्यार्थियों को 12 क्रेडिट वाले शोध कार्य के स्थान पर चार-चार क्रेडिट के तीन वैकल्पिक सिद्धांत पाठ्यक्रमों को चुनने का विकल्प मिलेगा। इससे उनकी विषयगत समझ गहरी होगी और अपनी रुचि के अनुरूप अध्ययन की स्वतंत्रता बढ़ेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 2019-21 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का नया प्रारूप चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत लागू होगा। इससे छात्रों को पाठ्यक्रमों के चयन में अधिक लचीलापन मिलेगा और उनकी अकादमिक यात्रा अधिक सशक्त और समृद्ध बन सकेगी। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक मानकों से तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से कंप्यूटर साइंस में पीएचडी डिग्री के नामकरण को लेकर भी व्यापक विमर्श हुआ ताकि शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अवसर मिल सकें। कुलपति एसपी शाही ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह बदलाव केवल शैक्षणिक ढांचे में सुधार नहीं है, बल्कि यह एक विचारशील आंदोलन की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार की तैयारी नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया जाना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास उस आदर्श समाज की ओर एक कदम है, जहाँ ज्ञान जीवनोपयोगी होने के साथ-साथ संस्कारयुक्त भी हो। उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय परंपरा में नवाचार और नवाचार में परंपरा का संतुलन स्थापित करते हुए अब केवल अनुकरण नहीं, बल्कि नवाचार का नेतृत्व करेगा। बैठक का समापन कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




C M Y K

# गोदाम निर्माण के लिए 1 अरब 80 करोड़ के व्यय की योजना मंजूर

## किसानों की आय वृद्धि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा स्थायित्व : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंत्रिमंडल की बैठक में सहकारिता विभाग के प्रस्ताव- वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो लाख उनचास हजार एक सौ मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता के सृजन हेतु दो सौ मीट्रिक टन, पांच सौ मीट्रिक टन एवं एक हजार मीट्रिक टन प्रति इकाई क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए समितियों को 50 प्रतिशत अनुदान तथा 50 प्रतिशत चक्रीय पूंजी के रूप में कुल रूपया एक अरब अस्सी करोड़ उन्नीस लाख सतहत्तर हजार छह सौ अठासी रुपये मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।



सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता विभाग के गोदाम निर्माण के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पैक्सों/व्यापार मंडलों में गोदाम निर्माण योजना सहकारिता विभाग की कृषि हितैषी नीतियों के अनुरूप है और इससे न केवल भण्डारण व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि किसानों की आय वृद्धि, बाजार सशक्तिकरण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी स्थायित्व मिलेगा। राज्य योजना द्वारा पैक्सों/व्यापार मंडलों को गोदाम निर्माण हेतु उपलब्ध करायी गयी चक्रीय पूंजी की वापसी योजना वर्ष के अगले वर्ष से 20 (बीस) अर्द्धवार्षिक समान किस्तों में 10 (दस) वर्षों में की जा सकेगी। उक्त राशि वापसी से बिहार राज्य सहकारी बैंक में एक चक्रीय कोष का सृजन कर संधारण किया जाएगा जिसका उपयोग पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के आधारभूत संरचनाओं के रख-रखाव/मरम्मति हेतु अलग से योजना तैयार कर इस प्रकार की चक्रीय पूंजी समितियों को उपलब्ध कराने हेतु किया जा सकेगा। पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को गोदाम निर्माण हेतु उपलब्ध करायी गई चक्रीय पूंजी का अभिलेख संबंधित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय में संधारित होगा जिसमें दी गई चक्रीय पूंजी का ब्यौरा, किस्त वापसी की राशि एवं तिथि के साथ-साथ समितियों द्वारा राशि वापसी का भी ब्यौरा होगा। पैक्सों एवं व्यापार मंडलों का चयन विभाग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया गया है जिसके अन्तर्गत कुल 278 गोदामों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। प्रस्तावित योजना अन्तर्गत चयनित पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा गोदाम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। पैक्स/व्यापार मंडल में कराये जाने वाले निर्माण कार्य का कार्यान्वयन पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा स्वयं किया जायेगा। इस क्रियान्वयन/ तकनीकी पर्यवेक्षण जिला पदाधिकारी के द्वारा प्राधिकृत अभियंता के द्वारा किया जायेगा। परियोजना का मॉडल नक्शा तथा प्राक्कलन बिहार राज्य भंडार निगम से तैयार कराते हुए भवन निर्माण विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त की गई है जो लाभान्वित समितियों तथा संबंधित जिला के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया जायेगा परन्तु स्थानीय मानकों के आलोक में संबंधित जिला पदाधिकारी के द्वारा अधिकृत अभियंता के स्तर पर प्रति इकाई लागत की अधिसीमा अन्तर्गत संरचनात्मक डिजाइन तथा प्राक्कलन जिला पदाधिकारी के अनुमोदन से संशोधन किया जा सकेगा।

# पीपीयू के कुलपति शिक्षा मंत्री से मिले



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह मंगलवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से कार्यलय में मिले। कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय की एकेडमिक गतिविधियों से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। बताया कि विवि का एकेडमिक कैलेंडर पटरी पर है। यूजी और पीजी में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही शिक्षा मंत्री को नए निर्माणधीन कैंपस की भी जानकारी दी। शिक्षामंत्री ने भी विश्वविद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही विश्वविद्यालय में शोध के दिशा में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिये।

# 10 वां आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह संपन्न

## ममता मेहरोत्रा की पुस्तक भारत एक खोज का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से सामयिक परिवेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय साहित्य संगीत एवं नाट्य समागम 10 वां आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह कविगोष्ठी एवं नाटक अवलोकन के मंचन के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर ममता मेहरोत्रा सम्पादित पुस्तक भारत एक खोज का विमोचन हुआ। ममता मेहरोत्रा की इस कहानी अवलोकन का नाट्य रूपांतरण मणिकांत चौधरी किया। रंग गुरूकुल के कलाकारों ने राजवीर गुंजन ने निर्देशन में इसे मंचित किया। प्रथम सत्र में लिट्रा पब्लिक स्कूल, पाटलीपुत्रा के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में काव्य पाठ का




आयोजन हुआ। संध्या सत्र में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंस कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए और नाटक अवलोकन का मंचन हुआ। मंच पर रंगोली पांडे, मणिकांत चौधरी, रेणु जी, विष्णु देव कुमार, राहुल पाठक, सौरभ सिंह, अनामिका, गौतम निराला एवं मनोज मयंक ने अभिनय किया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन ममता मेहरोत्रा, भगवती प्रसाद द्विवेदी, प्रेम किरण, ईश्वर चंद्र जायसवाल उत्तर प्रदेश, डॉ.कुमार विरल, डॉ. देव द्रव अकेला रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कवयित्री सविता राज ने किया। उद्घाटन के बाद कवि सम्मेलन का आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मीना कुमारी परिहार के गणेश वंदना से किया गया।

# ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य कर्षण, रेलवे बोर्ड ने महाप्रबंधक के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य कर्षण एवं रोलिंग स्टाक, रेलवे बोर्ड एक दिवसीय दौरे पर पूर्व मध्य रेल पहुंचे। उन्होंने मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक मुख्यतः पूर्व मध्य रेल में चल रही वर्क्सशॉप से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत रोलिंग स्टाक के अनुरक्षण के लिए क्रय किये जाने वाले सामानों पर केन्द्रित थी। ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य कर्षण एवं रोलिंग स्टाक, रेलवे बोर्ड ने समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पाटलीपुत्र कोचिंग काम्पलेक्स का नवनिर्माण, जीवधारा स्टेशन स्थित रेक/कोच अनुरक्षण सुविधा के विकास इत्यादि कार्यो एवं विभिन्न परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्य कारखाना इंजीनियर ओंकार सिंह के द्वारा चल रहे विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत रोलिग स्टाक के अनुरक्षण के लिए की जाने वाली खरीद सामग्रियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# एक छत के नीचे मिलेगा गरीबों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इलाज : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने पटना जिलान्तर्गत बिक्रम में रु. 9.64 करोड़ की लागत से ट्रॉमा सेंटर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। राज्य के आमजन को सुलभ, सशक्त और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार सरकार निरंतर व्यापक प्रयास कर रही है। पटना जिले के बिक्रम क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की जा रही है जिससे स्थानीय जनता को समय पर और प्रभावी आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। श्री पांडेय



ने कहा कि यह ट्रॉमा सेंटर आईपीएचएस मानकों के अनुरूप 9695 वर्गफीट क्षेत्रफल (जी प्लस 2) भवन में निर्मित किया जाएगा। इसकी संरचना नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुसार फायर फाइटिंग व फायर अलार्म सिस्टम सहित तैयार की जा रही है। इस अत्याधुनिक भवन में 15 शैय्या का जनरल वार्ड, 10 शैय्या का आई.सी.यू. वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, मेडिकल गैस पाइपलाइन प्रणाली के साथ अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ट्रॉमा सेंटर के निर्माण से न केवल आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को त्वरित इलाज मिल सकेगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी व्यापक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इसके अतिरिक्त वर्तमान में पटना जिले के विक्रम विधानसभा क्षेत्र में 2.80 करोड़ की लागत से कई योजनाएं पूर्ण की गई हैं जिसमें 1.30 करोड़ की लागत से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अजवां, 75 लाख की लागत से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, गोनवां और 75 लाख की लागत से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर केन्द्र, लई बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही 7.69 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिक्रम और 27.87 लाख की लागत से हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, पतुत बनाने का कार्य प्रगति पर है जिसे ससमय पूरा किया जाएगा।

# वोटबंदी और एसआईआर की आड़ में वंचितों की अंगुली काटने की साजिश : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाभारत के आदि पर्व में एक कथा का वर्णन मिलता है- द्रोणाचार्य और निषादपुत्र एकलव्य की कथा जहां स्वयं अभ्यास से कुशल धनुर्धर बने एकलव्य का अंगूठा गुरु दक्षिणा की आड़ में मांग लिया जाता है। आज भाजपा और जदयू गठबंधन के निशाने पर बिहार के दलित-पिछड़ा समाज से आने वाले तमाम एकलव्य हैं, एसआईआर की आड़ में जिनकी अंगुली काटकर भाजपा-जदयू सत्ता पर कब्जा जमाना चाहते हैं। यह



वोटबंदी रुपी एसआईआर न केवल बिहार के अस्तित्व पर सवालिया निशान है बल्कि दलितों-पिछड़ों के अधिकारों की छीनने की भयावह साजिश है। मगर इनके मंसूबों को महागठबंधन कामयाब नहीं होने देगा। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग के मुताबिक 52 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की बात सामने आ रही है जबकि अभी साल भर पहले इन्हीं लोगों ने लोकसभा के सांसद चुनकर भेजे हैं और अगर ये फर्जी हैं तो फिर भाजपा-जदयू के सांसद भी फर्जी हैं, उन सांसदों से बनी एनडीए की केंद्र सरकार भी फर्जी है। ऐसे में एनडीए के सांसदों से इस्तीफा दिलवाकर विधानसभा के साथ उपचुनाव करवाए जाएं, लेकिन भाजपा सरकार ऐसा करेगी नहीं। फिर आखिर पूरे देश में बिहारियों से ही नागरिकता साबित करने के लिए क्यों कहा जा रहा है? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों को सबसे पहले अपने गृह राज्य से इसकी शुरुआत करनी चाहिए। मगर, बिहार और बिहारियों का अपमान भाजपा की फितरत बन चुकी है। जदयू इसमें बराबर की भागीदार है और चुनाव आयोग को हथियार बनाया गया है। एसआईआर के जरिए सरकार और चुनाव आयोग दोनों मिलीभगत करके बिहार के वोटों की चोरी तो कर ही रहे हैं, बल्कि इसकी आड़ में बिहार के दलितों-पिछड़ों के अधिकार छीनने की बड़ी साजिश की तैयारी हो रही है। आजादी के बाद से ही आवास से लेकर राशन और शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य की कई जन-कल्याणकारी योजनाएं समय-समय पर सरकारों द्वारा चलाई गई है। इन योजनाओं का लाभ भारत के नागरिकों को मिलता है, लेकिन एसआईआर के जरिए जब बिहार के दलित-पिछड़ों का नाम वोटर लिस्ट से ही काटा जा रहा है तो उनको इन योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा? वोटर लिस्ट से नाम कटने के बाद न उनको पीएम आवास का लाभ मिलेगा और न ही फ्री राशन जैसी योजनाओं का।

# आसनसोल और गोरखपुर के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला में श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु झाझा-पटना-पाटलिपुत्र-छपरा के रास्ते आसनसोल और गोरखपुर के मध्य गाड़ी सं. 03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल आसनसोल से 10 अगस्त, 2025 तक प्रतिदिन तथा गोरखपुर से 11 अगस्त, 2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल प्रतिदिन आसनसोल से 21.00 बजे प्रस्थान कर 21.28 बजे चित्तरंजन, 22.23 बजे मधुपुर, 23.00 बजे जसीडीह, अगले दिन 00.25 बजे झाझा, 00.48 बजे जमुई, 01.11 बजे किऊल, 01.18 बजे लखीसराय, 01.28 बजे मनकट्ठा, 01.36 बजे डुमरी हाल्ट, 01.44 बजे बड़हिया, 01.58 बजे हाथीदह, 02.10 बजे मोकामा, 02.33 बजे बाढ़, 02.45 बजे अथमलगोला, 03.00 बजे बख्तियारपुर, 03.17 बजे खुसरुपुर, 03.29 बजे फतुहा, 03.43 बजे पटना साहिब, 03.55 बजे राजेन्द्रनगर, 04.10 बजे पटना, 04.40 बजे पाटलिपुत्र, 05.20 बजे परमानंदपुर, 05.37 बजे दिघवारा, 05.49 बजे बड़ा गोपाल, 06.55 बजे छपरा, 08.00 सीवान बजे तथा 09.10 बजे देवरिया सदर रुकते हुए 10.45 बजे गोरखपुर पहुंचती है।

# एक सितंबर से मुजफ्फरपुर -समस्तीपुर जंक्शन रेलखंड सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने पूर्व मध्य रेल के मुजफ्फरपुर जंक्शन-समस्तीपुर जंक्शन रेलखंड को सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है जो 01 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा। इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके फलस्वरूप मुजफ्फरपुर, नारायणपुर अनंत, सिलौत, सिहो, ढोली, दुबहा, विष्णुपुर बथुआ हाल्ट, खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरी ग्राम स्टेशन सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित हो जाएंगे। मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलखंड पर सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों के बीच नई क्षेत्राधिकार सीमा मुजफ्फरपुर-रामदयालु नगर स्टेशनों के बीच किलोमीटर 50.000 पर होगी। सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों के बीच मुजफ्फरपुर-कपरपुरा स्टेशनों पर किलोमीटर 92.800 पर, मुजफ्फरपुर-जुब्बा सहनी स्टेशनों पर किलोमीटर 0.744 पर और समस्तीपुर-कर्पूरी ग्राम स्टेशनों पर किलोमीटर 36.820 पर मौजूदा क्षेत्राधिकार सीमाएं समाप्त समझी जाएंगी क्योंकि ये

# रोटरी क्लब ऑफ अद्विता ने किया 'वुमन एंड चाइल्ड केयर' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ अद्विता द्वारा आज कंकड़बाग, पीसी कॉलोनी में 'वुमन एंड चाइल्ड केयर' विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मातृत्व के दौरान स्वयं की देखभाल तथा बच्चों के संपूर्ण विकास के विषय में जागरूक करना था। इस अवसर पर डॉ निमिषा अग्रवाल ने विशेष वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने गर्भधारण के बाद महिलाओं को किस प्रकार से अपनी शारीरिक, मानसिक एवं पोषण संबंधी जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए, इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नवजात शिशुओं की



समुचित देखभाल, स्तनपान के लाभ, टीकाकरण एवं माता-पिता की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं व माता-पिता उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत समस्याओं और चिंताओं को संवाद के माध्यम से रखा जिनका विशेषज्ञों ने समाधान भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ अद्विता की अध्यक्ष बबिता बिदासरिया के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की नींव होती है। इस प्रकार के संवाद और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए हम महिलाओं को सशक्त और जागरूक बना सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी पुस्तिका भी वितरित की गई। साथ ही क्लब ने भविष्य में भी नियमित रूप से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में काफी अधिक संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। एम पी जैन ने बताया कि इस मौके पर प्रेसिडेंट बबीता बिदसारिया सेक्रेटरी नीतू बीड़ला,

# टीसीआई ने पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में मजबूत वृद्धि की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की अग्रणी एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। टीसीआई ने 11,506 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 10,560 मिलियन की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय 1,520 मिलियन रही जो एफवाई 2024 के 1,358 मिलियन की तुलना में 11.9 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का शुद्ध लाभ 1,072 मिलियन रहा जो पिछले वर्ष के 916 मिलियन की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि है। टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के परिणामों पर कहा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में हमने सशक्त प्रगति दर्ज की है जो हमारे मल्टीमॉडल, वेयरहाउसिंग, थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) और कोल्ड चेन सेवाओं में निरंतर वृद्धि से फलीभूत हुई है। मिश्रित क्षेत्रीय एवं बदलते वृहद आर्थिक परिदृश्य के बावजूद हमारी एकीकृत सेवाएं और ग्राहक-केंद्रित

# इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा अंग दान पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा अंग दान जैसे महान कार्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पटना के प्रतिष्ठित ए. एन. कॉलेज में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन के सहयोग से किया गया।



इस संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को अंग दान के महत्व के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे भविष्य में इस पुण्य कार्य के प्रवर्तक बन सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अंग दान की प्रक्रिया, इससे जुड़ी भ्रांतियों, कानूनी प्रावधानों तथा इसकी सामाजिक व मानवीय आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि एक अंगदाता आठ लोगों को नया जीवन दे सकता है और यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा में से एक है। इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की अध्यक्ष शीतु गांधी ने कहा हमारे समाज में अंग दान को लेकर अभी भी जागरूकता की भारी कमी है। युवाओं को प्रेरित कर हम आने वाले समय में इस दिशा में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आईजीआईएमएस के डॉ मनीष मंडल ने सरकारी प्रक्रिया, अंग दान का पंजीकरण एवं ब्रेन डेड डोनर की भूमिका को समझाया। कई प्रतिभागियों ने मौके पर ही अंग दान संकल्प पत्र भरकर इस अभियान को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष पी पी कश्यप एवं अन्य ने किया। कार्यक्रम का समापन रेखा सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र और ए. एन. कॉलेज प्रशासन ने इस संयुक्त पहल को एक सफल शुरुआत बताया और भविष्य में निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

# नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत खेती को मिलेगा पर्यावरण संरक्षण का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नमामि गंगे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेभीवाई) के तृतीय वर्ष (वित्तीय वर्ष 2025-26) के लिए कुल तेइस करोड़ छप्पन लाख बीस हजार रूपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। इसमें 1413.72 लाख रूपये केंद्रांश और 942.48 लाख रूपये राज्यांश शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना का कार्यान्वयन 12 जिलों यथा बेगूसराय, पटना, समस्तीपुर, बक्सर, सारण, कटिहार, भोजपुर, भागलपुर, खगड़िया, मुंगेर, वैशाली और लखीसराय की गंगा किनारे स्थित पंचायतों में किया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में स्वीकृत 700 समूहों के अंतर्गत 14,000 हेक्टेयर भूमि पर कार्य प्रारंभ किया गया था। वर्ष 2025-26 में उन्हीं किसानों के माध्यम से योजना का तृतीय चरण क्रियान्वित होगा जिन्होंने पहले व दूसरे वर्ष कार्य किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति हेक्टेयर 16,500 रूपये की दर से जैविक उपादान और अन्य घटकों पर व्यय किया जाएगा जो किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान किया जाएगा। सेवा प्रदाता को 2,500 रूपये प्रति हेक्टेयर की राशि जिला कृषि पदाधिकारी की अनुशंसा एवं संयुक्त निदेशक (रसायन), कम्पोस्ट एवं बायोगैस, पटना की सहमति के उपरांत दी जाएगी।

## विश्वकर्मा समाज के अधिकारों की आवाज बुलंद करेगी महारैली

# गांधी मैदान में आज जुटेगा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के बैनर तले 30 जुलाई को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाली 'विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार महारैली' को लेकर समाज में व्यापक उत्साह है। इस आयोजन में देशभर से विश्वकर्मा समाज के लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह रैली समाज की लंबे समय से उपेक्षित राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक सम्मान और नीति-निर्माण में प्रभावी उपस्थिति की मांग को लेकर आयोजित की जा रही है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बीतने के बाद भी विश्वकर्मा



समाज को वह सम्मान, अवसर और पहचान नहीं मिल पाई है जिसके वह हकदार हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब समाज को अपनी राजनीतिक शक्ति का अहसास कराना होगा। ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रैली में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं। साथ ही मुकुल आनंद ने कहा कि यह रैली समाज के राजनीतिक अधिकारों के लिए एक निर्णायक जंग का ऐलान है। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू ने भी प्रेस कांफ्रेंस में समाज के लोगों से अपील की कि वे 30 जुलाई को गांधी मैदान पहुंच कर इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाएं।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# संस्थागत प्रसव में वृद्धि नहीं हुई तो सीएस के वेतन पर रोक लगा दी जायेगी : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के स्वास्थ्य संस्थानों के उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक आदि ने भाग लिया। बैठक में पावर प्वांइट के माध्यम से सभी सूचकांकों को प्रदर्शित किया गया। जिले में एनक्यूएएस से संबंधित संस्थान को प्रमाणीकरण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दावथ, काराकाट तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहतास के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर रसूलपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक को धन्यवाद दिया गया तथा अन्य संस्थानों जिसमें नोखा, तिलौथू एवं सदर अस्पताल सासाराम को भी एनक्यूएएस प्रमाणीकरण करने के लिए निर्देश दिये गये। भव्या कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में जिले के प्रथम स्थान पर रहने के कारण उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को बधाई दिया गया। जिले में अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य से निर्धारित न्यूनतम लक्ष्य कुल ओपीडी का 10 प्रतिशत वाह्य विभाग एवं 10 प्रतिशत का 20 प्रतिशत मरीजों को मुफ्त चश्मा दिया जाना है। संस्थागत प्रसव में जिले की रैंकिंग में गिरावट के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा काफी क्षोभ व्यक्त किया गया तथा सिविल सर्जन को कड़ा निर्देश देते हुए कहा गया यदि अगले महीने संस्थागत प्रसव में तीन गुणा की वृद्धि नहीं हुई तो सिविल सर्जन वेतनादि के भुगतान पर रोक लगा दी जायेगी। संस्थागत प्रसव में काराकाट, करगहर, नासरीगंज, नोखा एवं अनुमण्डल अस्पताल डिहरी के साथ-साथ सभी प्रखण्डों को निर्देशित किया गया कि एक ठोस कार्य योजना बनाते हुए संस्थागत प्रसव में वृद्धि कराना सुनिश्चित करेंगे। अगर इसमें अगले महीने तक वृद्धि नहीं देखी गई तो संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक पर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक के उपर जवाबदेही तय की जायेगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 832 आशा कार्यकर्ता का चयन किया जाना है जिसमें उप विकास आयुक्त के द्वारा कहा गया कि जिला से ही आमसभा की तिथि निर्धारित करते हुए आशा के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाय। 15 दिनों के अंदर आशा चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक सभी मरीजों का स्क्रीनिंग करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इसका साप्ताहिक समीक्षा करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति करने का निदेश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला योजना समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## नागपंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

### 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने नाग देवता पर दूध-लावा किया अर्पित





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के दरिहट पंचायत के अर्जुनबिगहा गांव में स्थित नाग बाबा के मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर मंगलवार को दूध व लावा चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रिमझिम बारिश के फुहार में भी पूरा दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालु दूध व लावा अर्पण करने के लिए लम्बी कतार लगी रही। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जहां कई गायक व गायिकाओं ने गीत संगीत की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय गायक मुरली सिंह ने मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदरथ अजहर बिहारी गाकर कार्यक्रम का शुरुआत किया, तो मनीष यादव बाबा के मस्ती में झुमे के बा गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गायिका पूजा श्रीं ने देवों के देव महादेव गीत गाकर श्रोताओं को झुमने पर मजबूर कर दी। वहीं कार्यक्रम का दौर पूरा शाम तक चलता रहा। वहीं इस बार मेला में झूला, चरखा, नाव, ब्रेक डांस, मिक्की माउस आदि मनोरंजन के उपकरण लगने से मेला की खूबसूरती बढ़ गई। वहीं पूजा कमेटी अध्यक्ष उदय कुमार सिंह व उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह ने बताया कि इस बार पिछले साल से श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक है। कमिटी सदस्यों के अजीत कुमार सिंह ने बताया कि 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ थी। वहीं कार्यक्रम का संचालन उदय कुमार सिंह व शिव कुमार सिंह ने अपने जोश भरे अंदाज में किया। बताते चलें कि इस मंदिर को रोहतास जिला ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में लोग जानने लगे हैं। डिहरी प्रखंड क्षेत्र के दरिहट पंचायत के अर्जुनबिगहा गांव में स्थित वर्षों पुरानी नाग बाबा का मंदिर प्रसिद्ध है जहां लोगों की हर मन्नतें पूरी होती है। इस मंदिर को लोग चमत्कारी मंदिर होने का दावा करते हैं। लोगों का कहना है कैसा भी जहरीला जीव जंतु या विशालकाय सर्प काट दे उसे यहां के पुजारी मात्र पानी पिलाकर ठीक कर देते हैं। हालांकि इस बात को 'नवबिहार टाइम्स' नहीं मानती है, लेकिन लोग दावे के साथ इस बात को मानते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव, अभिषेक सांकृत, डाक्टर पूजा सिंह, पूर्व मुखिया हरिशंकर प्रसाद सिंह, उपप्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, डाक्टर अनिल कुमार, थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी, एएसआई उज्ज्वल कुमार, नवलेश कुमार, बनारसी कुमारी सहित काफी संख्या में पुलिस बल व कमिटी सदस्य तैनात थे।

## दो पक्षों में मारपीट, दोनों ने करायी प्राथमिकी, एक पक्ष से तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** बाबूगंज गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी हुई और कहा सुनी होते-होते दोनों पक्षों से लाठी, डंडा, ईंट पत्थर चलना शुरु हो गया। कुछ देर के लिए बाबूगंज गांव रणभूमी में तब्दील हो गया। पुरुष लाठी चला रहे थे। महिला छत व गली से ईंट पत्थर चला कर एक-दूसरे पर हमला कर रही थी। लाठी डंडे व ईंट की चपेट में आने से दोनों पक्ष से लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर बल प्रयोग करते हुए खदेड़ा और सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा जहां कुछ लोग की स्थिति गंभीर देख अच्छी उपचार के लिए सासाराम सदर हॉस्पिटल भेजा दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष दिलीप राम ने बताया कि रविवार देर शाम लगभग नौ बजे के करीब सीघासन चन्द्रवंशी के पुत्र संदीप कुमार चन्द्रवंशी व गोपाल चन्द्रवंशी के पुत्र राजीव में पुरानी रंजिश को लेकर कहा सुनी हुई और दोनों में मारपीट होने लगा। दोनों में मारपीट होते देख दोनों के परिजन पहुंचे और एक दूसरे पर लाठी डंडा से वार करने लगे और महिला दोनों तरफ से ईंट पत्थर चलाने लगी।

## चुनाव नजदीक आते ही जदयू जुटा अल्पसंख्यक वोटरों को साधने में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने वोट बैंक को मजबूत करने में जुट गई हैं। इसी कड़ी में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने के उद्देश्य से सासाराम में एक विशेष अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लोगों को बड़ी संख्या में आमंत्रित किया गया जहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने समुदाय के बीच सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम में पटना से पहुंचे जदयू के वरिष्ठ नेता



शौकत अली, रोहतास जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, महिला नेत्री रजिया कामिल और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज अख्तर अली मुख्य रूप से मौजूद रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा बिना भेदभाव के सभी जाति और धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में नीतीश सरकार की नीतियां समावेशी रही हैं। कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय से पार्टी से जुड़ने की अपील करते हुए कहा गया कि आने वाले चुनाव में नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। संवाद कार्यक्रम में जिले के कई अल्पसंख्यक नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग की भागीदारी रही। इस मौके पर उपस्थित मोहम्मद असलम अंसारी, रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डॉक्टर एस जमशेद अहमद, भारतीय जनता पार्टी रोहतास जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा परवेज अली गद्दी, रोहतास जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष कमरुद्दीन फारुकी, बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड असलम अंसारी, अकोढ़ी गोला प्रखंड अध्यक्ष फरोक साहिल रोहतास प्रखंड अध्यक्ष काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लोजपा रा नेता सोनू सिंह के नेतृत्व में कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए आज होगा रवाना





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** चल कांवरिया बाबा धाम के लिए लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह तथा पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह के नेतृत्व में 30 जुलाई को बोल बम के नारे के साथ कांवरियों का जत्था रवाना होगा। सोनू सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी श्रवण के पावन अवसर पर अकोढ़ीगोला के नावाडीह फर्म हाउस से हजारों कांवरिया का शोभा यात्रा अकोढ़ी गोला बाजार, डालमियानगर, डिहरी स्टेशन रोड, डिहरी झारखंडी मंदिर, हनुमान मंदिर होते हुए इं. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब के पास पहुंचेंगे और वहां से सैकड़ों वाहन तथा हजारों कांवरिया सुल्तानगंज के लिए रवाना होंगे। कांवरियों की सेवा हेतु सुल्तानगंज से देवघर तक विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कांवरियों को वस्त्र तथा रास्ते में भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि रास्ते में कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। भजन गाने वाले कलाकारों में गायक विकाश पांडेय, गायक सोनू राय (भोजपुरी के मोहम्मद रफी) गायिका प्रियंका सिंह भास्कर, गायक सुधीर कुमार छोटू, गायिका पूजा पांडेय, गायक विकाश सिंह, गायिका सीमा गुप्ता और भोजपुरी सनातनी एंकर आकाश बाबा के द्वारा बाबा भोलेनाथ के भजनों से कांवरियों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

## 125 यूनिट फ्री बिजली को लेकर जागरुकता कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के प्रखंड कार्यालय मोहनियां परिसर में बिजली विभाग की तरफ से आम जनों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से मोहनियां प्रखंड वासियों को बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा मिलने वाला 125 यूनिट बिजली फ्री कब से लागू होगा और उसका किस तरह से जनता को फायदा मिलेगा। जनता को यह भी बताया गया कि सरकार एक जुलाई से खपत होने वाला बिजली बिल जिसका विपत्र अगस्त महीने में बनेगा उस पर यह लागू होगा। अगर किसी का 150 यूनिट बिजली बिल आ रहा है तो उसको 125 यूनिट बिजली का बिल नहीं देना होगा, सिर्फ 25 यूनिट ही बिजली बिल उसको देय होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनियां संजय कुमार दास ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार 125 यूनिट बिजली सभी बिहारवासी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क रखा गया है जिसके जागरूकता को लेकर प्रखंड कार्यालय मोहनियां में कैंप लगाया गया है। इस कैंप में बिजली विभाग के पदाधिकारी मौजूद हैं जो लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि 125 यूनिट बिजली फ्री कब से इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। आम जनों के लिए मैं बता दूं कि एक जुलाई 2025 से ही यह लागू होगा जो भी जुलाई महीने का बिल अगस्त महीने में बनेगा उस पर 125 यूनिट बिजली फ्री है। अगर किसी उपभोक्ता का 150 यूनिट बिजली खपत होता है तो उसमें 125 यूनिट बिजली का कोई शुल्क नहीं लगेगा और उनको सिर्फ 25 यूनिट बिजली का शुल्क देना होगा।

## जमीनी विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े, दो राउंड गोली चली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** मुड़ियार के बाधार में विवादित खेत के जोताई करने के दौरान दो पक्ष आपस में भीड़ पड़े और दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी। कहा सुनी के दौरान एक पक्ष के तरफ से हथियार से लैश होकर कुछ लोग स्कार्पियो से पहुंचे और उन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए राइफल से फायर करना शुरू कर दिया। फायर होते देख विपक्षी खेते खेते भागने लगे। भागने के दौरान एक व्यक्ति कीचड़ में फंस कर गिर पड़ा और विरोधियों ने उसे पकड़ कर बुरी तरह लाठी डंडा व राइफल की बट से जख्मी कर घटनास्थल से भाग निकले। विपक्षी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल से खोखा बरामद करते हुए जख्मी को इलाज के सीएचसी भेजा। प्रभारी थानाध्यक्ष दिलीप राम ने बताया कि तेतराढ़ निवासी वीरेन्द्र कुमार अपने भतीजा के साथ मुड़ियार बाधार में खेत की जोताई करवा रहे थे। उसी दौरान जोरावरपुर निवासी रवीन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार अंकित कुमार व रोहित कुमार अपने दो-तीन साथ के साथ हथियार से लैस होकर स्कार्पियो से घटनास्थल पर पहुंच कर गाली गलौज करते हुए फायर करना शुरू कर दिए।

## बाइक चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के झारखंडी मंदिर के पास से सोमवार देर शाम अज्ञात अपराधियों ने बाइक चोरी कर लिया। पुलिस के अनुसार बस्तीपुर के पंचवटी नगर निवासी सोमवार देर शाम झारखंडी मंदिर के पास बाइक बी आर 24 सी 0713 खड़ी कर मंदिर दर्शन को गए थे जब लौट कर आये तो बाइक गायब था।

## अधेड़ लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर मुहल्ले से सुलेमान अंसारी अपने घर से गत 26 जुलाई से लापता है। पुलिस के अनुसार सुलेमान अंसारी ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उसके पिता मानसिक तौर पर विक्षिप्त थे।

## आरपीएफ ने नाबालिक लड़की एवं लड़का को रेस्क्यू कर चाइल्ड लाइन को किया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सउनि-मनोज कुमार चौधरी साथ स्टाफ डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर गश्त कर रहे थे उसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या 02/03 के पश्चिम स्थित पानी टंकी के पास एक लड़का एवं एक लड़की घबराया हुआ इधर-उधर घूमते हुए दिखाई दिया जिससे पूछने पर दोनों ने बताया कि हम दोनों घर से भाग कर आ रहे हैं इसलिए हमें घबराहट हो रहा है। उक्त दोनों बच्चे नाबालिक होने के कारण दोनों बच्चों की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर देते हुए दोनों को साथ लेकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन में लाकर महिला आरक्षी प्रीति कुमारी की देखरेख में सुरक्षित रखा गया। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के केस वर्कर ज्योति कुमारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर उपस्थित होकर दोनों नाबालिक लड़का एवं लड़की से पूछताछ व काउंसलिंग किया तो दोनों ने बताया कि दोनों अपने-अपने घर से भागकर दिल्ली जा रहे थे। बाद में नाबालिक बच्चों एवं बच्चियों से संबंधित जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सुपुर्दगीनामा तैयार कर नाबालिक लड़की सोनी कुमारी एवं नाबालिक लड़का सन्नी उर्फ सोनू कुमार दोनों के बेहतर भविष्य हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के केस वर्कर ज्योति कुमारी को सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

## रोहतास महिला कॉलेज में एआई वर्कशॉप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास महिला कॉलेज, सासाराम में अदीरा की ओर से एआई वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारत को एआई रेडी बनाना तथा डिजिटल प्रगति को बढ़ावा देना था। मुख्य वक्ता डॉ. मनीष जयसवाल, आइटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर के विभागाध्यक्ष और प्रसिद्ध मीडिया ट्रेनर ने एआई टूल्स और उनके व्यावहारिक उपयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला।
कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों और छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया जिससे उत्साह का माहौल बना रहा। यह वर्कशॉप एआई ऑपर्च्युनिटी फंड - एशिया-प्रशांत, एवीपीएन के सहयोग से आयोजित की गई जिसमें गूगल ऑर्ग और एशियन डेवलपमेंट बैंक का भी समर्थन प्राप्त हुआ। आयोजन में डिजिटल शिक्षा और नवाचार पर जोर दिया गया जिसे भविष्य की जरूरत बताया गया। प्रतिभागियों ने सवाल पूछकर विशेषज्ञ से मार्गदर्शन प्राप्त किया। आयोजन की सफलता को देखते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई।

## चेनारी नगर पंचायत क्षेत्र में जलजमाव से लोगों को भारी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में जलजमाव की गंभीर समस्या बनी हुई है जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर मल्हीपुर रोड पर घुटने तक भरे पानी से होकर राहगीरों व कांवरियों को गुजरना पड़ रहा है। सावन माह में बाबा गुप्तेश्वर नाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को मल्हीपुर रोड पर जलजमाव के कारण भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ व गंदे पानी से भरे रास्ते से गुजरते समय कई कांवरियों व राहगीरों का दुपहिया वाहन गंदे पानी में गिर जा रहा है। गड्ढे होने



के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार नगर पंचायत से जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अविलंब जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। ताकि बाबा धाम जाने वाले भक्तों को कोई परेशानी न हो और क्षेत्र के लोग भी राहत महसूस करें।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला प्रोग्राम शाखा)**
E-mail- dpoicdsaurangabad@gmail.com Mobile No :- 9431005027

**आम सूचना**

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना से प्राप्त निदेश एवं विज्ञापन संख्या–01/2025 से पालनाघर औरंगाबाद अंतर्गत एकल पदों पर नियोजन हेतु इमेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन में से पदवार एकल पदों हेतु योग्य/अयोग्य अभ्यर्थी की सूची तैयार कर प्रकाशित की जा रही है। जिससे संबंधित शर्ते इस प्रकार निम्न है :–

- प्रकाशित योग्य/अयोग्य सूची से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक–31.07.2025 तक लिखित रूप मे जिला प्रोग्राम कार्यालय, समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में जमा करेंगे।
- आपत्ति किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- आपत्ति निराकरण से संबंधित सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी।
- चयन संबंधित सभी सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी।

पालनाघर के रिक्त पदो पर नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करने हेतु समय तालिका निम्नवत निर्धारित की गई है –

| दावा आपत्ति की तिथि | दावा आपत्ति निराकरण की तिथि | काउंसलिंग तिथि | साक्षात्कार की तिथि | परिणाम का प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|
| प्रकाशन तिथि से 31.07.2025 तक | 01.08.2025 से 04.08.2025तक | 05.08.2025 | 08.08.2025 एवं 09.08.2025 तक | 11.08.2025 |

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR- 009990 (SWD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/47, दिनांक: 28.07.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:
**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 12255399,** बीसीएम एवं एफआरएम के एक्सल क्लच के लिए पिनियन शाफ्ट, रु.1,17,240/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.08.2025, **समय :** 13.30 बजे **(2) 15255006,** 4के एवं आईआर लैपेरोस्कॉपी सेट के साथ 3 डी, रु. 2,01,700/- **(3) 20252156,** नॉन एस्बेस्स आधारित 'के' टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक, रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.08.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 2 से 3 हेतु] **(4) 07251150,** मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड का क्रय, क्लास–एम2, कोटिंग की किस्मः स्पेसिफिकेशन आईआरएसःएम–28/2020 के अनुसार हेवी, आईएसः5206/2013 एवं एसटीआर :आरडीएसओ एमसी एसटीआर डब्ल्यू 01 रिव–03 के अनुसार कोड ई19.9एलआर 26, साइजः 4 मिमी X 350 मिमी, रु. 1,08,880/- **(5) 08251017,** केबल सिंगल कोर–3 वर्ग मिमी, 750 वोल्ट, रु. 2,93,690/- **(6) 08251052,** 30 लीटर के वाटर बॉयलर का क्रय आदि, रु. 1,55,370/- **(7) 10251005,** सस्पेंशन स्प्रिंग (प्राइमरी), रु.1,50,010/- **(8) 15245098,** डीजल जेनरेटर सेट 400 केवीए, रु. 1,30,000/- **(9) 16251106,** ओएचई कम्प्लीट के लिए डिस्चार्ज/अर्थिंग रॉड असेंबली, रु. 1,57,290/- **(10) 20251036,** एससीएचएकेसी के लिए ड्रॉ एवं बफ गियर, रु.5,39,760/- **(11) 22251070,** टैब/कैप एम्पाग्लिफ्लोजिन 25 मिग्रा, रु. 2,29,840/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.08.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 4 से 11 हेतु] **(12) 10252563,** डब्ल्यूएपी 5 लोको के लिए डैंपर का सेट, रु.1,61,210/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.08.2025, **समय :** 13.30 बजे **(13) 06251285ए,** आरडीएसओ के स्पेसि. के अनुसार (2 टियर/3 टियर) एसी कोचों के लिए अग्नि रोधी कर्टेन फैब्रिक का क्रय आदि, रु. 2,17,430/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.08.2025, **समय :** 13.30 बजे **(14) 11252609,** मेसर्स सैनरॉक प्रस्तुतकारक के तहत एएआर–एच टाइप सीबीसी के लिए स्पेयर पार्ट्स के सेट का क्रय आदि, रु. 2,47,570/- **(15) 15255030,** रेल कम रोड शंटिंग वेहिकल आदि की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना, रु.7,70,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 25.08.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 14 से 15 हेतु] **(16) 08251019,** केबल 19 कोर 3 वर्ग मिमी, 750 वोल्ट, रु. 2,18,010/- **(17) 08251103,** रबर पैड के साथ एक्सल पुली असेंबली, रु. 2,42,160/- **(18) 10252141,** पी7/जी9 लोको के लिए इलास्टिक रिंग, रु. 1,87,530/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 26.08.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 16 से 18 हेतु] **(19) 10252283,** पी7/जी9 के लिए सेकंडरी स्प्रिंग का क्रय आदि, रु. 3,22,060/-**(20) 11251030,** एक्सल बॉक्स के लिए रियर कवर का क्रय आदि, रु. 2,48,750/-. **(21) 11252614,** मेसर्स एस्कॉर्ट्स प्रस्तुतकारक के सपोर्टिंग बॉक्स, ड्रॉफ्ट गियर एवं मैनुअल अनकपलिंग डिवाइस के लिए स्पेयर पार्ट्स के सेट का क्रय आदि, रु. 10,21,690/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.08.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 19 से 21 हेतु] **(22) 10251019,** पिनियन 23 टीथ, रु. 1,81,010/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.08.2025, **समय :** 13.30 बजे **(23) 05251290,** रूफ पैनलिंग के लिए नैचुरल एवं आर्टिफिशल फाइबर थर्मोसेट कम्पोजिट (एनएफटीसी) का क्रय, रु. 2,30,200/- **(24) 11251074,** बीएमबीसी कोचों ब्रेक गियर बुश हेतु किट का क्रय आदि, रु.3,68,380/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 01.09.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 23 से 24 हेतु] **(25) 10251003,** सस्पेंशन स्प्रिंग, रु.1,23,330/- **(26) 10251805,** सस्पेंशन ट्यूब रोलर बेयरिंग आदि की खरीद, रु. 1,24,980/- **(27) 10252221,** रिले क्यूआरएसआई 1 एवं 2 टाइप, रु. 1,62,610/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.09.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 25 से 27 हेतु] **(28) 05251041,** सर्वो सिस्टम 57 का क्रय आदि, रु. 6,99,630/- **(29) 11251682,** रबर बफर स्प्रिंग का क्रय आदि, रु. 2,39,790/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.09.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 28 से 29 हेतु] **(30) 21251208,** मॉडिफाइड इलास्टोमेरिक पैड (डिजाइन–ए) आदि, रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.09.2025, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 30 हेतु]।
**(ख)** निम्नलिखित अधिक मूल्य वाले निविदा शुद्धिपत्र आरजीसी निविदा के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर प्रकाशित किए गए थे। **क्रम सं.1, निविदा सं. : 12254006, संक्षिप्त विवरण :** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–671 के तहत ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स के लिए आरजीसी, **निविदा की अंतिम तिथि :** 11.08.2025, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.**14,23,55,200/-**
**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
STORES-25/2025-26
**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**
**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# नवादा में डूबने से दो लोगों की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में सोमवार को पानी में डूबने की दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पहली घटना नवादा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-27 अंतर्गत तकिया मोहल्ला स्थित खुरी नदी में हुई, जहां एक व्यक्ति स्नान के दौरान डूब गया। दूसरी घटना शोभीया गांव में घटी, जहां शोभ नदी में एक लगभग 16 वर्षीय किशोर के डूबने की सूचना मिली है।

दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। नवादा सदर अंचल अधिकारी के माध्यम से जिला प्रशासन ने तत्काल राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की गोताखोर टीम को सूचित किया। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को गोताखोर टीम को दोनों घटनास्थलों पर शीघ्र भेजने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में एसडीआरएफ की टीम ने प्रातःकाल सबसे पहले खुरी नदी में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, जिसके दौरान डूबे व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया। इसके उपरांत एसडीआरएफ की टीम ने शोभ नदी में डूबे किशोर की खोजबीन हेतु सघन अभियान चलाया। अभियान के क्रम में एसडीआरएफ टीम को सफलता प्राप्त हुई और 16 वर्षीय किशोर का शव भी बरामद कर लिया गया। जिला प्रशासन जनता से अपील करती है कि नदी या जलस्रोतों में स्नान करते समय पूर्ण सतर्कता बरतें और अनावश्यक जोखिम न उठाएं। प्रशासन जनसुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, परंतु नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही आवश्यक है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा घटनास्थलों पर निगरानी रखी जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन एकत्रित हैं। दोनों घटनाओं ने क्षेत्र में शोक का माहौल पैदा कर दिया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदियों व जलाशयों में सावधानीपूर्वक प्रवेश करने की अपील की है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब जलस्तर अनियंत्रित और धार तेज होती है। प्रशासन की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि पीड़ित परिवारों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी।

# हिसुआ : जेवर दुकान से लाखों की चोरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरी, लूट और फायरिंग जैसी वारदातों से व्यवसायियों में डर का माहौल है। ताजा मामला हिसुआ थाना क्षेत्र के नरहट रोड, हिसुआ डीह का है, जहां स्थित राधिका ज्वेलर्स में रविवार की रात चोरों ने शटर उखाड़कर करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। दुकान संचालक मनीष कुमार ने बताया कि रोज की तरह रात में दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोर तिजोरी नहीं तोड़ सके, लेकिन रेक और दराज में रखे करीब 15 हजार रुपये नगद तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसकी फुटेज पुलिस को सौंपी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही हिसुआ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। गौरतलब है कि इससे पूर्व राजगीर रोड स्थित मोहन ज्वेलर्स में भी एक बड़ी चोरी की वारदात हो चुकी है, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था। वहीं दो दिन पूर्व ही हिसुआ बाजार के हार्डवेयर दुकानदार नीरज प्रकाश लाल पर छह की संख्या में आए अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी, जिसमें वे घायल हो गए थे। लगातार हो रही घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हिसुआ में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं और पुलिस की कार्रवाई उन्हें रोकने में नाकाफी साबित हो रही है।

## एक नजर

### युवक की गोली मारकर हत्या

**नवादा।** बिहार पुलिस की बहाली की परीक्षा देने सासाराम जा रहे एक युवक की गोली मारकर मिर्ज़ापुर में हत्या कर दी गई है। युवक की पहचान जिले के कौवाकोल थाना क्षेत्र के डोमनबाग निवासी ब्रह्मदेव महतो उर्फ ब्राह्मण महतो के 22 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में की गई है। छात्र नवादा में रहकर पढ़ाई पहले करता था। मंगलवार की दोपहर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। परिजनों के अनुसार सचिन 30 जुलाई को सासाराम में आयोजित होने वाली बिहार पुलिस की परीक्षा में शामिल होने जा रहा था। उसके सपनों को साकार होने से पहले ही अज्ञात अपराधियों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। जैसे ही सचिन की हत्या की सूचना गांव में पहुंची पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि सचिन पूर्व में नवादा शहर में ही रहकर पढ़ाई करता था लेकिन हाल के दिनों में वह गांव से तैयारी कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही नवादा पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, सदर एसडीपीओ हुलास कुमार, नगर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। वही फॉरेंसिक टीम ने मौके से खून के धब्बे व अन्य साक्ष्य एकत्र करने के साथ मृतक का बैग जब्त किया। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस इसे आपसी रंजीत या साजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। एसपी अभिनव विमान ने कहा कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### शिक्षकों के तबादले पर विदाई समारोह का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखण्ड के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में कार्यरत शिक्षकों के तबादला उपरान्त विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक राजू कुमार,गुड्डू कुमार प्रजापति एवं शिक्षिका कुमारी सौरव सिंह का विभागीय आदेशानुसार विद्यालय से तबादला उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में विद्यालय के शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर तबादला हुए शिक्षकों को विदाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक विनोद कुमार,नवल किशोर,अंशु माला,पंकज कुमार,मनोज कुमार पांडेय,सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

### हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र के लेंगूरा पंचायत के कुतलुपुर पइन में बीते 20 जुलाई की सुबह दरियापुर गांव निवासी संतोष कुमार सिंह के छोटे पुत्र संजय कुमार उर्फ छोटी का शव बरामद हुआ था। मृतक के बड़े भाई उदय कुमार द्वारा थाना को लिखित आवेदन देकर तारगीर गांव के चार युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। रजौली पुलिस ने नामजद चार अभियुक्तों में से एक आरोपित को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मोटर मिस्त्री संजय कुमार उर्फ छोटी की संदेहास्पद मौत के बाद अनुसंधान शुरू किया गया था। इसी क्रम में एक नामजद आरोपित तारगीर गांव निवासी अमरेश प्रसाद उर्फ दारा के पुत्र सौरभ कुमार को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को मंगलवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले को लेकर अनुसंधान की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**बिहारशरीफ।** नाबालिग से शादी का झांसा देकर पांच वर्षों तक शारीरिक शोषण करने के मामले में कोर्ट ने एक आरोपित को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 50 हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह महीने तक अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतना होगा। मंगलवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय के विशेष पोक्सो जज सह सेशन जज चार प्रकाश कुमार सिन्हा ने बड़ी पहाड़ी मोहल्ला निवासी चंद्रदीप कुमार को दोषी पाए जाने पर यह सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जगत नारायण सिंहा ने सभी 10 लोगों की गवाही कराई थी। इन्होंने बताया कि आरोपित चंद्रदीप नालंदा जिला परिषद में डाटा एंट्री ऑपरेटर था।

### विधायक ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश

**नवादा**। गुरुवार को हिसुआ कांग्रेस विधायक नीतू कुमारी ने अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत बकसंडा पंचायत के ग्राम गेरांडी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया पौधारोपण किया और जल जीवन हरियाली का संदेश दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नीतू कुमारी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सबों को अपने अपने घरों व बाग-बगीचा आदि स्थानों पर कम से कम एक वृक्ष लगाना चाहिए। साथ ही उंसकी देखभाल को ले संकल्प भी लेना चाहिए। जिससे आने वाले दिनों में हरियाली आ सके एवं पर्यावरण में शुद्ध वातावरण बन सके। विधायक के इस पहल पर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल था।

### जिलाधिकारी ने छात्रों को नवाचार और स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा प्रायोजित बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल 2025 के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने छात्रों को नवाचार व उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहित करते हुए बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल के उद्देश्यों व अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस फ़ेस्टिवल का उद्देश्य राज्य के कोने-कोने से नवाचारपरक विचारों को खोजकर उन्हें मार्गदर्शन, मेंटोरशिप, नेटवर्क और वित्तीय सहायता से जोड़ना है, ताकि बिहार को नवाचार और स्टार्टअप का सशक्त केंद्र बनाया जा सके। उन्होंने पुष्पांजलि प्रा. लि. जैसे सफल स्टार्टअप का उदाहरण देते हुए युवाओं को पारंपरिक व्यवसाय की जगह नवाचार आधारित उद्यम अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सलाह दी कि स्टार्टअप की शुरुआत टीम के रूप में करें, जिससे विविध दृष्टिकोण और अनुभव का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार चौधरी ने बताया कि स्टार्टअप सेल ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं और संस्थान ने दो बार बिहार में शीर्ष पांच में स्थान प्राप्त किया है। यह आयोजन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल एवं जिला उद्योग केंद्र, नवादा के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 450 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिसमें राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक नवादा के छात्र, स्टार्टअप प्रतिनिधि, और जीविका की दीदियां शामिल थी।

# करंट से युवक की मौत

## दो माह पूर्व हुई थी मृतक की शादी, पांच बहनों का इकलौता भाई था मृतक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में सोमवार की देर शाम हुए दर्दनाक हादसे ने एक घर के चिराग को हमेशा के लिए बुझा दिया। अचानक हुए इस हृदय विदारक हादसे से पूरे गांव सहित घर परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर गांव निवासी जवाहर साव का इकलौता पुत्र 23 वर्षीय नीतीश कुमार अपने खेत से काम करके घर लौट रहा था, तभी खेत में गिरे विद्युत की नग्न तार के चपेट में वह आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि मृतक नीतीश अपने पिता जवाहर साव एवं माता निभा देवी का एकलौता पुत्र तथा अपने पांच बहनों का इकलौता भाई था। उसकी शादी दो माह पूर्व ही कांकिनारा, कोलकतास की संगीता के साथ 24 मई को हुई थी। विगत सप्ताह ही वह अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराकर घर लालपुर लाया था। मौत की खबर के बाद उसकी पत्नी संगीता बार-बार बेसुध होकर गिर जा रही है। वहीं उनकी माता-पिता एवं बहनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मंगलवार को कौआकोल पीएचसी में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

# बिहार देश के विकासशील राज्यों की अग्रिम कतार में : श्रवण कुमार

## मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत पीसीसी ढलाई कार्य का हुआ उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार राज्य अब विकास के मामले में देश की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। यह दावा बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। वे रविवार को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत नवीनगर शेखोपुर से सुरेश महतो के घर तक पीसीसी ढलाई कार्य के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्य बिहार शरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत मेघी नगवां अंतर्गत उमेदनगर गांव में शुरू हुआ है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने पिछले दो दशकों में बुनियादी ढांचे, कानून व्यवस्था और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है। उन्होंने कहा आज का बिहार बदला हुआ बिहार है। वह दौर अब इतिहास बन चुका है जब सड़कों का अभाव था, बेटियां डर के साये में जीती थी और कानून व्यवस्था चरमराई हुई थी। आज हर पंचायत में विवाह मंडप बन रहे हैं, बेटियां निर्भीक होकर स्कूल और कार्यालय जाती हैं। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार की योजनाएं आम जन तक पहुंच रही हैं और सामाजिक न्याय को मूर्त रूप देने की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, ल्हमारी सरकार राज्य को आगे बढ़ाने में जुटी है, जबकि कुछ लोग केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने की रेस में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्टार्टअप योजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए गंभीरता से काम कर रही है, ताकि राज्य के युवाओं को रोजगार और नवाचार के अवसर मिल सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जदयू जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, जीतन चौहान, युगल किशोर मुखिया, सकलदीप प्रसाद, सुरेश कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष शिवचरण कुशवाहा, सुनील रविदास, रजनीश ठाकुर, मुन्ना पासवान, अरुण कुमार, गुलशन कुशवाहा, सुरेन कुमार, मोहन महतो, रविन्द्र कुशवाहा, मनोज कुमार बाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य शामिल थे। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं जनसमर्थन की गूंज के साथ हुआ, जिसमें बिहार के विकास यात्रा की स्पष्ट झलक देखने को मिली।



# 10 दिनों से लापता हैं तीन किशोरियां पुलिस के हाथ अब तक खाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले से एक साथ लापता हुई तीन किशोरियों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। घटना को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब भी खाली हाथ है। इससे परिजनों की बेचैनी बढ़ गई है और उनका धैर्य टूटता जा रहा है। परिवार वाले पुलिस प्रशासन से अपनी बेटियों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगा रहे हैं। लापता किशोरियों में पहली है कल्पना कुमारी (17 वर्ष), पिता ऽ प्रहलाद प्रसाद, ग्राम - सोनसा। दूसरी है कीमती कुमारी उर्फ गौरी कुमारी (16 वर्ष), पिता - शंकर प्रसाद, और तीसरी काजल कुमारी (16 वर्ष), पिता ऽ नवलेश मिश्रा, दोनों फरहा गांव की निवासी हैं। परिजनों के अनुसार, तीनों सहेलियां 19 जुलाई को मैट्रिक परीक्षा का मार्कशीट लेने हिसुआ स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय गई थीं, लेकिन उसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं चला। परिजन खुद भी संभावित जगहों पर खोजबीन कर चुके हैं, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। परिवारवालों ने अपने-अपने स्थानीय थाना में गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके बावजूद, अब तक पुलिस की कार्रवाई नाकाफी दिख रही है। परिजन लगातार थाने और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस केवल जांच जारी होने की बात कह रही है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस सक्रिय होती, तो शायद लड़कियों का कोई सुराग अब तक मिल गया होता। अब परिजन उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन जल्द ही ठोस कदम उठाए और उनकी बेटियों को सकुशल वापस लाया जाए।

# बिहारशरीफ आकर सकारात्मक अनुभूति : ज्योत्स्ना पंचाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए गुजरात से आए प्रवासी महिला पदाधिकारी ज्योत्स्ना पंचाल एवं तृप्ति चतुर्वेदी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें बिहारशरीफ विधानसभा का क्षेत्र में भ्रमण कर वस्तु स्थिती का निरीक्षण करने के लिए भेजा है। उन्होने कहा कि भ्रमण के दौरान सकारात्मक अनुभव प्राप्त हुआ। बिहार आकर काफी अच्छा लगा यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं। लोगों ने बताया कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अच्छा काम हो रहा है। बीस वर्ष पहले बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, आज ऐसी कोई परेशानी नहीं रही। जनता ने बताया कि बिहारशरीफ विधानसभा में विधायक डॉ. सुनील कुमार ने काफी विकास कार्य किए हैं, लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहते हैं। लोगों ने बताया 2025 में फिर से जीताकर हम उन्हें अपना विधायक और मंत्री बनाएंगे। गुजरात से आई महिला द्वारा जिले एवं मंडल से उपस्थित कार्यकर्ताओं को रक्षा सूत्र बांधकर आगामी रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शैलेन्द्र कुमार, तेजस्विता राधा, डॉ. अशुतोष कुमार, जिला महामंत्री अविनाश प्रसाद सिंह, जिला मंत्री अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, प्रवीला देवी, उषा देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# हथियारबंद बदमाशों का घर में धावा विरोध करने पर पांच लोग घायल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर नगर के उत्तरी पटेल नगर मुहल्ला स्थित गायत्री मंदिर के समीप सोमवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने एक घर में घुसकर डकैती का प्रयास किया। घटना रात्रि करीब 2 बजे की है, जब 8 से 10 की संख्या में बदमाशों ने छज्जे से कपड़ा बांधकर घर में प्रवेश किया और परिवार के सभी सदस्यों को बंधक बना लिया। गृहस्वामी मनोज कुमार ने बताया कि जब उनकी पत्नी को खटपट की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने पति को जगाया। दोनों ने जब देखा कि बदमाश घर में घुस आए हैं तो उन्होंने शोर मचाया। जिससे अन्य सदस्य भी जाग गए। अपराधियों ने हथियार के बल पर मनोज कुमार, उनके भाई अशोक कुमार, पुत्र बिट्टू कुमार, पिता सुरेंद्र प्रसाद और मां समपतिया देवी को बंधक बना लिया और विरोध करने पर चाकू और पिस्तौल की बट से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हालांकि बदमाश घर से बड़ी डकैती करने में असफल रहे, लेकिन जाते-जाते वे बिछावन के नीचे रखे 20 हजार रुपये नकद और परिवार के मोबाइल फोन लेकर भाग निकले। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इसलामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सुचना पर पुलिस कप्तान भारत सोनी मंगलवार की संध्या वारदात स्थल का भौतिक निरीक्षण कर पीड़ित परिवार से घटना का पूर्ण जानकारी लिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने अपराधियों के आने-जाने, मकान में चढ़ने और उसके बाद घटना को किस तरह अंजाम दिया गया कि जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में पत्रकारों को बताया कि घटना में संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ के लिए एसआईटी गठित की गई है और जल्द ही घटना का उदभेदन कर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ हिलसा 2 डीएसपी गोपाल कृष्णा, पुलिस निरीक्षक संजय पासवान, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, दरोगा अरुण कुमार राय, पूजा कुमारी सहित काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# एस.के.एम. कॉलेज नवादा में संचालन समिति गठित, रामजतन सिंह बने सचिव

## कहा- कॉलेज को जिले का आदर्श शैक्षणिक संस्थान बनाना है लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एस.के.एम. कॉलेज, नवादा के कुशल संचालन के लिए एक नई समिति का गठन किया है। इस समिति में शिक्षाविद और समाजसेवी रामजतन सिंह को सचिव नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर रामजतन सिंह ने कहा इस महाविद्यालय से मेरा भावनात्मक जुड़ाव है, क्योंकि मेरे पिता, स्व. सीधेश्वर सिंह (पूर्व मुखिया, कबला पंचायत) ने इसके निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि यह संस्थान आज शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित है। रामजतन सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता कॉलेज की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाना और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनका प्रयास रहेगा कि यह कॉलेज नवादा जिले का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक केंद्र बने।





इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार ने रामजतन सिंह को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सचिव पद पर रामजतन सिंह की नियुक्ति से कॉलेज में शिक्षा और प्रबंधन व्यवस्था में निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव आएगा। रामजतन सिंह को बधाई देने वालों में कई जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता और समाजसेवी शामिल थे, जिनमें प्रमुख रूप से वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी,
नवादा के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य अखिलेश सिंह, कांग्रेस नेता उपेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार, जिला पार्षद अंजनी सिंह, ठेरा पंचायत के मुखिया गौतम सिंह, समाजसेवी विधानचंद्र राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामानुज सिंह, अरविंद सिंह, व्यवसायी प्रकोष्ठ संयोजक सुधीर सिंह, पूर्व प्राचार्य देवेंद्र कुमार, प्रोफ़ेसर अरुण कुमार, सुनील कुमार, जदयू नेता रामप्रवेश सिंह, मुकेश सिंह, युवा कार्यकर्ता सोनू, रौशन, अनुराग, शुभम सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। रामजतन सिंह की नियुक्ति से क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्ज़ा और उम्मीद की लहर देखी जा रही है।

# सदर अस्पताल ने बताया ब्लड ग्रुप नेगेटिव प्राइवेट लैब ने दी पॉजिटिव रिपोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही लगातार उजागर हो रही है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। गिरियक प्रखंड के चोरसुआ गांव के निवासी नितिन मुकेश का सामने आया है। वे 28 जुलाई को अपने 14 वर्षीय पुत्र अमन राज का ब्लड ग्रुप जांच कराने सदर अस्पताल पहुंचे थे। पर्ची कटाने के बाद उन्होंने पैथोलॉजी लैब में जांच कराई, जहां रिपोर्ट में बच्चे का ब्लड ग्रुप नेगेटिव बताया गया। रिपोर्ट पर संदेह होने पर उन्होंने एक निजी पैथोलॉजी लैब में दोबारा जांच कराई। वहां ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव निकला। नितिन मुकेश ने बताया कि उनका बेटा नवमी कक्षा में पढ़ता है और स्कूल में ब्लड ग्रुप की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जमा करनी थी। अब परिवार को समझ में नहीं आ रहा कि किस रिपोर्ट पर भरोसा किया जाए। परिजनों ने कहा कि यदि ऐसा ही भ्रम किसी आपात स्थिति, जैसे सड़क दुर्घटना या ऑपरेशन के दौरान हो जाए, तो गलत ब्लड ग्रुप की वजह से मरीज की जान भी जा सकती है। मॉडल अस्पताल के पैथोलॉजी लैब के इंचार्ज अजय कुमार ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि बच्चे की रिपोर्ट में गलती हो गई थी। सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह एक अत्यंत गंभीर लापरवाही का मामला है। इसकी जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। जांच के बाद जो भी कर्मचारी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यशाला आयोजित, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर जोर

## पूर्व विधायक अनिल सिंह और जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने के उद्देश्य से एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हिसुआ स्थित सम्राट अशोक भवन में संपन्न हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल हिसुआ के अध्यक्ष धर्मेंद्र भारती ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला परिषद सदस्य वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, बिजली और पुल-पुलियों जैसी बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रखंड और पंचायत स्तर पर सक्रिय रहकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा जब हम सरकार की योजनाओं को लेकर आम लोगों के बीच जाएंगे, तो भाजपा के प्रति विश्वास और जिज्ञासा दोनों बढ़ेगी। कार्यशाला में भाजपा जिला प्रभारी राजेश कुमार, विधानसभा प्रभारी गौरव शांडिल्य, प्रो. भारत भूषण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र बाबू, पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उर्फ वीगन सिंह, भाजपा नेता अशोक चौधरी, जितेंद्र कुमार कंधवे, नरहट मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार, हिसुआ मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, धर्मेंद्र भारती, अनिल राजवंशी (शेखपुरा), तपेश्वर सिंह (नेमदारगंज), पिंटू राम (तेयार), सूर्यमणि सिंह (अकबरपुर), वीरेंद्र कुमार (हिसुआ पूर्वी), सुनील कुमार सिंह, नटवर सिंह, गुजो सिंह और तरुण कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दूषित पानी पाये जाने पर सूचना बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 का आयोजन आगामी 6 सितंबर से 21 सितंबर 2025 तक निर्धारित है। इस मेला में देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में पिंडदानी/श्रद्धालु अपने पितरों की तर्पण हेतु गया जी आते हैं। जिले में एकाएक इतनी बड़ी संख्या में पिंडदानी/श्रद्धालु को मूलभूत सुविधाएं तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, निगम प्रशासन इत्यादि एकत्रित होकर तीन माह पूर्व तैयारी में जुट जाते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा गठित विभिन्न समितियों में से आवासन, साफ सफाई, पेयजल एवं स्वच्छता समिति के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल प्रभारी पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में डीएम ने आवासन स्थल के बारे में जानकारी प्राप्त किया। बताया गया कि सभी आवासन स्थल पर साफ सफाई, सेफ्टी टैंक की सफाई, पेयजल आपूर्ति इत्यादि का कार्य किया जा रहा है। निर्देश दिया गया कि सभी आवसान स्थलों तथा मेला क्षेत्र के सभी पेयजल बिंदु की पानी सैंपल का लैब टेस्ट करवाना सुनिश्चित करेंगे जहां पानी दूषित पाया जाता है वहां सूचना बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि आमलोग उस दूषित पानी का उपयोग नहीं करें। बैठक में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल गया को निर्देश दिया गया कि जिले के पानी टंकी की साफ सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही स्थानीय गांधी मैदान में बनाए जाने वाले टेंट सिटी में पूर्व वर्ष के आधार पर पेयजल आपूर्ति हेतु अभी से समीक्षा कर लें। बैठक में बताया गया कि सीतापथ तथा विष्णुपथ के दीवारों पर पूर्व वर्ष बनाए गए मिथिला पेंटिंग का रंग फीका हो गया है। डीएम ने कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि इसकी जांच करते हुए ठीक करवाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम गया को निर्देश दिया गया कि मेला क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त ड्राइव चलना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी नालों की साफ सफाई यथाशीघ्र करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, पर्यटन को निर्देश दिया गया कि सभी आवासन स्थलों पर गया जी जिले के आसपास के पर्यटक स्थलों की जानकारी से संबंधित फ्लेक्स लगवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि आने वाले पिंडदानी/श्रद्धालुओं को गया जी के साथ-साथ अन्य स्थलों की भी जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता विभागीय, जिला पर्यटन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बुडको और बिजली विभाग की लापरवाही से गयाजी में जल संकट, जनता बेहाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एक ओर जहां जिला प्रशासन, नगर निगम के पदाधिकारी, मेयर, डिप्टी मेयर, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और समाजसेवी अनिल स्वामी पितृपक्ष मेले को बेहतर बनाने में जुटे हैं और उसे अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित कराने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर की मूलभूत समस्याएं अब भी जस की तस बनी हुई हैं। गया शहर के वार्ड संख्या 12 और 15 में गुरुवार रात से पेयजल आपूर्ति ठप है जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार शाम पांच बजे तक भी जलापूर्ति बहाल नहीं की गई थी जिससे लोगों में रोष है। सबसे अधिक परेशानी बीमार लोगों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को हो रही है, लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब भी शिकायत की जाती है जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर दोष मढ़ने लगते हैं और समाधान की दिशा में कोई प्रयास नहीं होता। लोगों का कहना है कि पितृपक्ष मेला के बहाने गया को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की कोशिश तो हो रही है, लेकिन शहर की बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था आज भी उपेक्षा का शिकार है। आम जनता जानना चाहती है कि जल आपूर्ति कब तक बहाल होगी और कब उन्हें इस बुनियादी सुविधा से राहत मिलेगी। बुडको और बिजली विभाग की आपसी तालमेल की कमी और लापरवाह रवैये ने एक बार फिर आम जनता को संकट में डाल दिया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## दैनिक जनता दरबार में डीएम ने 50 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा मंगलवार को दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है, इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है।जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया, जिसपर डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुआही से एक आर्म्स एक्ट के आरोपित को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामले में नामजद आरोपित तरवां भलुआही निवासी 31 वर्षीय दस्तगीर खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में अपराधी घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में सोमवार की देर रात पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई। एक अपराधी सतीश उर्फ चंदन के जांघ में गोली लगी है। पुलिस उसे शेरघाटी में चर्चित डॉक्टर तपेश्वर सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में पिछले 15 दिनों से तलाश रही थी। फिलहाल गोली लगने के बाद अपराधी को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अपराधी की हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल, पुलिस को सोमवार देर रात जानकारी मिली थी कि शेरघाटी थानाक्षेत्र के मंझार खुर्द के पास कुशी गांव में कुछ संदिग्ध युवक रेकी कर रहे हैं। कुशी गांव झारखंड बॉर्डर से सटा है। गया जिले के अंतर्गत आता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम एक प्राइवेट गाड़ी से कुशी पहुंची, लेकिन जैसे ही अपराधियों ने गाड़ी देखी, वे भागने लगे। खुद को घिरता देख जंगल की झाड़ियों में छिप गए और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इसी दौरान एक गोली अपराधी सतीश उर्फ चंदन को लग गई। उसके घायल होते ही उसके अन्य साथी अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार हो गए। गोली लगने की वजह से सतीश भाग नहीं सका जिसे पुलिस ने मौके से पकड़ लिया। बताया गया कि कुल 5 अपराधी मौके पर मौजूद थे। 4 फरार हैं। पुलिस अब सतीश उर्फ चंदन की क्रिमिनल हिस्ट्री खंगाल रही है।

## दुकानदार और परिवार पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर में चाय दुकानदार और उसके परिवार पर बदमाशों ने हमला कर दिया। दुकान खोलने से नाराज ढोलकिया गली निवासी रामजी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर पिटाई कर दी। हमले में परिवार के तीन लोग घायल हुए हैं। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना केपी रोड स्थित भदानी कोल्ड स्टोर के पास की है। पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि रविवार शाम 7 बजे के करीब छोटे भाई शिबू कुमार, भतीजा निकुंज कुमार, अभिषेक कुमार के साथ दुकान पर मौजूद था। इस दौरान राम जी अपने गुर्गों के साथ पहुंचा। रिवॉल्वर लहराते हुए सबको पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में निकुंज कुमार को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हालत नाजुक बनी हुई है। महाबोधि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी पिछले कई दिनों से धमकी दे रहा था कि दुकान मत खोलो। नहीं तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा जब हमने विरोध किया और रंगदारी के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत जुटाई तो अपराधियों ने हमला कर दिया। दुकान का सारा सामान तोड़ दिया। अभिषेक कुमार को रिवॉल्वर के बट से मारकर जख्मी कर दिया।

## रोटरी क्लब ऑफ गया 'युवा' और के.बी. मेमोरियल हॉस्पिटल का जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रोटरी क्लब ऑफ गया 'युवा' और के.बी. मेमोरियल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मातृ एवं शिशु पोषण जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नन्द किशोर गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ माताएं ही स्वस्थ और सक्षम संतानों को जन्म दे सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान यदि महिलाओं को पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा नहीं मिलती तो नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रसव के बाद भी मां और शिशु दोनों को संतुलित और पौष्टिक आहार की आवश्यकता होती है, ताकि शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास ठीक तरह हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 50 महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ पौष्टिक आहार से युक्त हैम्पर भी निःशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गया 'युवा' के नव निर्वाचित अध्यक्ष राहुल महाजन, सचिव कमल अग्रवाल और क्लब के सदस्य मुकेश गुप्ता, सागर बरनवाल, कमलेश पोद्दार, सुमित मोर सहित अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की योजना से लेकर क्रियान्वयन तक सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया।

## एचपीवी टीकाकरण का बीडीओ ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय वजीरगंज में मंगलवार को मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रभाकर सिंह ने टीकाकरण कक्ष का फिता काटकर किया। मौके पर उपस्थित सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 नितीन कुमार ने कहा कि यह वायरस मुख्य रूप से महिलाओं को प्रभावित करता है। एचपीवी टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है, इससे प्रतिरक्षित होने के बाद बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचा जा सकता है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह टीका 9-14 आयुवर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क लगाया जा रहा है। फिलहाल यह केवल एक टीका दिया जा रहा है। इसके लिये बच्चियां खाना खाकर आयें एवं उपलब्ध सहमति पत्र भी टीकाकरण स्थल पर जमा कराना होगा। प्रभारी ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन की सहायता से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा माईक्रोप्लान बनाकर टीकाकरण कराया जा रहा है। पहले दिन 115 छात्राओं में से 70 को टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया है।

## तीन दिवसीय इमर्सन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के बोधगया में मंगलवार को श्रीलंका सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में तीन दिवसीय इमर्सन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिनिधियों को जीविका परियोजना की कार्यशैली एवं बिहार सरकार की प्रमुख लोक-कल्याणकारी योजना सतत जीविकोपार्जन योजना के उद्देश्यों व प्रभावों की जानकारी दी गई। बैठक के बाद क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रतिनिधिमंडल द्वारा चार समूहों में अलग-अलग बोधगया एवं मानपुर पहुंचा। इसमें श्रीलंका सरकार के उच्चस्तरीय अधिकारीयों सहित एशियन डेवलपमेंट बैंक, जीविका बराक और बंधन कोननगर के अधिकारी भी शामिल थे। इन्होंने सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित महिलाओं से मुलाकात की।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूरे होने पर सीयूएसबी में संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के शिक्षक शिक्षा विभाग ने कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने अपने संदेश में आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि 29 जुलाई 2025, वर्ष 2020 लागू हुए इस नीति के पांच परिवर्तनकारी वर्षों का प्रतीक है। शिक्षक शिक्षा विभाग के डीन और अध्यक्ष में नेतृत्व में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षा और भारत में व्यापक शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र पर इस नीति के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इस स्मारक कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षा विभाग के संकाय सदस्य, स्नातकोत्तर छात्र, शोध विद्वान और अन्य विभाग के संकाय सदस्य एनईपी 2020 की उपलब्धियों और भविष्य की दिशाओं पर विचार करने के लिए एक साथ आए। औपचारिक उद्घाटन के पश्चात प्रोफेसर रवि कांत, डीन और विभागाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा विभाग ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भविष्य के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। हम सीयूएसबी में अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षण, व्यावहारिक शिक्षा, बहु-विषयक दृष्टिकोण और समग्र मूल्यांकन को जोड़कर इसके मिशन को अपना चुके हैं। उन्होंने एनईपी 2020 को अमल में लाते समय आने वाली समस्याओं के बारे में भी बात की और उनसे निपटने के लिए कुछ विचार दिए। इन परिवर्तनों में चार वर्षीय एकीकृत बैचलर ऑफ एजुकेशन प्रोग्राम बनाना, शिक्षण कौशल, व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करना, ट्रांस डिसिप्लिनरी लर्निंग पर ध्यान केंद्रित करना और शिक्षकों को निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना शामिल है। पीजी छात्रों और शोध विद्वानों ने देखा कि कक्षाओं में प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे किया जाता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद शिक्षण और सीखने के नए तरीकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एनईपी 2020 ने अनुकूलन, ट्रांसडिसिप्लिनरी शिक्षा और क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी स्तरों पर शिक्षा में बड़े सुधार किए हैं। गौरतलब है कि सीयूएसबी में शिक्षक शिक्षा विभाग रचनात्मक शिक्षण विधियों का उपयोग करके, समुदाय को शामिल करके और समावेशी शिक्षा विधियों पर शोध करके इन परिवर्तनों को सक्रिय रूप से वास्तविकता में ला रहा है।

## प्रवासी महिला विस्तारकों के नेतृत्व में महिला संवाद कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रवासी महिला विस्तारकों के नेतृत्व में गया विधानसभा क्षेत्र में दो शक्ति केंद्रों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान से आईं प्रवासी महिला विस्तारक कोमल तिवारी, गायत्री शर्मा और कार्यक्रम प्रभारी वंदना कुमारी के नेतृत्व में ये आयोजन दक्षिणी मंडल के वार्ड संख्या 44 स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर परिसर तथा पश्चिमी मंडल-2 के द्रोणाचार्य शक्ति केंद्र, पहाड़पुर शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार की धर्मपत्नी और भाजपा नेत्री प्रभावती देवी शामिल रहीं। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मंडल उपाध्यक्ष इंदू प्रजापति, भाजपा नेता गौरव सिन्हा, विनोद पासवान, शिवा मांझी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर लाभार्थी और बुद्धिजीवी महिलाओं के साथ संवाद किया गया और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 125 यूनिट मुफ्त बिजली, विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी, पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये किए जाने जैसे लाभों पर चर्चा हुई। स्थानीय महिलाओं ने स्वागत गीत गाकर नेताओं का अभिनंदन किया और प्रेम कुमार जिंदाबाद के नारों के साथ केंद्र और बिहार सरकार का आभार जताया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर।**
**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0 पुर्ननिविदा संख्या–01/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU (Re-Tender)**

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम देवरी कला में पी0डब्लू0डी0 रोड से पुराना जपला फैक्ट्री रेलवे लाईन महुराम के पास तक पक्का सिंचाई नाला निर्माण। 2500 फीट | हुसैनाबाद | 24.976 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 01/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–30.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–07.08.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–08.08.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR 358476 NREP(25-26)D


## नाबालिग के साथ दुराचार, आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर रात शौच से लौटने के दौरान एक नाबालिग के साथ दुराचार किया गया। दुराचार का आरोप गांव के ही दो युवकों पर लगा है। मामले में पीड़िता के बयान पर मंगलवार को मऊ थाना में केस दर्ज किया गया है। आरोपित फरार हैं। पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। मऊ थाने की पुलिस ने पीड़िता को महिला पुलिस की सुरक्षा में जिला मुख्यालय गया जी मेडिकल के लिए भेज दिया है। दुराचार की घटना सोमवार की देर रात 11 बजे की है। घटना के समय पीड़िता शौच से वापस लौट रही थी। एक पेड़ के पास आरोपितों ने पीड़िता का हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसके साथ दुराचार किया। पीड़िता घर पहुंच कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन के साथ मंगलवार को पीड़िता मऊ थाना पहुंची और मामले में केस दर्ज कराया। मऊ थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट के अलावा कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## बाल संरक्षण समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड सभागार के प्रांगण में प्रखण्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। बैठक जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ किया गया। बैठक में बाल संरक्षण से संबंधित जिला से आए पदाधिकारियों ने बाल संरक्षण से संबंधित विस्तार से जानकारी दिया जिसमें किसी भी रेस्टोरेंट व अन्य संस्थान में नाबालिग बच्चों व बच्चियों के द्वारा कराया जा रहा कार्यों पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे बाल श्रम कराने वाले संस्थान पर तुरंत कार्रवाई करें। साथ ही बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को उससे मुक्त करायें। वक्ताओं ने कहा कि बाल संरक्षण के लिए भारत सरकार ने ढेर सारी कल्याणकारी योजनायें चला रही है जिसमें गरीबी मुक्त आजीविका, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त युक्त जल आदि से संबंधित विषयों पर भी चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज, मुखिया संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हरेंद्र कुमार दांगी, जयंत यादव आदि लोग शामिल थे।

## अधूरे नाली निर्माण से भरौंधा के ग्रामीण परेशान

### मुखिया पर ग्रामीणों ने लापरवाही का लगाया आरोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड अंतर्गत मंडा पंचायत के भरौंधा टोला ऊपरडीह से मिडिल स्कूल तक बनाए गए अधूरे नाली निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में मुखिया के प्रति गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया द्वारा अधूरा और घटिया किस्म के नाली निर्माण कराया गया है और बिना ढक्कन के छोड़ दिया गया है जिससे बरसात के मौसम खुले नाली बीमारी और घटना की दावत दे रही है। लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली में ढक्कन नहीं डाला गया है और अनियमितता पूर्ण नाली बनाया गया। बनते ही नाली में दरार पड़ गई इतना ही नहीं नाली की खुदाई से निकली मिट्टी को सड़क पर ही फेंक दिया गया जिससे सड़क की हालत बदतर हो गई है। फिसलन और कीचड़ के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों एवं मरीजों को विशेष परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे ग्रामीणों में मुखिया के प्रति भारी आक्रोश जताते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से इस लापरवाही पर संज्ञान लेने और जल्द से जल्द नाली निर्माण को पूरा करवाने की मांग की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 357668 Building(25-26):D, Tender Reference No.-.-12/ E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj /2025-26, DATE -18.07.2025 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.08.2025 03:00 PM | 31.07.2025 03:00 PM |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 02.08.2025 3:00 PM | 02.08.2025 3:00 PM |

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR.NO.358473 Building(25-26):D



**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू**

**पलामू जिला के किसान भाई/बहनों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि श्रीअन्न (मिलेट फसल) योजना को बढ़ावा देने हेतु राज्य में झारखण्ड मिलेट मिशन योजना कार्यान्वित की जा रही है। योजना के तहत जिले में मिलेट फसलों की खेती करने वाले सभी किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू0 (एक किसान को अधिकतम 5 एकड़ तक) की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

**किसानों के लिए पात्रता मानदंड:-**

1. वैसे किसान जो अपने खेत में मिलेट की खेती कर रहे हों।
2. जो किसान पट्टे की भूमि पर मिलेट की खेती कर रहे हों।
3. किसान झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हों।
4. किसान के पास वैध आधार नम्बर हो।
5. किसान के पास वैध मोबाईल नम्बर हो।
6. किसान के पास वैध बैंक पासबुक हो।
7. न्यूनतम 10 डिसमिल से 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।

**किसान पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज**

1. भूमि दस्तावेज।
2. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली।
3. आधार कार्ड।
4. बैंक खाता पासबुक
5. बटाईदार के मामले में भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

के साथ अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर 30 अगस्त 2025 से पहले योजना के पोर्टल https://jhmm.jharkhand.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

**जिला कृषि पदाधिकारी**
**पलामू**

PR 358448 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# स्कूल हादसा : कोई सबक लेगा?

राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव के सरकारी स्कूल की इमारत के ढह जाने से वहां पढ़ रहे 7 मासूम बच्चों की मौत और 28 के घायल होने की घटना पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस हादसे ने देश में सरकारी स्कूलों की बदहाली को फिर से उजागर कर दिया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर बच्चा स्कूल भवन में भी सुरक्षित नहीं है तो मां बाप ऐसे सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए क्यों भेजें? इस दर्दनाक हादसे में जिस 7 बच्चों के सपने पूरे होने से पहले ही मर गए और जिन अभिभावकों ने उन्हें बेहतर भविष्य की आस में स्कूल भेजा, उनके आंसुओं को कौन पोंछेगा? हालांकि राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हादसे की नैतिक जिम्मेदारी मेरी है। घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवारों को दस लाख रू. की सहायता और स्वजनों को संविदा पर सरकारी नौकरी का ऐलान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के पास पहले से तैयार की गई जर्जर स्कूलों की लिस्ट थी, लेकिन उसमें यह स्कूल शामिल नहीं था। इसी चूक की वजह से यह हादसा हुआ। उधर स्कूल प्रशासन का कहना है कि डेढ़ साल पहले डांग क्षेत्रीय विकास योजना के तहत स्कूल की एक लाख रुपये खर्च कर मरम्मत करवाई गई थी। हादसे वाले कमरे में आरसीसी छत नहीं थी, बल्कि लकड़ी की पट्टियों वाली छत थी जो एक पट्टी गिरते ही भरभराकर नीचे आ गई। इस हादसे के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी जर्जर स्कूल भवनों और सरकारी संस्थानों की प्राथमिकता से मरम्मत कराई जाए। अब विधायक सीधे अपनी निधि से भी इस काम के लिए पैसा दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय समिति गठित कर पांच दिन में हादसे की रिपोर्ट मांगी है। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि आरंभिक जांच रिपोर्ट में प्रशासन ने हादसे की जिम्मेदारी से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया है कि भवन निर्माण ग्राम पंचायत ने करवाया था। उधर केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वो अपने यहां सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों का तत्काल सर्वे करवाकर उसकी मरम्मत कराएं। इस बीच इस भयंकर हादसे से स्तब्ध पिपलोदी गांव गहरे शोक में डूबा है। इनमें छोटूलाल उन बदनसीबो में है, जिसके दोनों बच्चे इस हादसे मे चले गए। उन बच्चों की मां का रो रोकर बुरा हाल है। उसे सांत्वना देने की हिम्मत किसी में नहीं है। उसके सवालों का जवाब कौन और किस मुंह से देगा। भारत में शिक्षा का पहले ही बुरा हाल है और उसमे भी सरकारी स्कूल की बदहाली के बारे में क्या कहा जाए? अव्वल तो स्कूल ही नहीं हैं, हैं तो स्कूल भवन नहीं है, भवन हैं तो शिक्षक नहीं है, ज्यादातर भवनों की हालत इतनी जर्जर है कि हर वक्त जान पर खेल बच्चे स्कूल जाते हैं और जो भी शिक्षक हैं,वो उन्हें पढ़ाते हैं। पिपलोदी का भवन तो कुछ साल पहले ही बना था। इससे साफ जाहिर है कि उसके निर्माण में कितना भ्रष्टाचार हुआ होगा। अब ज्यादातर भवन 15 बीस साल से ज्यादा नहीं चलते ताकि आगे भी पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए बजट आता रहे और कमीशन मिलता रहे। यह कहानी अकेले राजस्थान की नहीं है परे देश की है। कोई हादसा होता है तो तात्कालिक लीपा पोती की जाती है। स्थायी इलाज नहीं होता। पिपलोदी स्कूल हादसे भी कोई सबक लिया जाएगा, इसकी संभावना बहुत कम है, क्योंकि हमारी प्राथमिकता से अच्छी और सुरक्षित शिक्षा से ज्यादा माल कमाना है।

# समाजवाद-धर्मनिरपेक्षता संविधान की आत्मा

**निःसंदेह भारत के वेदों और उपनिषदों में कई ऐसे श्लोक हैं जो समता और विश्व मानवता पर आधारित हैं अगर वेदों को सनातन माना जाये तो फिर तो समाजवाद, धर्मनिपरेक्षता एक अर्थ में भारत का सनातन है। जब हिंदू दर्शन कहता है कि (कण-कण में भगवान हैं) (वसुधैव कुटुम्बकम्) आसमान के तारे सबको समान होना आदि-आदि तो क्या यह समाजवाद नहीं है। समाजवाद एक शब्द है जिसमें व्यवस्थागत समता निहित है और सनातन एक शब्द है जिसमें भावगत समता निहित है। मेरी राय में तो समाजवाद और सनातन एक है और एक दूसरे के पर्याय हैं, जो दुनिया को ईश्वर या अल्लाह के द्वारा समान बनाये जाने व मानने के सिद्धांत हैं। ईश्वर या अल्लाह, क्राईस्ट या किसी भगवान ने इंसान इंसान को समान गढ़ा है, शरीर के अंगों में कोई फर्क नहीं किया है याने समता और समाजवाद यह ईश्वरीय विधान है। यह विचित्र है कि संघ व भाजपा के मित्रों को आपातकाल में संविधान में प्रस्तावना में संविधान संशोधन के द्वारा जोड़े गये शब्दों पर तो आपत्ति है परंतु आपातकाल में ही किये गये पूर्व सांसदों व विधायक की पेंशन स्वीकार्य है। यह तो बगैर संशोधन की संतान हैं, जिन्हें केवल एक कानून रद्द कर समाप्त किया जा सकता है। संविधान में पूर्व सांसदों, विधायकों को पेंशन का प्रावधान नहीं था इसलिये 1947 से 1976 तक इन्हें कोई पेंशन नहीं थी।**

रघु ठाकुर

संघ परिवार की ओर से 26 जून आपातकाल के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें प्रधानमंत्री से लेकर देश के लगभग सभी भाजपा के मुख्यमंत्री और शीर्ष नेता सहभागी रहे। बहुत संभव है कि, अपने कार्यकाल के 11वें वर्ष में प्रधानमंत्री जी को आपातकाल, मीसाबंदियों और संविधान हत्या दिवस की याद इसलिये भी आई हो क्योंकि आजकल कांग्रेस के लोग संविधान की प्रति लिये घूम रहे हैं और कभी उसकी प्रस्तावना को लेकर सुनाते हैं या फिर हाथ में संविधान की प्रति लेकर फोटो निकलवाते हैं। इस राजनैतिक हथकंडे का प्रतिउत्तर देने के लिए शायद यह प्रयोग भाजपा के नेतृत्व ने रणनीति के तौर पर तय किया हो। इस बार प्रधानमंत्री जी और गृहमंत्रीश्री अमित शाह जी ने भी मीसाबंदियों की लोकतंत्र सेनानी के रूप में उनकी विशेष चर्चा की। जबकि कुछ वर्ष पूर्व जब लोकतंत्र सेनानी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष श्री कैलाश सोनी के नेतृत्व में श्री अमित शाह से मिलने गया था और उनसे मीसाबंदियों के लिये आयुष्मान योजना में शामिल करने व अन्य सुविधाओं को लेकर एक ज्ञापन दिया गया था तब उन्होंने कहा (जैसा की श्री कैलाश सोनी जी ने बताया था) कि मैं देखूँगा हालांकि मैं इसके बहुत पक्ष में नहीं हूँ। मीसाबंदियों उर्फलोकतंत्र सेनानियों को श्री राहुल गांधी को इस बात के लिये धन्यवाद देना चाहिए, कि उनके संविधान बचाओ अभियान का कम से कम इतना तो लाभ उन्हें मिला कि प्रधानमंत्री,गृहमंत्री के मुख से मीसाबंदियों के त्याग व कुर्बानी के किस्से शुरू हो गये। हालांकि और भी अच्छा होता कि अगर राहुल गांधी आपातकाल की घोषणा की आलोचना करते और स्वतः मीसाबंदियों के पक्ष में खड़े होकर उनके लिये सहयोग की बात करते। वे कह सकते थे कि जो सही भी था कि वे तो उस समय एक कम उम्र के युवा थे जिन्हें इस सब घटनाक्रम के बारे में कोई ज्ञान ही नहीं था।

यह जो अवसर इस बहस के नाम पर प्रधानमंत्री और संघ परिवार के हाथ में आया है उससे उसने चतुराई से एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। 26 जून को संघ के सरकार्यवाहक श्री दत्तात्रेय होसबले ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये (समाजवादी) और श्धर्म निरपेक्ष्य शब्दों की समीक्षा होना चाहिए जिन्हें आपातकाल के दौरान शामिल किया गया था और यह स्व. वीआर आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे। आपातकाल के दौरान भारत के संविधान की प्रस्तावना में यह शब्द जोड़े गये। और उन्होंने यह भी कहा कि यह शब्द प्रस्ताव में रहना चाहिए या नहीं इस पर भी विचार होना चाहिए। देश के कृषि मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने भी इस अवसर को तत्काल भुनाया और बनारस में कहा कि श्सर्वधर्म सदभाव्य भारतीय संस्कृति का मूल्य है, धर्म निरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल्य नहीं है और इसलिये इस पर विचार होना चाहिए कि आपातकाल में जिस धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ा गया उसको हटाया जाए। इस बहस में 28 जून को देश के पूर्व उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ भी शामिल हो गये थे और उन्होंने अपने स्वभाव के अनुसार एक कदम आगे बढ़कर कहा कि (प्रस्तावना में जोड़े गये यह शब्द धर्मनिरपेक्ष व समाजवाद नासूर हैं और सनातन का अपमान है। यह हजारों वर्ष से इस देश की सभ्यतागत संपदा व ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है।) उन्होंने यह भी कहा कि (प्रस्तावना बीज होती है जिस पर संविधान विकसित होता है, भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया।) यह भारत में 42वाँ संविधान संशोधन के जरिये हुआ। इस बीच आरएसएस से संबंधित पत्रिका में 27 जून को एक लेख में कहा गया कि समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का आव्हान इसे तहस नहस करने का नहीं बल्कि आपातकाल की नीतियों की विकृतियों से इसके मूल भावना को बहाल करने की है।इन तीनों महानुभावों के बयानों के पीछे अपने-अपने उद्देश्य हैं। श्री होसबले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह हैं और यह निर्विवाद तथ्य है कि संघ वर्तमान संविधान को मौलिक रूप से ही बदलना चाहता है ताकि हिंदू राष्ट्र के अनुकूल संविधान बनाया जा सके और संघ की सुनियोजित रणनीति रहती है कि किसी भी प्रश्न को राष्ट्रीय बहस का मुददा बनाने के कई वर्ष पहले से वह उस पर काम शुरू करता है। अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण, समान नागरिक संहिता, कश्मीर को लेकर धारा-370 को हटाना, आदि अभियान इसके उदाहरण हैं और ऐसा लगता है कि अब संघ ने संविधान के प्रावधानों को बदलकर अपने अनुकूल बनाने की 26 जून से विधिवत और औपचारिक अभियान शुरू कर दिया है। संघ की कार्यशैली बहुत सोची समझी होती है और वे किसी शीघ्रता में नहीं होते। वैसे यह गुण अनुकरणीय है और सभी राजनैतिक दलों, व्यक्तियों और परिवर्तनकारी शक्तियों के लिये यह तरीका अपनाना चाहिए, परंतु सत्ता लोलुपता आमतौर पर इनसे जल्दबाजी में निर्णय कराती है। सत्ताकांक्षी होना बुरा नहीं है पर सत्ता लोलुप होकर ठोकरें खाना बुरा होता है। संघ सत्ताकांक्षी है और देश के नेता अपवाद छोड़ें तो सत्ता लोलुप हैं। जैसी की आशंका थी संघ ने इसके लिये विभिन्न अभियान चलाने की घोषणा 4 जुलाई 25 को कर दी है। श्री जगदीप धनखड़ जी ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति पद पाने के लिये बहुत शीघ्रता में थे और वे ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे जो न केवल उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं थे बल्कि शिष्टता की सीमा के भी परे थे। हमारे यहां कहावत है कि (नया मुल्ला ज्यादा प्याज खाता है) शायद यही उनकी स्थिति थी। श्री शिवराज सिंह चौहान जी भी मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अपने आप में कुछ असुरक्षित महसूस करते हैं और संघ को अपनी उपयोगिता सिद्ध करते रहना चाहते हैं। यह निर्विवाद है कि ये शब्द आपातकाल में संविधान संशोधन के द्वारा जोड़े गए थे परंतु यह कहना कि श्री वीआर आंबेडकर के द्वारा प्रस्तावित संविधान के यह विपरीत है, यह तथ्यपरक नहीं है। संविधान निर्माण प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ आंबेडकर थे और उन्होंने संविधान सभा में हुई बहसों पर जो आम राय बनी उन्हें ही प्रारूप के रूप में प्रस्तुत किया था परंतु संविधान की अपूर्णताओं को उन्होंने भी दुख के साथ व्यक्त किया था। संविधान सभा की बहसों में देखा जा सकता है कि बाबा साहेब संविधानिक समाजवाद के पक्ष में थे, याने वे चाहते थे समाजवादी व्यवस्था के लिये संवैधानिक प्रावधान बने परंतु उस समय की संवैधानिक सभा में उनकी कल्पना मूर्त रूप नहीं ले सकी, जिसका उन्हें दुख भी रहा। बाद में उन्होंने यहां तक कहा कि (लोग कहते हैं कि मैंने संविधान बनाया है परंतु शायद मैं इसे जलाने वाला पहला व्यक्ति होऊँगा।) यह उनकी निराशा व पीड़ा थी। जब वे प्रगतिशील विचारों के कानून हिंदू कोड बिल संसद में पेश नहीं कर सके तब भी उनकी निराशा सार्वजनिक रूप से व्यक्त हुई थी।

जहाँ तक धर्मनिरपेक्षता और सर्वधर्म समभाव का संबंध है, यह दोनों ही शब्द एक अर्थ में समानार्थी हैं। धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य धर्महीनता से नहीं है बल्कि धर्मनिरपेक्षता के दो अर्थ होते हैं, एक राज्य किसी से भी धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा, और दूसरे हर व्यक्ति अपनी-अपनी इच्छा से धर्म मानने को स्वतंत्र है। सर्व धर्म समभाव, यह एक आशाजनक शब्द है जो हर व्यक्ति को अपने धर्म को मानने के साथ-साथ अन्य धर्मों को भी उसी समता के भाव से देखने का संदेश देता है। निःसंदेह यह शब्द बहुत सुंदर है परंतु उसकी व्यावहारिकता व उपयोगिता पर विचार होना चाहिए। क्या यह मानवीय रूप से संभव है कि कोई भी व्यक्ति किसी एक धर्म को माने और दूसरे धर्म को भी उसी भाव से देखे। यह एक अतिमानवीय कल्पना है जो व्यावहारिक कम शाब्दिक अधिक है। जो व्यक्ति किसी एक धर्म को मानता होगा तो स्वाभाविक है कि वह उस धर्म को इसलिये मानता होगा कि उसकी नजरों में वह धर्म अन्य धर्मों से श्रेष्ठ है। सर्व धर्म समभाव व्यावहारिक रूप से तभी संभव है जब दुनिया का धर्म एक हो जाए। और यह अनुभव अब छिपा हुआ नहीं है कि भारत से लेकर दुनिया में जो भी धर्म गुरु हैं वह अपने अधर्म को श्रेष्ठ बताते हैं, दूसरे धर्मों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष निंदा करते हैं। अगर सर्वधर्म समभाव मानना व्यक्ति के लिये व्यावहारिक होता तो फिर यह धर्म परिवर्तन की समस्या क्यों होती? हमारे देश में ही हिंदू और सनातन के ठेकेदार लव जेहाद और धर्म परिवर्तन को रोकने के लिये कानून बनाने को क्यों लाचार हैं?

अध्यात्म

## जो लोग दूसरों के सुख के बारे में सोचते हैं, उनकी मदद भगवान भी करते हैं

एक लकड़हारा था। वह जंगल से लकड़ियां काटता और गांव के बाजार में बेचकर अपना जीवन चला रहा था। उसे इस काम से सिर्फ इतना ही पैसा मिल पाता था कि वह थोड़े बहुत खाने की व्यवस्था कर सकता था। बहुत परेशानियों में उसका जीवन चल रहा था। इस वजह से वह बहुत दुखी रहता था। एक दिन लकड़हारे के गांव में एक विद्वान संत पहुंचे। संत के दर्शन करने और उनके प्रवचन सुनने के लिए लोग दूर-दूर से गांव पहुंच रहे थे। गरीब लकड़हारा भी संत से मिलने पहुंच गया। मौका मिलते ही गरीब व्यक्ति ने अपनी परेशानियां संत को बता दीं। उसने संत से कहा कि आप भगवान से पूछिए कि मेरे जीवन में इतनी परेशानियां क्यों हैं? संत ने उससे कहा कि ठीक हैं भगवान से प्रार्थना करूंगा।

कुछ दिन बाद लकड़हार संत के पास फिर से पहुंचा। संत ने उससे कहा कि भाई तुम्हारी किस्मत सिर्फ पांच बोरी अनाज ही है। इसीलिए भगवान तुम्हें थोड़ा-थोड़ा अन्न दे रहा है, ताकि तुम्हें जीवनभर खाना मिलता रहे।

संत की बात सुनकर लकड़हार अपने घर लौट आया। कुछ दिन बाद वह फिर से संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुजी आप भगवान से कहो कि मुझे मेरी किस्मत का सारा अनाज एक साथ दे दे। कम से कम एक दिन मैं भरपेट भोजन करना चाहता हूं। संत ने कहा कि ठीक हैं मैं तुम्हारे लिए प्रार्थना करूंगा।

अगले दिन गरीब लकड़हारे के घर पांच बोरी अनाज पहुंच गई। उसने सोचा कि संत ने मेरे लिए प्रार्थना की है, इसीलिए भगवान ने मुझे इतना अनाज दे दिया है। उसने बहुत सारा खाना बनाया खुद खाया और गांव के गरीब लोगों को बांट दिया। सभी ने उसे दुआएं दीं। अगले दिन उसके घर फिर से पांच बोरी अनाज आ गया। उसने फिर ऐसा ही किया, खुद खाया और दूसरों को खाना खिला दिया।

काफी दिनों तक ऐसा ही चलता रहा। फिर एक दिन वह संत के पास पहुंचा और पूरी बात बता दी। संत ने उससे कहा कि भाई तुमने अपनी किस्मत का अनाज दूसरों की खिला दिया तो तुम्हारे इस नेक काम से भगवान बहुत प्रसन्न हैं। इसीलि वे तुम्हें अन्य जरूरतमंद लोगों की किस्मत का अनाज भी दे रहे हैं। ताकि तुम उन्हें भरपेट भोजन करा सको। संत की बात गरीब व्यक्ति को समझ आ गई। इसके बाद उसने दूसरों को खाना खिलाने का सिलसिला जारी रखा।

# आत्मनिर्भरता के लिए कौशल दक्षता का आलाप

**देश में वस्तु निर्माण के पुख्ता स्तंभ बनाने के लिए कौशल दक्षता में कमी की बात कही जाती है। यहां तक कि इंजीनियर और पीएचडी डिग्रीधारी को भी अयोग्य ठहरा दिया जाता है। हाल ही में आईफोन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एप्पल ने चेन्नई में फोन निर्माण के लिए एक संयंत्र स्थापित किया है, किंतु उसे पर्याप्त दक्ष युवा नहीं मिल रहे। इनकी प्रतिपूर्ति कंपनी ने चीन और ताइवान से की। यहां सवाल उच्च शिक्षित पेशेवरों के साथ उन शिक्षा संस्थानों पर भी खड़ा होता है कि तमाम आधुनिक संसाधनों से भरे पड़े ये पढ़ा व सिखा क्या रहे हैं? दक्षता की लक्ष्य पूर्ति के लिए अक्सर चीन से सीख लेने की बात कही जाती है। जिससे यह जान लिया जाए कि सस्ते मजदूरों के जरिए सस्ती वस्तुओं का निर्माण कैसे हो ? क्योंकि इन्हीं वस्तुओं के निर्माण से चीन दुनिया की औद्योगिक व प्रौद्योगिक शक्ति बना है। उसके माल से दुनिया के बाजार भरे पड़े हैं।**

प्रमोद भार्गव

यहां प्रश्न खड़ा होता है कि क्या हम सस्ती वस्तुओं के निर्माण की तरकीब और देशज ज्ञान भारत और भारतीयों से नहीं सीख सकते? मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक तहसील स्तरीय कस्बा है बदरवास। संयोग से मैं (लेखक) यहीं का रहने वाला हूं। अब से करीब पैंतालीस साल पहले बदरवास के ही बैक से 10 हजार रुपए का ऋण लेकर रमेश अग्रवाल ने यहीं छोटी सी दुकान में जैकेट बनाने का काम प्रारंभ किया था, तब वे रोजाना 40-50 जैकेट बनवाकर बेच लेते थे। किंतु आज हजारों जैकेट बनवा कर बेच रहे हैं। मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत नेपाल तक फेरी वाले उनकी जैकेट बेचते हैं। इसे मोदी जैकेट कहा जाता है। सस्ती जैकेट का यह व्यापार समूचे देश में फैल रहा है। इस उत्पाद के शो-रूम भी खुल रहे हैं और बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। अब जैकेट निर्माण का विकेंद्रीकरण हुआ है। करीब एक सैंकड़ा लोग जैकेट के निर्माण और व्यापार में जुटे हैं। पांच-सात हजार क्षेत्रीय ग्रामीण पुरुष और महिलाएं जैकेट की सिलाई के काम से जुड़े रहते हुए आत्मनिर्भर हुए हैं। बदरवास की गली-गली में जैकेट सिलने और बेचने का व्यापार परवान चढ़ा दिखाई देता है। बड़े कारोबारियों के कारखाने देखकर हैरानी होती है कि इतने छोटे कस्बे में जैकेट का इतने बड़े पैमाने पर उत्पादन कैसे हो रहा ?

इन जैकटों की कीमत न्यूनतम 80 रुपए से लेकर 300 रुपए तक है। यहां के सिले वस्त्र निर्माता इतना सस्ता उत्पाद कैसे कर पाते हैं, इस रहस्यमयी तरकीब को जानना जरूरी है, जिससे चीन की तरह भारत के माल से दुनिया के बाजार भरे जा सकें। जैकेट व्यापारी अपने ठिकानों पर विभिन्न आकार-प्रकार की जैकेटों के कपड़े की कटिंग कराते हैं। फिर इन कटे वस्त्रों को आसपास के पन्द्रह किलोमीटर तक के ग्रामों में सिलने के लिए दर्जन के हिसाब से भेज देते हैं। अतएव यहां देखने में आता है कि घर-घर और खेत-खेत महिलाएं और छात्राएं जैकेट की सिलाई में लगी हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं खेती-किसानी से जुड़ी होती हैं। ये घरेलू और किसानी की दिनचर्या से निपटने के बाद खेत में बने घर की दहलान में पैरों से चलने वाली सिलाई मशीन से सिलाई के काम में लग जाती हैं। सिलाई के बाद इनके घर का कोई व्यक्ति जैकेटों को साइकिल या बाइक से व्यापारी को दे आते हैं।

तत्काल इन्हें प्रति जैकेट के हिसाब से मजदूरी दे दी जाती है। जैकेट की सिलाई खाली समय में की जाती है, इसलिए मजदूर को अतिरिक्त धन मिल जाता है, जो इनकी आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बन गया है। सिलाई की इस कौशल दक्षता को मां या बड़ी बहन नई पीढ़ी को सिखाती चलती हैं। इस कौशल के लिए अच्छी पढ़ाई या उत्तम प्रशिक्षण की जरूरत ही नहीं पड़ती है। जैकेटों में काज-बटन लगाने का काम पुरुष या तो हाथ से करते हैं या फिर मशीनों से। जैकेट के जितने भी बड़े कारोबारी हैं, उनके कारखानों में आधुनिक व




इलेक्ट्रोनिक तकनीक से जुड़ी बड़ी-बड़ी मशीनें लगी हैं। इन मशीनों को चलाना भी लोग परस्पर सीख लेते हैं। इसी तरकीब से बदरवास में प्रतिदिन लगभग दस हजार जैकेट बनाकर बेची जा रही हैं।

सस्ते श्रम से सस्ते माल के उत्पादन की इस विधि को संपूर्ण भारत समेत विदेश में भी फैलाने की जरूरत है। चीन इसी तकनीक से विश्व बाजार में औद्योगिक षक्ति बना हुआ है। दरअसल चीन पिछले चार दशक से बदरवास जैसी वस्तु निर्माण की तरकीब अपनाए हुए है। वह वस्तु निर्माण से जुड़े कारीगरों को नगरों में आकर काम करने को विवश नहीं करता, अपितु कच्चा माल गांव-गांव भिजवाकर वस्तु निर्माण कराता है। देवी-देवताओं की मूर्तियां, दीपक, राखी, बिजली की झालर वह इसी तरकीब से बनवाता है और फिर उनकी दर्शनीय पैकिंग कराकर निर्यात करता है। अमेरिका समेत अन्य देशों के उद्योगपति चीन की इस सस्ती तरकीब से जुड़े सफल मंत्र के चमत्कार को अनुभव करके इसे अपनाने की पहल कर रहे हैं। लेकिन भारत जो अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा से वस्तुओं के निर्माण में हजारों साल से जुड़ा हुआ था, वहां के लोग और शिक्षा संस्थान पश्चिम की ओर ताक रहे हैं। भारत के शिक्षा विशेषज्ञ भी इसी विचार से प्रेरित हैं। लोगों को षेयर बाजार के सिद्धांत और ऋण से धंधे की स्थापना के जुनून का पाठ पढ़ाया जाकर सरकारी या कंपनियों की नौकरी मिल जाए। जिससे वे कुलीन की श्रेणी में आ जाएं। उच्च शिक्षा के इस लक्ष्य को साधने के लिए कर्ज की सुविधा देकर विदेशी व्यापार-प्रबंधन के संस्थानों में पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कथित कामयाबी के लिए यह प्रोत्साहन सर्वथा अनुचित है। जबकि भारतीय संस्कृति में शिक्षित होने का उद्देश्य धनवान या आभिजात्य होना कतई नहीं था। विनम्र व शालीन बने रहते हुए ज्ञान को अन्य समुदायों में बांटना और वंचितों की सेवा करना था। जैकेट का कारोबार शुरू करने वाले रमेश अग्रवाल एक ऐसे अपवाद हैं, जो 'अपना घर' के माध्यम से उपेक्षित रोगियों की सेवा में नियमित लगे हैं। किसी भी धनवान का देश और समाज के प्रति यही उत्तरदायित्व होना चाहिए।

दूसरी तरफ हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। जबकि देश के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत, रोजगार में 60 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत योगदान इन्हीं उद्योगों का है। फिर भी इन उद्योगों से लेकर ऑटोमोबाइल, कृत्रिम-मेघा और मशीन लर्निंग जैसे उद्योगों के लिए दक्ष युवाओं की कमी है। आखिर भारतीय राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन युवाओं को दक्ष करने में असफल क्यों रहा? क्योंकि इस अभियान में युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने का दायित्व जिन लोगों को सौंपा गया था, वे वही किताबी ज्ञान देते रहे, जिसे प्रशिक्षु शिक्षा संस्थानों से पढ़कर निकले थे, जबकि उन्हें उद्योग में प्रायोगिक ज्ञान की जरूरत थी। इसी ज्ञान से उत्पादकता बढ़ेगी।

उत्पादकता बढ़ेगी तो आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। मेक इन इंडिया का यही उपाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बाजार में भारत को स्थापित करेगा। राजस्व और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है।

**वृषभ**
दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिये घातक हो सकता है।

**मिथुन**
दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेम और समर्पण का भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक ट्रिप के लिये जाने की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**
वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमीजन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं।

**सिंह**
व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबन्ध मिलने की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्या**
सहकर्मी अत्यधिक प्रशंसा करेंगे। शत्रु आपको नुकसान पहुँचाने का प्रयास कर सकते हैं। विदेशी कम्पनियों में नौकरी कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला**
सामाजिक कार्यों में आपकी भूमिका बढ़ेगी। बच्चों के लिये खरीदारी कर सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिये अच्छा रहेगा। अधूरे पड़े कार्यों को निपटाने में लगे रहेंगे। कारोबार में आ रही समस्याओं का हल हो जायेगा।

**धनु**
पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। रिश्तों में तनाव कम होगा। सरकारी कार्य किसी कारणवश लम्बित हो सकते हैं।

**मकर**
आज किसी कारण अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दाम्पत्य सम्बन्ध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे।

**मीन**
दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। बिजनेस में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करें।

# गांधी स्टेडियम में आज लगेगा आकांक्षा हाट

## स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने आ रहा आकांक्षा हाट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** स्थानीय उत्पादों और कलाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल आकांक्षा हाट का आयोजन 30 जुलाई से 5 अगस्त तक गांधी स्टेडियम में किया जा रहा है। यह आयोजन जिले के स्थानीय उत्पादकों को अपने उत्पादों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। आकांक्षा हाट' सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो उन कारीगरों, दस्तकारों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने का काम करता है। जो अपनी अद्वितीय कृतियों और उत्पादों को बड़े मंच पर लाने में संघर्ष करते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य 'वोकल फॉर लोकल' (स्थानीय के लिए मुखर) के विचार को वास्तविक रूप देना है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना यह हाट हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृतियाँ, जैविक खाद्य पदार्थ, हथकरघा वस्त्र और अन्य स्थानीय विशिष्ट उत्पादों को खोजेगा और प्रदर्शित करेगा। जिनमें गुणवत्ता और मौलिकता है। आयोजक कारीगरों को विपणन, पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण में सहायता प्रदान करेंगे। यह उन्हें बेहतर मूल्य निर्धारण और सीधे ग्राहकों तक पहुंचने के अवसर प्रदान करके बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम करेगा। विभिन्न राष्ट्रीय प्रदर्शनियों, मेलों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से इन उत्पादों को देश भर के उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाएगा। जिससे इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया जा सके। दीर्घकालिक लक्ष्य इन उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात करना है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों का उपयोग किया जाएगा। पहल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित है, बल्कि इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की कला और संस्कृति का भी आदान-प्रदान होगा। जिससे विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

## प्रभारी मंत्री आज करेंगे हाट का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम' के तहत पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर और केसरिया प्रखंडों में किए गए बेहतर कार्यों के लिए पदाधिकारी और कर्मियों को बुधवार, 30 जुलाई 2025 को सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रभारी मंत्री सह शिक्षा मंत्री बिहार सरकार इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में 'आकांक्षा हाट' का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के तहत जिले में जुलाई से सितंबर 2024 तक 11 विभागों के 39 सूचकांकों (इंडिकेटर) के साथ एक स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वोकल फॉर लोकल' को भी जोड़ा गया। इस प्रकार कुल 40 इंडिकेटर पर कार्य किया गया। कार्यक्रम की निरंतर समीक्षा जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में उप विकास आयुक्त द्वारा की जाती रही है। जिला योजना पदाधिकारी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, कृषि और जीविका से जुड़े कार्य किए गए। दोनों प्रखंडों में कुल 6 सूचकांकों पर विशेष कार्य किया गया, जिसमें से तीन पर 100 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गई। ये तीन प्रमुख उपलब्धियां हैं: 30 वर्ष से ऊपर के सभी लक्षित व्यक्तियों की उच्च रक्तचाप की जांच, मधुमेह की जांच, किसानों की मिट्टी जांच कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना। इस उपलब्धि को चिन्हित करते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार और सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन की टीम को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इन सभी कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि कल्याणपुर और केसरिया में किए गए कार्य अन्य प्रखंडों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और इससे जिले में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इसके अलावा, कार्यक्रम में ''आकांक्षा हाट'' का भी उद्घाटन होगा, जहां स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की व्यवस्था की गई है। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जीविका, उद्योग विभाग, बैंकिंग (एलडीएम), डीआरसीसी सहित विभिन्न विभागों के कुल 12 स्टॉल लगाए जाएंगे। यह हाट आगामी 7 दिनों तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को स्टॉल को आकर्षक एवं सूचनाप्रद बनाने के निर्देश दिए ताकि आगंतुकों को योजनाओं की जानकारी मिले और वे लाभ उठा सकें। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नियोजन कैंप में 41 अभ्यर्थी शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग बिहार के तहत जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर बेगूसराय में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने की। उक्त कैंप में निजी कंपनी फयूजन फिनान्स के प्रतिनिधि अंकित कुमार के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 50 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 41 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 7 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। 14 को अगले चरण के लिए शार्टलिस्ट किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी श्री राणा ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जेएसए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डीएसएम सतीश पटेल, सामंत कुमार, रंजय सिंह देव एवं रामप्रीत उपस्थित थे।

## शहर के विकास को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों की संभावनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव के साथ सोमवार को कई महत्वपूर्ण स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत रघुनाथपुर से मजुरहा फायरिंग रेंज को जोड़ने वाले संभावित वैकल्पिक मार्ग की खोज से की गई। जिलाधिकारी और नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर मार्ग की भौगोलिक स्थिति एवं उपयोगिता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यदि यह वैकल्पिक रास्ता विकसित होता है तो फायरिंग रेंज तक पहुंचना अधिक सहज और सुगम हो जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रोइंग क्लब का निरीक्षण किया, जहां पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि रोइंग क्लब जैसे स्थलों को विकसित कर शहर को एक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकता है। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने जिला स्कूल तक बनाए जा रहे नए पथ के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी पिपराकोठी स्थित झील (धनौती नदी) भी पहुंचे। उन्होंने झील की भौगोलिक बनावट और आसपास के वातावरण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस स्थल को जल क्रीड़ा गतिविधियों जैसे नौका विहार, तैराकी (तरण ताल), वाटर सर्फिंग आदि के माध्यम से विकसित कर इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में रूपांतरित किया जा सकता है। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता प्रिया रानी, अंचलाधिकारी पिपराकोठी, तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## पिकअप से 720 बोतल शराब बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की बड़ी उपलब्धि मंगलवार को मिली है। कोईलवर प्रखंड के बक्सर पटना फोरलेन के कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप एक महिंद्रा पिकअप से 8 लाख रुपये मुल्य के विदेशी शराब पकड़ा है। जहां दो शराब तस्कर को 540 लीटर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनो तस्कर हरियाणा राज्य के निवासी है। जिसमें सोनीपत जिला के खरखोदा थाना क्षेत्र के खरखोदा निवासी चालक रवि कुमार है। दूसरा रोहतक जिला के सापला थाना क्षेत्र के भैसरु खुर्द निवासी अमित है। मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की हरियाणा कि ओर से पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना की ओर जा रही है। सहायक आयुक्त ने निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोरलेन पर कुल्हड़िया टोल प्लाज़ा के पास एक महिंद्रा पिकअप की जांच करने पर पिकअप के डाले में रखे स्टील के बॉक्स से रॉयल स्टेज बैरल सेलेक्ट ह्वीस्की 750 एमएल के 720 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। जप्त शराब को हरियाणा से पटना ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा व रवि कुमार, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। भोजपुर जिलाधिकारी के निर्देश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## केन्द्रीय विद्यालय में विश्वस्तरीय शिक्षा के साथ होगी एआई की पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नई शिक्षा नीति की 5वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के 25 पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयों को देश को समर्पित किया। इन विद्यालयों में बिहार से इकलौता गढ़हरा स्थित केंद्रीय विद्यालय शामिल है। इस मौके पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष, स्कूल के प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी ने आगत अतिथियों को शॉल, पाग, बुके और



पौध देकर सम्मानित किया। मंच संचालन शिक्षक निकेतन चौधरी और कार्यक्रम का संयोजन पीएम श्री की इंचार्ज नुसरत बानो ने किया। मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार ने कहा कि देश में 14 हजार 500 पीएम श्री विद्यालय हैं। इनमें से केंद्रीय विद्यालय भी शामिल हैं। मंगलवार को जिन 25 पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को देश को समर्पित किया गया। उनमें से बिहार से इकलौता गढ़हरा स्थित केंद्रीय विद्यालय है। इस विद्यालय में अब विश्वस्तर की शिक्षा मुहैया कराई जाएगी। सामान्य पाठ्यक्रम के साथ ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, वोकेशनल ट्रेनिंग, ई लाइब्रेरी, प्ले जोन जैसी आधुनिक सुविधा भी उपलब्ध होगी। विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला, विकसित शिक्षा व्यवस्था से ही रखी जाएगी। पीएम श्री विद्यालयों के माध्यम से 75 लाख से अधिक बच्चों का भविष्य सशक्त होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता से प्रेरित पीएम श्री स्कूल का उद्देश्य है विद्यार्थियों को ग्लोबल स्तर की तकनीकी, मूल्यपरक व समग्र शिक्षा से जोड़कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता केशव शांडिल्य ने केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब इस विद्यालय के 1000 छात्रों और आगे आने वाले छात्र-छात्राओं को विश्व स्तर की न सिर्फ शिक्षा मिलेगी बल्कि वो तकनीक रूप से दक्ष होकर विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के मजबूत सह यात्री बनेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य रजनीश त्रिपाठी, राकेश राय, अरविन्द चौधरी, मनोज राय, रोशन ध्रुव, डा. ज्ञान शेखर ठाकुर, संजीव कुमार, अमिय अभिलाष दत्ता, गोपाल चौधरी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## बिहार आईडिया फेस्टिवल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर, आरा में जिला उद्योग केन्द्र, भोजपुर के तत्वावधान में बिहार आईडिया फ़ेस्टिवल का आयोजन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मधु कुमारी, जिला लेखा पदाधिकारी श्याम किशोर पटेल, डीपीआरओ नीतीश कुमार व कॉलेज के प्राचार्य सीबी महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर जिलाधिकारी ने छात्रों को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और वर्तमान समय में उद्यमिता की




बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वहीं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र फ़ेस्टिवल के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए बताया कि यह मंच युवाओं के विचारों को आकार देने और उन्हें वास्तविकता में बदलने का अवसर प्रदान करता है। स्टार्टअप बिहार पॉलिसी के अंतर्गत सफल उद्यमियों सौरभ कुमार, शुभम कुमार सिंह और मनीष कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना तथा जीविका से जुड़ी दीदियों ने भी अपने अनुभवों को साझा कर कार्यक्रम की सार्थकता को मजबूत किया। आईडिया फ़ेस्टिवल के दौरान प्रस्तुत बिजनेस आइडिया में से प्रथम पुरस्कार रविशंकर कुमार, द्वितीय प्रियांशु सिंह तथा तृतीय रैशन कुमार को प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी द्वारा तीनों प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर परियोजना प्रबंधक निखिल कश्यप, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, हरेश कुमार, अरविंद कुमार, श्वेता कुमारी, मनोज कुमार, अखिलेश, दिव्येन्दु शेखर सिंह, स्टार्टअप सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ सत्येन्द्र पांडेय एवं फैकल्टी इंचार्ज समेत अन्य मौजूद थे।

## स्वस्थ समाज करता है स्वस्थ राज्य का निर्माण : मंगल पांडेय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वर्ष 2006 में मानसिक आरोग्यशाला कोईलवर का स्थापना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुआ। इसके बाद नये अस्पताल के निर्माण का नींव रखा गया। जब मै स्वास्थ्य मंत्री बना। उस वक्त 180 बेड का ये अस्पताल पहले से संचालित था। आज 141 बेड का उद्घाटन हो गया। जिसमें 100 नशा मुक्ति केंद्र का है। 21 बेड अल्पावधि प्रवास और 20 प्राइवेट पार्ट के है। यह नशामुक्ति केंद्र बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना द्वारा विकसित किया गया है। उक्त बातें कोईलवर में मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को मानसिक आरोग्यशाला के 100 शैय्या (बेड) के उद्घाटन के बाद कहीं। आज यह अस्पताल 321 बेड का बन गया। कहा मुझे प्रसन्नता है कि स्वस्थ्य मन, स्वस्थ्य बुद्धि ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है। स्वस्थ्य समाज ही स्वस्थ्य राज्य का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सोंच है कि इस अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर लाना है। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल का जब उद्घाटन हुआ था तब उस वर्ष मात्र 563 मरीज का इलाज हुआ था। वर्ष 2024 में 1 लाख 4 हजार मरीज का इलाज हुआ। और शेष पिछले 6 महीनों में 53 हजार मरीजों को देखा गया। अतः यह अस्पताल काफी तेजी में ग्रोथ किया है।

**क्या है आरोग्यशाला का महत्व**

आरोग्यशाला में नशे की समस्या से निपटारा होगा। यह केंद्र बिहार में नशे की समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। यह केंद्र सरकार के प्रयासों का हिस्सा है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों के स्वास्थ की रक्षा करने के लिए काम कर रही है।

## रक्सौल में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 22 किशोरियों को लगाया गया एचपीवी का टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से रक्सौल में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत हो गई है। इस अभियान के तहत सोमवार को राजकीय रेलवे मध्य विद्यालय रक्सौल में आयोजित शिविर में 22 किशोरियों को ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन का पहला डोज दिया गया। यह टीकाकरण अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन कुमार की निगरानी में किया गया। शिविर में शामिल सभी लाभार्थियों को टीका लगाने के बाद 30 मिनट तक चिकित्सकीय पर्यवेक्षण में रखा गया, ताकि किसी प्रकार की प्रतिकूल प्रतिक्रिया की स्थिति में तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जा सके। सभी किशोरियों की तबीयत सामान्य पाई गई और उन्हें सुरक्षित घर भेज दिया गया। डॉ. राजीव रंजन कुमार ने बताया कि रक्सौल में 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी का टीका बिना किसी शुल्क के दिया जा रहा है। फिलहाल रक्सौल अनुमंडल में एचपीवी की 1100 डोज उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण चिन्हित प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा।

उपाधीक्षक ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरावस्था में देने पर सर्वाधिक प्रभावी होती है, जिससे जीवनभर के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव करती है, जो कि महिलाओं में दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। डॉ. कुमार ने बताया कि निजी अस्पतालों में इस वैक्सीन की प्रति डोज लागत 5 हजार रुपये से अधिक है, लेकिन राज्य सरकार इसे निःशुल्क उपलब्ध करा रही है।

## एक नजर

### किसानों की उन्मुखीकरण कार्यशाला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पंचायत भवन समसा में मनरेगा कर्मी एवं किसानों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू ने की। बागवानी एवं तलाब निर्माण के उपर प्रदान संस्था के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के अभिषेक कुमार ने कहा कि आजीविका में वृद्धि मनरेगा द्वारा संचालित योजनाएं बागवानी एवं तलाब निर्माण के क्षेत्र में बढावा देना मकसद है। प्रोजेक्टर के माध्यम से सघन बागवानी करने के तरीके को बताया गया। बागवानी में खेती, लेआउट, पौधे का चयन, पौधे का उपचार, सिंचाई, लगाने का विधि, बेहतर आमदनी के लिए योजना एवं मनरेगा के द्वारा मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। वहीं गौतम गोस्वामी ने किसानों की आय में वृद्धि हेतु परंपरागत खेती से इतर मछली पालन करने तथा उससे होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी।मत्स्य पालन करनेवाले किसानो के लिए मनरेगा एवं सरकार से मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया गया मछली पालन की तकनीक को सिखाया गया। मौके पर संस्था के शिवचन्द्र कुमार, रोजगार सेवक बबलू कुमार, किसान राजदेव महतो कपिल देव, महतो रामबली महतो, रामचन्द्र साह,कामिनी कुमारी नुतन कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

### सिलाई ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर के दीप तथा आकाश जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ में सिलाई ट्रेनिंग सेंटर तथा वस्त्र उत्पादन केन्द्र का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन जीविका के बीपीएम मनोरंजन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्लालंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जीविका तथा राज्य सरकार के बीच आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विभिन्न प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले स्कूली छात्र, छात्राओं को सिला सिलाया स्कूल ड्रेस देने का करार हुआ है। इस ट्रेनिंग सेंटर से जीविका से जुड़ी महिलाओं को ड्रेस तैयार करने की ट्रेनिंग प्रदान कर रोजगार मुहैया कराना मकसद है। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी तथा आर्थिक रूप से सशक्त होगी। मौके पर सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, दुलार चंद राम, रोहित कुमार, कुंदन कुमार, जीविका दीदी बिंदु कुमारी, सीमा खातुन, पिंकी देवी, मंजूषा देवी आदि मौजूद थे।

### छात्राओं की हुई निःशुल्क दंत जांच

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को मोहिनी देवी रुंगटा हॉस्पिटल अररिया आरएस के प्रांगण में मोहिनी देवी स्कूल के छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉक्टर जिमी गुप्ता ने सैकड़ो छात्राओं का दांत संबंधी रोगों का परामर्श व जांच किया। इस अवसर पर डॉक्टर जिमी गुप्ता ने छात्राओं को प्रतिदिन अच्छी तरह ब्रश करने व पाईड़िया जैसे रोग, दातों से खून आना आदि दांत संबंधी रोगों का निवारण हेतु उपाय बताएं। इस अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता हेतु समय-समय पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं का आंख जांच, दांतों का जांच व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

### पति-पत्नी ने की आत्महत्या

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लाखो थाना अंतर्गत बहदरपुर गांव वार्ड- 6 में पति-पत्नी ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृत दंपति की पहचान 21 वर्षीय शुभम कुमार और लड़की की पहचान मुन्नी कुमारी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों ने लगभग 6 महीने पहले अंतरजातीय विवाह प्रेम प्रसंग में किया था। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। लाखो थानाध्यक्ष ने बताया कि आत्महत्या की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है। लेकिन प्रथम दृष्टया आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### बाल श्रमिक आयोग का किया गया स्वागत

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्णियां से पटना जाने के क्रम में जनता दल यू के कार्यकर्ताओं ने बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार बादल का अररिया जिला के जीरो माइल के समीप अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पिपरा विधानसभा प्रभारी सीताराम मंडल के अगुवाई में पूरे गर्मजोशी के साथ अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से किया भव्य स्वागत। अशोक कुमार बादल ने पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। आप सभी साथियों से आग्रह है कि अभी चल रहे मतदाता पुनीरीक्षण कार्य में पूरे तन मन से सहयोग कर सही मतदाताओं का नाम जुड़वाने का काम करें। 2025 से 2030 फिर से नीतीश मिशन पर अभी से पूरी मजबूती के साथ लग जाएं। हर घर जाकर मुख्यमंत्री के द्वारा हर समुदाय के उत्थान के लिए किए गए अनेकों लाभकारी योजनाओं की जानकारी देने का काम करें। हम सबों को गर्व है कि हमारे नेता नीतीश कुमार हैं जिसे पूरी दुनिया विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। इसे लोग विकसित बिहार के विश्वकर्मा कहते हैं। स्वागत करने वालों में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पिपरा विधानसभा प्रभारी सीताराम मंडल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उपेंद्र मंडल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ एम आलम, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उमेश पासवान, जिला सचिव मुन्ना सिंह, विनोद पोद्दार, डॉक्टर शाहिद खान, जोकीहाट के एनडीए नेता जुबेर आलम, अबू बसर, डॉक्टर सरवर आलम के अलावे दर्जनों लोग शामिल हुए।

### अष्टायाम को लेकर कलश शोभा यात्रा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के हसनपुर बागर पंचायत के भगवती स्थान शेखपुरा में रामधुनि अष्टायाम को लेकर कलश शोभा यात्रा सोमवार को निकाली गयी। शोभा कलश यात्रा में शामिल 231 कुंवारी कन्याओं ने यज्ञ की सफलता के लिए सिर पर कलश धारण कर ग्राम प्रदक्षिणा की। पवित्र सरोवर से जलपूरित कलश की पूजा अर्चना के बाद गौरीपुर, रजाकपुर, चकमुजफ्फर के विभिन्न मार्ग होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः अष्टयाम स्थल पहुंची। इस अवसर पर पंडित विरेन्द्र पाठक ने कहा की शोभा कलश यात्रा से अष्टयाम यज्ञ के सभी विघ्न बाधाएं दूर होती है। कलश में तीनों लोक के देवता का वास होता है।कलशयात्रियों के वांछित मनोकामना पूरी होती है। इस अवसर पर आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह ने इस कलश यात्रा में शामिल सभी कुंवारी कन्याओं का यज्ञ स्थल पर स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड रामधुनी अष्टयाम यज्ञ प्रारंभ हुई। सीताराम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए आसपास के एक दर्जन कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। मौके पर पूर्व उप प्रमुख अरविंद सिंह, रूपम सिंह, संजय सिंह, सुरेश सिंह, अरविंद यादव, सनोज मोची रूपक टाटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सक्रिय थे।

### भाकपा का धरना

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट भवन के दक्षिणी द्वार पर सीपीआई के हजारों कार्यकर्ताओं ने अपनी कई ज्वलंत मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस धरणा को संबोधित करते हुए जिले के पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने जिला प्रशासन के अधिकारी से यह मांग किया कि राशन घोटाले की जांच अभिलंब करें। साथ ही जिले में बढ़ते अपराध पर भी जिला प्रशासन के अधिकारी शीघ्र अंकुश लगावे।

# अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति गंभीर रहें प्रधान सहायक : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिले के सभी प्रधान सहायकों की बैठक सम्पन्न हुई। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रधान सहायकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्ठापूर्वक बेहतर तरीके से कार्य करें। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति गंभीर रहें। कार्यालय के सभी कार्यों को ससमय निष्पादित कराएं। लंबित कार्यों को।त्वरित गति से निष्पादित करें। प्रधान सहायकों की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा रोकड़ बही, माननीय न्यायालय, सेवांत लाभ, सेवा शिकायत, एसीपी एमएसीपी अनुकम्पा, मुख्यमंत्री जन शिकायत, जिला जनता दरबार, अंचल भू-मापी प्रतिवेदन, सूचना का अधिकार अधिनियम, कर्मपुस्त, विभागीय कार्यवाही, बायोमेट्रिक एटेंडेंस, सेवा इतिहास के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा जिले के सभी सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। कार्यालय का बेहतर तरीके से प्रबंधन करें और सभी प्रकार के लंबित मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करना सुनिश्चित करें। कार्यालय की समुचित साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे, इसे सुनिश्चित करें। कार्यालय के रोकड़ बही सहित सभी पंजियों, अभिलेखों, संचिकाओं को अद्यतन एवं सुरक्षित रखें। उन्होंने प्रधान सहायकों को अंतिम। चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालय का रोकड़ बही अपडेट रखें। साथ ही विभागीय कार्यवाही से संबंधित कार्य अधिकतम 90 दिनों के अंदर निष्पादित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधान सहायकों से कहा कि सेवांत लाभ से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ ससमय भुगतान करना सुनिश्चित करें ताकि सेवानिवृत कर्मियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। एसीपी एमएसीपी जैसे मामलों में लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले प्रधान सहायकों को उन्होंने निर्देश दिया कि एक माह के अंदर सभी लंबित मामलों का निष्पादन कराएं अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, कुमार रविन्द्र, स्थापना उप समाहर्ता, मो0 अहमद अली सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रधान सहायक उपस्थित थे।

## देवघर बस दुर्घटना में डकरा गांव के चार श्रद्धालु घायल, चालक छोड़ भागा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** देवघर-बासुकीनाथ मार्ग पर जमनिया मोड़ के पास एक तीव्र गति से आ रही बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में सवार मखदुमपुर प्रखंड के डकरा गांव निवासी ज्ञान यादव, लव कुश कुमार, सिंटू यादव और सुभाष कुमार घायल हो गए। हादसे के दौरान चालक वाहन छोड़कर भाग गया, लेकिन सुभाष कुमार ने साहस दिखाते हुए स्टेयरिंग संभाला और बस को ईंट के ढेर से टकराकर रोका। चारों घायल देवघर जलाभिषेक के लिए 25 जुलाई को गए थे।

# आवास,जाति तथा आय प्रमाण पत्र निर्गत करने में की जायेगी कागजातों की सम्यक जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में अब सम्यक जांच के बिना आवेदनों का निष्पादन संभव नही हो सकेगा। इसके लिए अब विभाग एआई का इस्तेमाल भी करेगा। मामले में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के निदेशक ने सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि एनआईसी के सर्विस प्लस प्लेटफार्म पर उपलब्ध वेरिफिकेशन प्रोसेस का कड़ाई से पालन करें। इस व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के द्वारा अब बहुत जल्द




एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का भी प्रयोग किया जायेगा ताकि सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की जा सके। गौरतलब हैं कि मसौढ़ी अंचल में डॉग बाबू के नाम से निवास प्रमाण-पत्र निर्गत करने का मामला सामने आने के बाद यह आदेश दिया गया है। कारणकि जांच में यह बात सामने आया कि सर्विस प्लस पोर्टल के माध्यम से निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में राजस्व अधिकारी के लॉगइन में आवेदन से सम्बंधित सभी कागजातों के सत्यापन का प्रावधान रहने के बावजूद भी इसका उपयोग नहीं कर राजस्व अधिकारी द्वारा गलत साक्ष्यों के आधार पर दिए गए आवेदन को बिना विस्तृत जांच किए प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिया गया। वहीं आईटी सहायक द्वारा बिना सम्यक जांच के आवेदन स्वीकृति के लिए राजस्व अधिकारी को अग्रसारित किया गया था। नियम के विरुद्ध स्व-घोषणा देकर तथा किसी अन्य व्यक्ति के पहचान पत्र का दुरूपयोग कर गलत साक्ष्य के आधार पर निवास प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन देने वाले आवेदक के विरूद्ध अब सीधे प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया है।

# मृत घोषित पत्नी छह साल बाद मिली जिंदा, दहेज हत्या का केस निकला फर्जी

## पटना से पुलिस ने महिला को किया बरामद, प्रेमी संग रह रही थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** छपरा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पकड़ौआ विवाह के डेढ़ साल बाद फरार हुई एक महिला को छह वर्षों बाद पटना से पुलिस ने जीवित बरामद किया है। आश्चर्य की बात यह रही कि महिला को उसके ही परिजनों ने पहले 'मृत घोषित कर दहेज हत्या का केस दर्ज करा दिया था', जिससे पति और उसके पूरे परिवार को वर्षों तक सामाजिक और कानूनी प्रताड़ना झेलनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भेल्दी थाना क्षेत्र के सिरसाबली गांव निवासी तेरस साह की पुत्री सोनी कुमारी को पुलिस ने पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र से बरामद किया। सोनी को 2017 में डोरीगंज के डुमरी रसूलपुर गांव निवासी सोनू कुमार से जबरन पकड़ौआ विवाह के तहत शादी कराई गई थी। उस समय सोनू सीआरपीएफ में चयनित हो चुके थे, जिसे देखते हुए लड़की के घरवालों ने लालच में यह विवाह कराया।

शादी के कुछ समय बाद ही सोनी ने कई बार घर से भागने की कोशिश की, और आखिरकार वह 2019 में हमेशा के लिए लापता हो गई। इसके बाद उसके पिता ने सोनू और उनके परिवार के 12 सदस्यों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करा दिया। मामला तब फिर सुर्खियों में आया जब सोनू की बहन प्रियंका कुमारी की होमगार्ड में नियुक्ति हुई। चरित्र प्रमाण पत्र के लिए जब पुलिस जांच हुई, तो मामले की तह तक जाने पर सच्चाई सामने आई। मोबाइल लोकेशन और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने सोनी को पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र स्थित रविराज नामक युवक के घर से बरामद किया, जिसके साथ वह विवाह कर तीन बच्चों की मां बन चुकी थी। सीडीपीओ राम पुकार सिंह ने बताया कि डीआर रिपोर्ट और तकनीकी जांच में स्पष्ट हुआ कि महिला जीवित है और स्वेच्छा से दूसरी शादी कर चुकी है। कोर्ट में महिला ने अपने पहले पति सोनू कुमार के पक्ष में बयान दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले को बंद (क्लोज) कर दिया और महिला को उसके वर्तमान पति के पास सौंप दिया। इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का बाजार गर्म है, वहीं दहेज हत्या के झूठे आरोप से राहत मिलने पर पीड़ित परिवार ने न्यायपालिका और पुलिस प्रशासन का आभार जताया है।

यह मामला न सिर्फ पकड़ौआ विवाह की सामाजिक बुराई को उजागर करता है, बल्कि झूठे मुकदमों से निर्दोषों को हुए नुकसान की गंभीर तस्वीर भी पेश करता है।

## हर्षोल्लास के साथ मना नाग पंचमी का पर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मैनाटांड।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को परंपरागत नागपंचमी का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों के दरवाजे पर नागों के चित्र बनाकर उनकी पूजा अर्चना हुई। जबकि श्रद्धालुओं ने नाग देवता की बांबियों पर पहुंचकर दूध लावा चढ़ाया। जबकि गांवों में डेरा जमाए सपेरों ने नाग देवता के दर्शन कराने के साथ खूब कमाई की। प्राचीन काल से ही नागपंचमी का त्यौहार श्रावण माह की शुक्लपक्ष की पंचमी को मनाया जाता रहा है। इस त्यौहार में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विशेष आराधना का महत्व बताया गया है।

# हेजलपुर गांव पर मंडराया संकट, कटाव से 50 एकड़ जमीन समाई नदी में

**नवबिहार टाइम्स डेस्क**

**सारण।** सारण जिले के उत्तरी क्षेत्र में एक बार फिर गंडक नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। मकेर प्रखंड के हेजलपुर गांव में गंडक के बढ़ते जलस्तर और तेज कटाव ने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। पिछले चार दिनों में लगभग 50 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि गंडक नदी में समा चुकी है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है।

हेजलपुर गांव गंडक नदी के किनारे बसे दियारा क्षेत्र का प्रमुख गांव है, जहां की अधिकतर आबादी खेती पर निर्भर है। ग्रामीणों ने बताया कि कटाव की शुरुआत अप्रैल-मई में ही हो गई थी, लेकिन बीते पंद्रह दिनों से कटाव की रफ्तार बेहद तेज हो गई है। अब यह गांव के रिहायशी इलाके से मात्र 40 मीटर दूर पहुंच चुका है।

**प्रशासन की कोशिशें बेअसर**

गंडक की धारा अब दक्षिण दिशा की ओर मुड़ चुकी है और सीधे तटबंध की ओर बढ़ रही है। प्रशासन द्वारा कटाव रोकने के लिए निरोधात्मक कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई ठोस असर नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल इसी तरह जमीन कटती जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

**घर छोड़ने को मजबूर ग्रामीण**

कटाव के बढ़ते खतरे को देखते हुए हेजलपुर के कई परिवारों ने अपने घरों का सामान समेटकर पलायन शुरू कर दिया है। गांव में अनिश्चितता और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। लोगों को डर है कि अगर समय रहते कटाव पर काबू नहीं पाया गया, तो पूरा गांव ही गंडक के गर्त में समा सकता है।

**स्थायी समाधान की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई है कि कटाव को रोकने के लिए त्वरित और प्रभावी उपाय किए जाएं। उनका कहना है कि अब केवल बांध के किनारे थोड़ी-बहुत मरम्मत या बोल्डर डालने से समस्या नहीं सुलझेगी। उन्हें स्थायी तटबंध और वैज्ञानिक उपायों की आवश्यकता है।

गंडक का यह कटाव सिर्फ जमीन की बर्बादी नहीं, बल्कि अस्मिता, आजीविका और जीवन के अस्तित्व पर भी संकट बन चुका है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थिति मानवीय आपदा में बदल सकती है।

# करमवा महावीरी अखाड़ा में महादंगल का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मझौलिया।** नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को करमवा पंचायत भवन परिसर में पारंपरिक महावीरी अखाड़ा के तहत कुश्ती महादंगल का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस आयोजन में बिहार, उत्तर प्रदेश, नेपाल और राजस्थान से आए महिला एवं पुरुष पहलवानों ने जोरदार मुकाबले कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।दंगल की शुरुआत गाजे-बाजे और जयकारों के साथ हुई। पहलवानों ने अखाड़े में अपने दमखम और दांव-पेंच से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला पहलवानों में माही पहलवान, ब्यूटी पहलवान, रंजना पहलवान ने शानदार प्रदर्शन किया,वहीं पुरुष पहलवानों में हरिहर थापा, देवा थापा, सुदामा पहलवान, शैतान सिंह, छोटे लाल, योगेंद्र सहित कई नामचीन पहलवानों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी। आयोजक अध्यक्ष दशरथ प्रसाद ने बताया कि कुश्ती हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है और इस तरह के आयोजनों से इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती शारीरिक शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है, जो युवाओं में उत्साह और जोश भरता है। कार्यक्रम में विधि व्यवस्था की निगरानी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने दंडाधिकारी के रूप में की। मौके पर डीएसपी गौतम शरण ओमी, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, बीडीओ वरुण केतन, सीओ राजीव रंजन, दरोगा भानु प्रकाश समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन बाबा केशव दास हनुमान गढ़ी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## पुलिस की वर्दी में सेवानिवृत शिक्षक से ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** डाकघर से पैसे की निकासी कर अपने घर वापस जा रहे सेवानिवृत शिक्षक को झांसा में लेकर वर्दीधारी ठग ने एक लाख रुपया छिन लिया और चंपत हो गया। घटना शहर के कालीबाग थाना क्षेत्र के उतवारी पोखरा के समीप की है। जहां शराब जांच करने के बहाने पुलिस की वर्दी में एक अपराधी ने सेवानिवृत शिक्षक प्रभु प्रसाद से एक लाख रुपये ठग लिया है। ज्योति नगर झीलिया वार्ड चार निवासी प्रभु प्रसाद डाकघर से रुपये की निकासी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अपराधी उन्हें झांसा देकर रुपये ठग लिया। मामले में प्रभु प्रसाद ने कालीबाग थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि प्रभु प्रसाद की शिकायत पर कालीबाग थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# संत माइकल्स एकेडमी में अंतर विद्यालय स्टेम प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मार्गदर्शन में सीबीएसई ने आज की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिये सिलेबस में स्टेम का इस्तेमाल किया है। स्टेम अर्थात विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित। ये चार विषय हमारे जीवन को आसान और बेहतर बनाने में मदद करते हैं। स्टेम से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बीस विद्यालयों के प्रतिनिधि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना प्रस्तुति दी। स्टेम विषय पर संत माइकल्स एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता की शुरुआत प्रार्थना और दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्या डॉ कुमारी अंजली ने आगत प्रतिनिधि शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया और दो निर्णायक विश्वमोहन और नितिन को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य विजय विक्टर ने किया। कार्यशाला में राजहंस पब्लिक स्कूल, एजी चर्च स्कूल, संत कोलंबस स्कूल, संत जोसेफ स्कूल, नोट्रेडेम पब्लिक स्कूल, एमएसएस स्कूल बगहा, वीपी स्कूल बहुअरवा, रामकृष्ण विवेकानंद मंझरिया बैरिया, लोटस पब्लिक स्कूल, जीडी आरपीएस नरकटियागंज, सीएमपी स्कूल बगहा, सनराइज पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर बेतिया, कारमेल कॉन्वेंट, मॉडल पब्लिक स्कूल सिकटा, आर एल इंटरनेशनल स्कूल, संत जेवियर स्कूल नरकटियागंज के प्रतिनिधि शामिल रहें।

# महावीरी झंडा को लेकर पुलिस रही चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** महाबीड़ी झंडा जुलूस को लेकर सुबह से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस चौकसी बनी रही।वही महावीरी आंकड़ा एवं महावीरी झंडा मेला को लेकर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस वालों की विधि व्यवस्था को लेकर तैनाती की गई है। पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात नजर आए। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि महावीर झंडा जुलूस को लेकर पुलिस जिला अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों को पूर्व से ही निर्देशित कर दिया गया था कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में चौकसी बनाए रखते हुए स्वच्छ वातावरण के बीच शांतिपूर्ण माहौल में महावीर झंडा मेला को संपन्न करावे। वही उन्होंने बताया कि प्रशासनिक व पुलिस प्रशासन द्वारा भारी संख्या में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर देखते हुए दडा अधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस वालों की तैनाती की गई है। एवं सभी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने स्थलों पर निर्धारित समय पर उपस्थित रहते हुए महावीरी झंडा मेला संपन्न होने के पश्चात ही स्थल को छोड़ेगे। इसी क्रम में बगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के बाऊकी माई स्थान पारस नगर, पटखौली थाना के डुमावलिया स्थित आई बी पी पेट्रोल पंप परिसर समेत अन्य थाना क्षेत्रों में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी झंडा मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मेला स्थलों पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे मेला का आनंद उठाते नजर आए।

# पूर्व जिला पार्षद से 20 हजार की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले में साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के नाम से फर्जी फ़ेसबुक आईडी बनाकर पूर्व जिला पार्षद से 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता रीना देवी के पति राजेश कुमार गौतम ने साइबर थाना में इस घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, 7 जुलाई को रीना देवी के फ़ेसबुक अकाउंट पर एक मैसेज आया, जो जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार (आईएएस) के फर्जी फ़ेसबुक अकाउंट से भेजा गया था। मैसेज में कहा गया कि डीएम के मित्र आशीष कुमार, जो सीआरपीएफ में अधिकारी हैं, उनका ट्रांसफर जम्मू हो गया है और वे अपना फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते दर पर बेचना चाहते हैं।

इसके बाद मैसेंजर पर रीना देवी का मोबाइल नंबर लिया गया और 8 जुलाई को कथित आशीष कुमार ने फोन कर खुद को सीआरपीएफ का अधिकारी बताया। फिर उन्होंने व्हाट्सएप पर फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान की तस्वीरें भेजीं, जिसकी कीमत 80 हजार रुपये बताई गई। चूंकि यह संपर्क डीएम के नाम से बने फर्जी फ़ेसबुक अकाउंट के माध्यम से हुआ था, इसलिए विश्वास में आकर रीना देवी के पति ने पहले 20 हजार रुपये गूगल पे से भेज दिए। पैसे भेजने के बाद फर्जी आशीष कुमार ने फिर से 20 हजार रुपये की मांग की। इस पर राजेश कुमार गौतम ने कहा कि सामान मिलने के बाद बाकी राशि देंगे। लेकिन उसके बाद डीएम के नाम वाला फर्जी अकाउंट रीना देवी की फ्रेंड लिस्ट से गायब कर दिया गया। तब जाकर उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने तुरंत साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई।

**साइबर डीएसपी ने की पुष्टि**

साइबर डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी जांच की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के संदेश या लेन-देन से पहले सतर्कता बरतें और सत्यापन अवश्य करें।

## नि :शक्तता जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को आदर्श मध्य विद्यालय पटखौली बगहा दो परिसर में निशक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी पीएचसी बगहा दो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह नीरज ने दी। उन्होंने बताया कि जिला सिविल सर्जन के निर्देश के आलोक में निशक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 6 से 18 वर्ष के निशक्त छात्र छात्राओं की जांच शिविर में उनका निबंध के साथ डॉ इरशाद आलम, डॉ रणबीर सिंह, सीएचओ बजरंग सिंह कृष्ण राम व निशक्त कैंप इंचार्ज अरविंद कुमार की देख रेख में आठ निशक्त छात्र-छात्राओं की शारीरिक जांच की गई।

# आवास योजना के आवेदनों का सत्यापन कृषि समन्वयक के जिम्मे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** आवास योजना में सेल्फ सर्वे आवेदनों को प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से सख्त है । सेल्फ सर्वे आवेदनों के सत्यापन को लेकर कृषि समन्वयक सहित पंचायत सचिवों को जवाब देही सौंपी गई है। प्रखंड बगहा दो के बीडीओ विद्दु राम ने बताया कि आवास योजना के तहत प्रखंड के लगभग 7000 लाभुको के द्वारा सेल्फ सर्वे का कार्य किया गया है। जिनके सत्यापन को लेकर टीम गठित की गई है। इस कार्य को दो दिनों में पूरा करना है। ऐसे में बीडीओ ने कृषि समन्वयक व आवास पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर दो दिनों में सत्यापन का शत प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने बताया कि दो दिनों में सत्यापन कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित पर्यवेक्षकों एवं कृषि समन्वयको पर विभागीय कार्रवाई की भी अनुशंसा की जाएगी। गौरतलब हो कि आवास योजना के सर्वे आवास सहायकों के द्वारा किया जा रहा था। ऐसे में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के लगभग 7000 लाभुको के द्वारा विभागीय पोर्टल पर आवास को लेकर सेल्फ सर्वे का भी कार्य किया गया है । आवेदन किया गया है। जिसका सर्वे सत्यापन किया जाना है। सत्यापन ससमय हो इसको लेकर आवास पर्यवेक्षक को कृषि समन्वयक को जवाब देही सौंपी गई है। साथ ही साथ आवास सहायकों के इस कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

# जल स्तर में आशंकित वृद्धि को देखते जिला प्रशासन ने नागरिकों को किया सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 29 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक फल्गु नदी के कैचमेंट एरिया चतरा एवं हजारीबाग क्षेत्र में वर्षा की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है।उक्त के आलोक में फल्गु नदी में तेजी से जलस्तर में वृद्धि की सम्भावना के मद्देनजर उदेरास्थान बराज का गेट खोला जा सकता है , जिससे डाउन स्ट्रीम क्षेत्र में जल प्रवाह बहुत अधिक हो सकता है। इसके कारण फल्गु, भुतही तथा लोकाईन नदी के किनारे बहने वाले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके लिए फल्गु नदी के किनारे या निचले इलाकों में रहने वाले सभी जिलेवासियों को सावधानी बरतने की सलाह जिला प्रशासन की ओर से दी गई है। लोगों को सलाह दिया गया है कि नदी के समीप अनावश्यक आवाजाही से बचें, तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने से बचें। लोगों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में अपने नजदीकी अंचल कार्यालय, थानाध्यक्ष, अथवा पाली प्रभारी, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, जहानाबाद के मोबाइल संख्या 9905614917 एवं 9507716164 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वच्छता के लिए बनाए रील, बनें बदलाव के भागीदार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छ सुजल गांव रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और जन सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाना है।इस प्रतियोगिता के माध्यम से आम नागरिकों को क्रिएटिव रील बनाकर भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। रील की विषयवस्तु स्वच्छता और सुजल गांव से जुड़ी होनी चाहिए। इस रिल प्रतियोगिता का थीम है :1. स्वच्छ सुजल गांव -




विकसित भारत की ओर, 2. स्वच्छ सुजल गांव - देश की तरक्की, 3. स्वच्छ भारत - सुजल भारत। **प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि:** 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसके लिए प्रतिभागी को दी गई क्यू आर कोड को स्कैन कर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा।बताया गया कि चयनित रील्स को राज्य स्तर के सोशल मीडिया मंचों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**प्रतियोगिता के उद्देश्य:**

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत जन भागीदारी को बढ़ाना। पंचायत स्तर पर स्वच्छता के व्यवहारिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करना। ग्रामीण भारत में जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत करना। उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति ने जिले वासियों का आह्वान किया कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित इस नवाचारी पहल में भाग लेकर न केवल आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकते हैं, बल्कि अपने गांव व जिले को स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी बनाने में योगदान भी दे सकते हैं।

# पंचायत स्तर पर पूरा करें स्वच्छता का मापदंड : उप विकास आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन और जिले को बेहतर रैंकिंग दिलाने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त डॉ0 प्रीति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक डॉ. रोहित कुमार मिश्र, जिला विकास पदाधिकारी , जिला समन्वयक, तथा टीएसएलएम विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत 1000 अंकों का मूल्यांकन किया जाएगा, जो चार प्रमुख घटकों पर आधारित होगा:

1. डायरेक्ट ऑब्जरवेशन (सीधा अवलोकन) - 540 अंक
2. सर्विस लेवल प्रोग्रेस - 240 अंक
3. प्लांट ऑब्जरवेशन - 120 अंक
4. सिटिजन फीडबैक - 100 अंक

उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सरकारी मूल्यांकन नहीं, बल्कि व्यवहार परिवर्तन की दिशा में एक जनआंदोलन है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत के गांव, घर, सार्वजनिक स्थल आदि पूर्ण रूप से स्वच्छ बनें।अर्ध-निर्मित सामुदायिक परिसंपत्तियों को एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। सभी नागरिकों से सिटिजन फीडबैक प्राप्त करने हेतु सघन अभियान चलाया जाए। जन जागरूकता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और स्वच्छता परिसंपत्तियों की क्रियाशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, हाट, बाजार, धार्मिक स्थल, स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि पर सेग्रीगेशन बिन और अन्य बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से स्थापित हो। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि जिले की हर पंचायत अगर स्वच्छता का मापदंड पूरा करे, तो न केवल स्वच्छ भारत मिशन की सफलता सुनिश्चित होगी, बल्कि जहानाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग भी प्राप्त होगी।

# सात लुटेरे गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल बरामद

## हुलासगंज थाना क्षेत्र की वारदात में नाबालिगों की संलिप्तता से लोग हैरान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र में रविवार की रात हुई मोटरसाइकिल लूट की वारदात का पुलिस ने महज 12 घंटे में खुलासा कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल एक मास्टरमाइंड अब भी फरार है। इस त्वरित कार्रवाई का नेतृत्व आरक्षी अधीक्षक विनीत कुमार ने किया। उनकी दिशा-निर्देश में हुलासगंज थाना अध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर



उतामपुर, तुलसीपुर, हुलासगंज एवं इस्लामपुर के कुल सात युवकों को पकड़ा। इनमें एक बालिग और छह नाबालिग आरोपी शामिल हैं, जिसकी पुष्टि पुलिस ने की है। पुलिस ने तुलसीपुर गांव से लूट में प्रयुक्त एक बुलेट और एक होंडा साइन बाइक भी बरामद की है। वहीं, गिरोह का मुख्य सरगना अभी भी फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गौरतलब है कि रविवार की रात मठियापुर निवासी मंजीत कुमार जब हुलासगंज-खोदागंज पथ से लौट रहे थे, तभी उन्हें हथियार के बल पर रोक कर लुटेरों ने मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व नकदी लूट ली थी। विरोध करने पर अपराधियों ने उनके साथ मारपीट भी की, जिससे वे घायल हो गए। इस घटना में नाबालिगों की संलिप्तता से क्षेत्र में चौंकाने वाली प्रतिक्रिया देखी जा रही है। पहली बार हुलासगंज के विभिन्न गांवों के किशोरों द्वारा इस तरह की संगठित आपराधिक गतिविधि को अंजाम दिया गया है, जिससे स्थानीय लोग स्तब्ध हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही मास्टरमाइंड की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है। पुलिस की इस मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की है और क्षेत्र में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

# स्थायी लोक अदालत से जुड़े मामलों के निःशुल्क समाधान हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के तत्वाधान में स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगिता सेवाएं) के अंतर्गत नागरिकों को निशुल्क एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 31 जुलाई 2025 को दोपहर 1:00 बजे से मां कमला चंद्रिका जी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जहानाबाद में एक जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगिता सेवाएं) विषय पर आधारित होगा, जिसका उद्देश्य आम लोगों, विशेष रूप से विद्यार्थियों को न्याय प्रणाली की इस प्रभावकारी व्यवस्था से अवगत कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज शंकर, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, जहानाबाद द्वारा की जाएगी। साथ ही अदालत के अन्य सदस्य भी लोक उपयोगिता सेवाओं जैसे - परिवहन, डाक, बिजली, पानी, अस्पताल, बीमा, शिक्षा, आवास, बैंकिंग एवं नॉन-बैंकिंग इत्यादि से संबंधित विवादों के समाधान की प्रक्रिया और नागरिकों के विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी साझा करेंगे। स्थायी लोक अदालत के माध्यम से लोगों को बिना किसी शुल्क के त्वरित न्याय की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे आमजन न्यायालय के जटिल प्रक्रिया में पड़े बिना सीधे समाधान प्राप्त कर सकते हैं। यह मंच विशेष रूप से उन सेवाओं से जुड़े मामलों के लिए उपयोगी है, जिनका संबंध सार्वजनिक हित से है। शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि न्याय अब आम नागरिकों की पहुंच में है और वह भी सहज, सरल और प्रभावी तरीके से। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है।

# नागपंचमी पर बक्स बाबा की पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मंगलवार को नागपंचमी के पावन अवसर पर बक्स बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन एवं पूजा समिति के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस पावन दिन पर न केवल औरंगाबाद, बल्कि आसपास के जिलों और देश-प्रदेश से भी श्रद्धालु बक्स बाबा के मंदिर में पहुंचे और नागदेवता की पूजा अर्चना की। मान्यता है कि इस दिन बक्स बाबा मंदिर में नागदेव स्वयं साक्षात दर्शन देते हैं। श्रद्धालु दूध और चावल का लावा चढ़ाकर मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। स्थानीय जनों के अनुसार, नागपंचमी के दिन 20-30 किलोमीटर के दायरे में लोग नमक का सेवन नहीं करते हैं। इस दिन मीठे व्यंजनों का प्रयोग होता है। माना जाता है कि जिन लोगों को सांप, बिच्छू या अन्य विषैले जीवों के काटने से शारीरिक कष्ट होता है, वे यहां पूजा-अर्चना कर स्वस्थ हो जाते हैं। बक्स बाबा मंदिर की देखरेख के लिए एक पूजा समिति गठित की गई है, जिसके अध्यक्ष यमुना यादव हैं। वे मंदिर के पुजारी भी हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में यहां मंदिर नहीं था, केवल एक स्थान पर नागदेवता के साक्षात दर्शन होते थे। श्रद्धालु दूध और लावा चढ़ाते थे और उन्हें अद्भुत लाभ की प्राप्ति होती थी - आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से। मौके पर बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक चंदन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, वरीय एसआई सूर्यवंश सिंह, एसआई सुरेंद्र कुमार, रोहित कुमार, अजय पासवान समेत अन्य पुलिस अधिकारी शांति व्यवस्था बनाए रखने में तैनात रहे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, पांच घायल, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के गोपालपुर बिगहा गांव में मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहला पक्ष –सुरेश यादव उर्फ रामरेखा की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि वे अपने खेत में धान की रोपनी हेतु जोताई कर रहे थे। इसी दौरान राम अवध यादव, दीपक यादव,



सोमनाथ यादव, सुधीर यादव व नरेश यादव आकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि राम अवध यादव पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, और उसके साथियों ने डांटे से सिर पर वार कर घायल कर दिया। दूसरा पक्ष – वहीं दूसरी ओर राम अवध यादव ने सुरेश यादव, रामस्वरूप यादव, विकास कुमार, राजेश कुमार, भरत कुमार, सोनी उर्फ रितु कुमारी, दया देवी, प्रवीण यादव और रामशेखर यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप लगाया गया कि उक्त लोग जबरन खेत की जोताई कर रहे थे। विरोध करने पर लाठी, डंडे और लोहे के रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में राम अवध के चाचा और भाई को भी चोटें आई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामला भूमि विवाद से जुड़ा है। दोनों पक्षों से प्राप्त शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर चंद्रशेखर यादव और विकास कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पौधे लगाना ही काफी नहीं, उन्हें बचाना भी है जरूरी

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर पौधा लगातार महापरिवर्तन आंदोलन के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को जागरूक किया। यह कार्यक्रम जम्होर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रकृति संरक्षण से संबंधित संगोष्ठी रखी गई। जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ पौधा लगाना बड़ी बात नहीं है उसकी रखवाली करना बड़ी बात है। पर्यावरण से ही वातावरण सुगंधित होता है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव है.पेड़ पौधों का महत्व हर किसी को समझना अत्यंत आवश्यक है.पेड़ और पौधे केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं हैं, बल्कि वे हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला महासचिव संतोष कुमार सिंह ने संगोष्ठी में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रकृति की क्षति से पूरे जीव जगत की क्षति होती है। हर किसी को एक वृक्ष लगाकर धरती की हरियाली से जीव जगत की रक्षा की जा सकती है। क्योंकि पेड़ पौधा मानव जाति का धरोहर होता है। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि जिले में एक ऐसे व्यक्ति को सम्मानित किया जाय, जो प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी समर्पित भाव रखता हो। चयनित व्यक्ति जम्होर निवासी राजेश सौंडिक को जिलाध्यक्ष ने अंग वस्त्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

# नीलकंठ महादेव सेवा समिति ने हजारों कांवरियों को कराया खीर-पूड़ी का भोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नाग पंचमी के पावन अवसर पर नीलकंठ महादेव सेवा समिति की ओर से कांवरियों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को खीर और पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। समिति ने करीब 200 लीटर दूध में खीर तैयार कर कांवरियों को परोसी। सेवा शिविर में यह भंडारा सुबह से देर रात तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नाग पंचमी के दिन नमक रहित भोजन करने की परंपरा को देखते हुए पूरी व्यवस्था मीठे भोजन पर केंद्रित रही। समिति के संस्थापक लखन प्रसाद ने बताया कि सावन माह भर कांवरियों को हर प्रकार की निःशुल्क सेवा दी जा रही है। उन्होंने कहा यह हमारे जिले के लिए गर्व की बात है कि



हम लगभग 300 किलोमीटर दूर, बांका जिले के जोरीपार में सेवा शिविर चलाकर कांवरियों और डाक बमों की सेवा कर रहे हैं। संस्था के सह-संस्थापक नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि यह सेवा शिविर 8 अगस्त तक संचालित रहेगा, जिसमें हर दिन कांवरियों को भोजन, चिकित्सा, विश्राम सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि समिति भविष्य में इस सेवा को और विस्तार देने की योजना बना रही है। साथ ही स्थायी सेवा के लिए एक धर्मशाला निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सालभर सेवा मिलती रहे। यह सेवा शिविर न केवल श्रद्धा का प्रतीक बना है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की मिसाल भी प्रस्तुत कर रहा है।

# सीडीपीओ स्नेहा सिन्हा के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को सीडीपीओ स्नेहा सिन्हा के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेविकाओं और कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में सिविका संघ की प्रखंड अध्यक्ष सविता कुमारी यादव, कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी, सचिव चिंता कुमारी भारती, रेखा कुमारी, पुष्पा कुमारी, शशि प्रभा सहित कई सेविकाओं ने शॉल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सीडीपीओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्नेहा सिन्हा के कुशल नेतृत्व व कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुचारू रूप से हुआ और सेविकाओं को हर स्तर पर सहयोग मिला। सीडीपीओ स्नेहा सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा मेरे कार्यकाल के दौरान सेविकाओं का अपार सहयोग मिला, जिससे विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सका। मैं आशा करती हूं कि सभी सेविकाएं इसी तरह नई सीडीपीओ के साथ भी समन्वय बनाकर कार्य करेंगी, ताकि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पोषण व अन्य लाभ मिलते रहें। कार्यक्रम में गौतम यादव, विनोद कुमार, सुरेंद्र प्रजापति, अजय कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं एवं आंगनबाड़ी कर्मी उपस्थित थे।

# नागपंचमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** नागपंचमी के पावन अवसर पर हसपुरा प्रखंड के जैतपुर पंचायत अंतर्गत बिहटा गांव स्थित प्रसिद्ध बाकस बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के सुबह से ही भक्त मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के लिए जुटने लगे। मंदिर में नाग देवता को दूध और लावा अर्पित कर श्रद्धालुओं ने सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। इस अवसर पर देवकुंड के महंथ कन्हैया नंद पूरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी श्रीराम तिवारी ने बताया कि यहां मान्यता है कि यदि किसी विषैले सांप के काटने से पीड़ित व्यक्ति यहां आता है, तो वह रोते हुए आता है और हंसते हुए लौटता है। यह चमत्कार बक्स बाबा की कृपा से होता है। स्थानीय मुखिया सत्येंद्र पासवान ने बताया कि नागपंचमी के दिन मंदिर में विशेष मेला लगता है, जिसमें श्रद्धालु केवल मीठा



भोजन करते हैं और नमक खाना वर्जित रहता है। इस दिन मंदिर का दरवाजा वर्ष में केवल एक बार खोला जाता है। मान्यता है कि नागपंचमी पर पूजा करने से अकाल मृत्यु का संकट टलता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र में कार्यपालक दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसआई सूर्यदेव सिंह के नेतृत्व में थी। नागपंचमी पूजा समिति बिहटा के सोनू सिंह, रिपु सिंह, निखिल सिंह, नवनीत कुमार, विकास कुमार, डॉ. विकास कुमार, चितरंजन कुमार और संतन कुमार ने बताया कि मेला क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर कमेटी और पुलिस की पैनी नजर है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हसपुरा प्रखंड प्रशासन की ओर से निःशुल्क पेयजल, छाया और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गई, हालांकि सरकारी स्तर पर मेडिकल टीम की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे कुछ असुविधा देखने को मिली। पूजा समिति द्वारा माइकिंग के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# श्रद्धालुओं ने की लावा दूध चढ़ाकर नाग देवता की विधिवत पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दिन श्रद्धालुओं ने नागदेवता को दूध और लावा अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत वार स्थित नाग बाबा मंदिर में परंपरानुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यह स्थल केवल मदनपुर ही नहीं, बल्कि रफीगंज, गोह, पौथु, बराही, कासमा और गया जिले के गुरारू, गुरुआ, इस्माईलपुर जैसे क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। नागपंचमी के दिन रफीगंज-शिवगंज पथ पर वाहनों की आवाजाही के साथ-साथ पैदल चलकर पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की टोलियां भी देखी गईं। रफीगंज के महराजगंज मोहल्ले से शिवा क्लब के सदस्यों ने पारंपरिक ढंग से इस वर्ष भी महादेव स्थान स्थित धावा नदी से जल भरकर और दूध-लावा लेकर पैदल यात्रा की। 'नाग बाबा की जय' और बाकस बाबा की जय के जयघोषों के साथ यात्रा करते हुए सैकड़ों श्रद्धालु वार पहुंचे, जहां उन्होंने विधिपूर्वक नागदेवता को दूध व लावा अर्पित किया। दीपक सोनी ने बताया कि शिवा क्लब द्वारा यह पदयात्रा पिछले 25 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। इस दौरान महावीर प्रसाद, शिवा कुमार सोनी, प्रेम कुमार, सिद्धांत, पवन, चंदन, राहुल, बिट्टू, दीपक कुमार सोनी, विश्वनाथ सोनी, राजेश सोनी, अजीत कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और परंपरा का समन्वय देखने को मिला, जो नागपंचमी के इस पर्व को और भी विशेष बना गया।

# बमेन्द्र को जयपुर में मिला 'कलाम यूथ रत्न अवॉर्ड'



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद/जयपुर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में तीन दिवसीय 'कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 7.0' का आयोजन किया गया। 26 से 28 जुलाई 2025 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में देश-विदेश से आए 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाजसेवा और मानवता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं को 'कलाम यूथ रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। औरंगाबाद (बिहार) के रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह को मानवता और रक्त सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'कलाम यूथ रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता और जीवनरक्षा के उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। 18 बार स्वयं रक्तदान कर चुके बमेंद्र, अब शारीरिक अस्वस्थता के कारण रक्तदान नहीं कर पा रहे हैं, फिर भी उनकी सेवाभावना और जुनून में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने अब तक 200 से अधिक रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया है, जिससे हज़ारों ज़िंदगियों को नया जीवन मिला है। उनके प्रयासों को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा लगातार दो वर्षों तक राज्य स्तरीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। बमेंद्र ने 'मिशन रक्तदान हिंदुस्तान' के नाम से राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत उन्होंने अब तक 7 राज्यों के 16 शहरों में रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं।

# दरधा नदी किनारे मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर चला औचक निरीक्षण

## स्वास्थ्य संस्थानों को 2016 की नियमावली के कड़ाई से पालन का निर्देश, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला गंगा समिति, जहानाबाद की पहल पर दरधा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट (बायो-मेडिकल वेस्ट) के निस्तारण की स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को एक संयुक्त औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी सह जिला गंगा समिति अध्यक्ष अलंकृता पांडेय के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय मानकों की निगरानी करना तथा दरधा नदी के प्रदूषण को नियंत्रित करना था। निरीक्षण दल का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सीएस) ने किया। टीम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य विभाग), जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे), नगर



परिषद के स्वच्छता प्रबंधक, राजस्व पदाधिकारी एवं नगर थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान दरधा नदी के किनारे स्थित लगभग 12 अस्पतालों, नर्सिंग होम्स व पैथोलॉजी लैब्स का भौतिक मूल्यांकन किया गया। इस दौरान यह पाया गया कि कुछ संस्थानों द्वारा इंजेक्शन की सुई, सिरिंज, नीडल आदि जैव चिकित्सा अपशिष्ट को असंगत व असुरक्षित तरीके से नदी किनारे फेंका जा रहा है, जिससे न केवल जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं, बल्कि यह जनस्वास्थ्य के लिए भी गम्भीर खतरा बन सकता है। टीम ने इन संस्थानों के बायो-मेडिकल वेस्ट के पृथक्करण, संग्रह, अस्थायी भंडारण और निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण उपरांत सभी संस्थानों को 'बायो-मेडिकल वेस्ट (मैनेजमेंट एंड हैंडलिंग) नियमावली, 2016' के सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिलास्तरीय गंगा समिति ने इस निरीक्षण के जरिए एक मजबूत संदेश दिया कि स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले संस्थानों की सामाजिक जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है, जितनी उनकी चिकित्सीय भूमिका। समिति ने जिले के सभी चिकित्सीय प्रतिष्ठानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग दें, और बायो-मेडिकल वेस्ट का निष्पादन वैज्ञानिक और कानूनी तरीके से करें, ताकि जल स्रोतों की शुद्धता एवं जैविक संतुलन को बनाए रखा जा सके।

# मखदुमपुर को मिली निःशुल्क एंबुलेंस की सौगात, अब एक कॉल पर मिलेगी सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** नगर पंचायत मखदुमपुर के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अब क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध होगी। यह पहल अरिस्टो फार्मा के प्रबंध निदेशक उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू द्वारा कंपनी के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड के तहत की गई है। एंबुलेंस को नगर पंचायत मखदुमपुर को समर्पित करते हुए भोला बाबू ने क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य हित में इसे एक जरूरी कदम बताया। यह एंबुलेंस नगर पंचायत कार्यालय के समीप स्थायी रूप से तैनात रहेगी, ताकि आपातकालीन स्थिति में आमजन इसे तुरंत उपयोग में ला सकें। सेवा प्राप्त करने के लिए टोल-फ्री नंबर 9262628319 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर कॉल कर बिना किसी शुल्क के एंबुलेंस सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने जानकारी दी कि यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है और इससे विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को अत्यंत लाभ होगा। उन्होंने बताया कि अरिस्टो फार्मा द्वारा यह सहयोग सामाजिक उत्तरदायित्व की एक मिसाल है। नगरवासियों ने इस सेवा के लिए एमडी भोला बाबू का आभार प्रकट किया है और इसे एक जनकल्याणकारी पहल बताया है। क्षेत्र में पहली बार ऐसी सुविधा शुरू होने से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर होने की उम्मीद है। यह एंबुलेंस सेवा न केवल एक सहूलियत है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में मखदुमपुर नगर पंचायत के लिए एक नया अध्याय भी है।

# सेना भर्ती की तैयारी कर रहा युवक 15 दिनों से लापता मां ने थाने में लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड स्थित एलओसी ट्रेनिंग सेंटर में रहकर सेना भर्ती की तैयारी कर रहा सौरभ कुमार सिंह बीते 9 जुलाई से लापता है। युवक की मां पूनम देवी, जो अरवल जिले के खजूरी गांव की निवासी हैं, ने मखदुमपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सौरभ पूर्व में भी घर से गायब हुआ था, लेकिन लौट आया था। इस बार 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# जहानाबाद राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में नए छात्रों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## बी.टेक सत्र 2025-26 के छात्रों को मिला मार्गदर्शन, 21 दिवसीय कार्यक्रम में शैक्षणिक व औद्योगिक पहलुओं पर होगी विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जहानाबाद में बी.टेक सत्र 2025-26 में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का माहौल अत्यंत गरिमामय और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राध्यापक डॉ. जहीर अब्बास ने की। उन्होंने अपने संबोधन में तकनीकी शिक्षा के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्त्व को रेखांकित किया और छात्रों को महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, नवाचार



और उपलब्धियों से परिचित कराया। साथ ही, उन्होंने विभिन्न सत्रों का संयोजन करते हुए अतिथियों और वक्ताओं का परिचय भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापकों - डा. अली अकबर, प्रो. राहुल कुमार, प्रो. पूनम वर्मा और डॉ. आकांक्षा ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम संरचना, शिक्षण-पद्धति, प्रयोगशालाओं के उपयोग, औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, अनुशासनात्मक प्रक्रियाएं और प्लेसमेंट की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम कुल 21 दिनों तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया जाएगा, बल्कि उन्हें उद्योग और तकनीकी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित भी किया जाएगा। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान की ओर से इस आयोजन को विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की प्रभावी शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

# मुजफ्फरपुर में बिहार आइडिया फेस्टिवल का शुभारंभ

## डीएम ने नवाचार और उद्यमिता को बताया बिहार की प्रगति का आधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** सरकार द्वारा युवाओं, छात्रों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और किसानों को नवाचार तथा उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाने हेतु शुरू किए गए बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल का आज मुजफ्फरपुर जिले में भव्य शुभारंभ हुआ। जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने इस महत्त्वपूर्ण पहल का उद्घाटन करते हुए युवाओं को आगे आने और अपने नवाचारी विचारों को प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा, 'बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल हमारे युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो बिहार को नवाचार और स्टार्टअप की दिशा में अग्रसर करेगा। मुजफ्फरपुर के युवाओं में अपार ऊर्ज़ा और क्षमता है, उन्हें अब केवल सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है, जो यह फ़ेस्टिवल उपलब्ध करा रहा है।

**नवाचार को बढ़ावा देना :** स्टार्टअप सोच रखने वाले युवाओं को मंच प्रदान कर उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास। उद्यमिता को प्रोत्साहित करनाः आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युवाओं को व्यावसायिक सोच के लिए प्रेरित करना। स्थानीय पहचान को सशक्त करनाः स्थानीय उत्पाद, शिल्प और विचारों को पहचान दिलाना।

फेस्टिवल के प्रमुख आकर्षणः आइडिया सबमिशनः इच्छुक प्रतिभागी अपने स्टार्टअप आइडिया को ऑनलाइन फॉर्म या व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं। मेंटॉरशिप और फंडिंगः चयनित विचारों को अनुभवी उद्यमियों एवं विशेषज्ञों से मार्गदर्शन तथा वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। नेटवर्किंग के अवसरः स्टार्टअप जगत के विभिन्न विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। पुरस्कार और मान्यताः बेहतरीन विचारों को राज्यस्तरीय पुरस्कार, पहचान और प्रोत्साहन मिलेगा।

जिलाधिकारी ने बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल को उद्यमियों के लिए प्रेरणादायी तथा जिला एवं बिहार के विकास का आधार बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह फ़ेस्टिवल न केवल युवाओं की सोच को दिशा देगा, बल्कि जिले एवं राज्य की आर्थिक प्रगति में भी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने जिले के सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, नवाचार केंद्रों और प्रखंडों से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल एक ऐसा मंच बन कर उभर रहा है जो आने वाले समय में बिहार को स्टार्टअप हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जिला पदाधिकारी ने आगे कहा कि बिहार आईडिया फ़ेस्टिवल बिहार के सभी जिलों में तीन चरणों (जिला स्तर, प्रमंडल स्तर एवं राज्य स्तर) पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप बिहार योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों को 10 लाख रुपये सीड फंड के रूप में तत्काल मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बनने की दिशा में कार्य करें। छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में अपनी सोच/आईडिया को पोर्टल एवं लिंक के माध्यम से शेयर करने की अपील की गई ताकि चयन होने के उपरांत जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके एवं रोजगार होने के साथ साथ राज्य की आर्थिक गति विधि को सुदृढ़ करने में दिशा मिले। प्राचार्य, ललित नारायण मिश्रा प्रबंधन संस्थान, मुजफ्फरपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि छात्र/छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ स्टार्ट अप के माध्यम से भी अपने कैरियर को आगे बढ़ा कर जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। उनके संस्थान से कुल 3 स्टार्टअप्स को बिहार स्टार्ट अप पॉलिसी के तहत सहायता प्रदान की गई है। जिले के युवाओं, महिला समूहों और किसानों में इस पहल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्रीमती अनिशा, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) के द्वारा जीविका टू स्टार्टअपः एंपावरिंग वुमन, फ्यूलिंग टॉपिक पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि जीविका द्वारा बिहार स्टार्ट-अप योजना के अन्तर्गत द्धदीदी की रसोई जैसे कार्य, प्रखंड स्तर पर किया जा रहा है। दीदी की रसोई का संचालन सदर अस्पताल ,बैग क्लस्टर ,पोस्टल कार्यालय, मुज़फ्फरपुर में चलाया जा रहा है। उनके द्वारा सभागार उपस्थित छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुई बताया गया की आप अधिक से अधिक संख्या में अपनी सोच में नवाचार लाने के साथ साथ आधी आबादी के जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन लाने का प्रयास करें। डॉ संजय कुमार, मुजफ्फरपुर स्टार्टअप कॉर्डिनेटर, डॉ किशोर पार्थ, स्टार्टअप कॉर्डिनेटर एल एन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, द्वारा स्टार्टअप से संबंधित जानकारी सभी प्रतिभागियों को देते हुए उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित किया गया। अंत में डॉ एस के झा, विभागाध्यक्ष प्रबंधन, एल एन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वारा बिहार आईडिया फ़ेस्टिवल इवेंट के कार्यक्रम में आये सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, छात्र/छात्राएं, मीडिया कर्मियों एवं जीविका वीडीओ को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मुजफ्फरपुर जिले में अधिक-से-अधिक संख्या में स्टार्ट-अप आईडिया शेयर करने हेतु प्रेरित किया गया एवं बताया गया कि यह महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि बिहार को उस युवा शक्ति, उस नवाचार के मंच है, जो हमारे राज्य को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और उद्यमशील बना सकता है।

## एक नजर

### ठगी से बच सकेंगे निवेशक

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने SEBIvsSCAM नामक एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को वित्तीय संबंधित ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी देना है। यह पहल सेबी द्वारा खुदरा निवेशकों को ठगों से सुरक्षित रखने के प्रयास को दर्शाती है। इस अभियान के तहत, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सेबी के मार्गदर्शन में एक व्यापक निवेशक सुरक्षा मुहिम शुरू की है। यह अभियान ऐसे समय में शुरू हुआ है, जब वित्त संबंधी डिजिटल फ्रॉड्स तेजी से बढ़ रहे हैं। अब ठग पहले से कहीं ज्यादा चालाक और भ्रामक तरीकों का इस्तेमाल करके निवेशकों को निशाना बना रहे हैं। फर्जी ट्रेडिंग ऐप्स और डीपफ़ेक वीडियो से लेकर बिना पंजीकरण वाले निवेश सलाहकारों और सोशल मीडिया पर भ्रामक स्टॉक टिप्स तक, ठग तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और निवेशकों के भरोसे को गहरी चोट पहुँचा रहे हैं। कई लोग ऐसी योजनाओं के झाँसे में आ जाते हैं, जो गारंटीड या असामान्य रूप से ऊँचा रिटर्न देने का दावा करती हैं। इनमें 'पंप एंड डंप' रणनीति, डब्बा ट्रेडिंग, फर्जी विदेशी पोर्टफोलियो निवेश जैसे घोटाले शामिल हैं, जिनसे उन्हें भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ता है।

### युवक का शव 24 घंटे बाद बरामद

**मसौढ़ी (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** धनरूआ प्रखंड के लिलाटोला निवासी चंदन कुमार (पुत्र-भरत पासवान) की मौत सोमवार को दरधा नदी में नहाने के दौरान डूबने से हो गई। 24 घंटे तक चले एसडीआरएफ के सर्च ऑपरेशन के बाद मंगलवार को शव बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पहुंचे भाकपा माले के निरंजन वर्मा, जितेंद्र राम, शशि रंजन आदि नेताओं ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार ने तात्कालिक राहत के रूप में तीन हजार रुपये और अंचलाधिकारी के माध्यम से बीस हजार रुपये की सहायता राशि दी। वहीं, प्रशासन से आपदा राहत मद से पूर्ण मुआवजा दिलाने की मांग की गई। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नहीं शुरू हुआ सड़क का निर्माण कार्य

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी पंचायत के मूर्तिजापुर पुल के पास से मूर्तिजापुर स्कूल होते हुए गांव तक जाने वाली नदी किनारे की सड़क संवेदक की मनमानी के चलते 1 साल से भी ज्यादा समय से सड़क पर स्टोन बिछाए जाने के बाद भी निर्माण का प्रतीक्षा कर रहा है । हालत यह है कि संवेदक की मनमानी और उदासीनता के चलते इलाके के हजारों लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । कई बार इसकी शिकायत प्रखंड स्तर से अनुमंडल स्तर तक ग्रामीणों ने की है लेकिन दबंग संवेदक के भाई से कोई ग्रामीण उसके खिलाफ मोर्चा खोलने को तैयार नहीं है। जिसका कामयाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### खेल मैदान झील में तब्दील

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय का खेल मैदान इन दोनों झील में तब्दील है। हालत यह है कि बाढ़ शहर का एकमात्र खेल मैदान प्रशासनिक उदासीनता के चलते खिलाड़ियों के लिए अभिशाप बना हुआ है। इस खेल मैदान में प्रतिदिन करीब 1000 से भी ज्यादा नौकरी की तैयारी करने वाला युवक फिटनेस की तैयारी करता था लेकिन खेल मैदान डूबे रहने के चलते कई दिनों से खिलाड़ियों के लिए प्रेक्टिस करना मुश्किल हो गया है।

## 'डॉग बाबू' निवास प्रमाण पत्र प्रकरण मामले में पुलिसिया कार्रवाई हुई तेज

### दो आईटी सहायकों को थाने लाकर की जा रही पूछताछ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अंचल कार्यालय के आरटीपीएस से डॉग बाबू नाम से जारी निवास प्रमाण पत्र के बाद पूरे बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही सरकारी दफ्तर में कामकाज पर भी कई सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में आईटी सहायक राकेश कुमार और राजस्व पदाधिकारी मुरारी चौहान पर मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। वहीं मंगलवार को डीएम भी मसौढ़ी पहुंचकर आरटीपीएस कक्ष की जांच की है। इसके साथ ही मसौढ़ी पुलिस ने दो आईटी सहायकों को मसौढ़ी थाने पर लाकर पूरे घटनाक्रम एवं पूरे मामले की छानबीन एवं पूछताछ में जुटे हुए हैं। मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है। मालूम हो कि आरटीपीएस मसौढ़ी द्वारा डॉग बाबू के नाम से निवास प्रमाण पत्र तैयार कर दिया गया था।

## 'डॉग बाबू' मामले की जांच में मसौढ़ी पहुंचे डीएम, साजिश दिया करार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** 'डॉग बाबू' नाम से कुत्ते के नाम पर जारी हुए निवास प्रमाण-पत्र के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले की जांच के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन स्वयं मसौढ़ी पहुँचे। उनके साथ नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीएम ने कहा कि यह मामला सरकार की छवि को जानबूझकर




धूमिल करने की साजिश प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि गलत दस्तावेजों के आधार पर आवेदन देकर निवास प्रमाण-पत्र निर्गत कराया गया, जो अनजाने में नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से किया गया है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जांच में सामने आया है कि एक महिला के दिल्ली पते वाले आधार कार्ड का उपयोग कर आवेदन दिया गया था। प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज कर ली गई है, जिसमें आवेदक, आईटी सहायक और संबंधित राजस्व अधिकारी को आरोपी बनाया गया है। आईटी सहायक को सेवा से मुक्त कर दिया गया है और राजस्व अधिकारी के निलंबन की अनुशंसा की गई है। उक्त प्रमाण-पत्र को रद्द कर दिया गया है और गहन जांच जारी है।

## बारिश से स्कूल परिसर में घुटने भर जल जमाव, स्कूल बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दानापुर।** बारिश से नगर परिषद क्षेत्र के गभातल स्थित राजकीत धनेश्वरी देवनंदन कन्या इंटर स्कूल में बारिश व नाला का पानी स्कूल के कमरे व परिसर में घुसा हुआ है. जिससे मंगलवार को स्कूल में पठन -पाठन बाधित हो गया। बारिश व नाली के पानी के कारण स्कूल के कमरे व परिसर में घुटने भर जल जमाव हो गया है. स्कूल के कक्ष, कंप्यूटर रूम, प्रयोगशाला रूम व लाइब्रेरी रूम समेत अन्य रूम में भी पानी घुस गया है। जिससे पढाई करने आये बच्चे को वापस लौटना पड़ा। स्कूल के लिपिक अवीनश कुमार ने बताया कि दो दिन से हो रही बारिश से स्कूल परिसर व कमरे में घुटने भर पानी घुसा गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए मंगलवार से स्कूल को बंद कर दिया गया है जिससे पठन-पाठन बाधित हो गया है। उन्होंने बताया कि सडक उंचे हो गया है और स्कूल नीचे रहने के कारण हर साल बारिश होने पर जल जमाव हो जाता है। उन्होंने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा मोटर पंप से जल निकासी किया जा रहा है.वही एसडीओ दिव्या शक्ति ने परिषद के ईओ पंकज कुमार को स्कूल परिसर से हर हाल में जल निकासी करने का सख्त निर्देश दिया गया है। ईओ पंकज कुमार ने बताया कि स्कूल परिसर में मोटर पंप से जल निकासी किया जा रहा है।

## बारिश ने खोली नगर परिषद की पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** दो दिन से रूक-रूक कर हो रही लगातार बारिश से नगर परिषद व छावनी परिषद प्रशासन की नाला उडाही का कलाई खुल गई. बारिश के कारण सडकों झील में तब्दील हो गया है और सडकों पर जल जमाव के कारण पूरा नगर नरक बना रहा।बारिश के कारण नगर के कई वार्डों के मोहल्लों के अलावे मुख्य सडकों पर जलजमाव का नजारा दिखा। नगर में सडकों पर जल जमाव व कीचड के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। एक बार फिर मानसून की तैयारियों में प्रशासनिक नाकामी की उजागर कर दिया है। नगर बीबीगंज, चित्रकूट नगर, पंचशील नगर ,गोसाई टोला रोड, झखडी महादेव रोड, खरजां रोड, बाला जी नगर, उर्ज़ा नगर, अर्पणा बैंक कॉलोनी, पूर्वी गोला रोड, कालीकेत नगर, जजेज कॉलोनी, विजय बिहार कॉलोनी, भट्ठा रोड, बाजार समिति समेत आदि कॉलोनियों व मोहल्लों के सडकों पर जल जमाव का दृश्य बना हुआ है। वार्ड 19 में घरों में पानी घुस गया है और झखडी महादेव में महादलित के घरो में घुटने भर जल जमाव से लोगों को भारी परेशानी झेलना पड रहा है और रातजगा करना पड रहा है ।साथ ही खाना बनाने में भारी परेशानी उठना पड रहा और चौकी पर सोने में भी डर लग रहा है। सांप बिच्छू का भय बना हुआ है। कई घरों में चूल्हा तक नही जला है और किसी जीवन व्यतीत करने पर विवश है।मोटर पंप से जल निकासी किया जा रहा है। यही हाल छावनी क्षेत्र के लाल कोठी, मार्शल बाजार, अस्पताल रोड, पीपा पुल मार्ग, बस पडाव, सब्जी मंडी समेत आदि इलाकों में जल जमाव व कीचड से लोगों को परेशानी झेलना पड रहा है।परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि कई जगहों पर जल जमाव लगा हुआ है। जिससे मोटरपंप से जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और सुपर सकर मशीन व सक्शन मशीन से जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### इवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ

**दानापुर।** मतदाताओं में ईवीएम संबंधी जागरूकता पैदा करने के लिए मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीओ दिव्या शक्ति ने ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया. एसडीओ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में अनुमंडल कार्यालय परिसर में ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर खोला गया है. उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता केंद्र में आकर ईवीएम और वीवी पैट के बारे में जानकारी हासिल कर सकता है।

## एक करोड़ से अधिक मूल्य की ब्राउन शुगर जब्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में अवैध शराब और मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आज एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का ब्राउन शुगर जब्त किया। मालदा के मंडल सुरक्षा आयुक्त ए.के.कुल्लू ने मंगलवार को यहां बताया कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आरंभ इस विशेष अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने मालदा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-एक के ऊपरी पैदल पुल के पास संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त दो लोगों को पकड़ा और उसके सामान की तलाशी के दौरान 203 ग्राम ब्राउन शुगर से भरा दो पारदर्शी पैकेट बरामद किया। उन्होंने बताया कि जब्त ब्राउन शुगर की कीमत खुले बाजार में एक करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। वहीं मौके पर से पकड़े गए दोनों लोगों की पहचान मो. तालिब रजा एवं रिहान रेजा के रुप में हुई और दोनों बिहार का रहनेवाला बताया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने इस सिलसिले में आवश्यक कार्रवाई करने के बाद जब्त मादक पदार्थ के साथ दोनों को मालदा टाउन के राजकीय रेल पुलिस को सौंप दिया है। मंडल सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह सफलता मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## जलजमाव से परेशान नागरिकों ने नप कार्यालय के गेट पर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** जलजमाव से परेशान नगर के गोला रोड झखडी महादेव, गोसाई टोला के नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया गया। मंगलवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने नप कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग जलनिकासी की माग करते हुए वार्ड पार्षद व नप अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे पीटी गजेंद्र ने बताया कि हर साल बारिश में यही हाल होता है। परंतु जल निकासी के लिए कोई उचित पहल नही किया जाता है। उन्होंने बताया कि नाला उडाही के नाम पर केवल खानापूर्ति किया जाता है और राशि का बंदरबांट करने का आारेप लगाया गया है। जिससे हल्की बारिश होने पर सडकों झील बन जाता है। परिषद के नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा - बुझा कर शांत कराया गया है। ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि मोटर पंप लगाकर जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।



## अधूरे सड़क निर्माण से गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** मलिकाना रोड वार्ड संख्या 15 में अधूरे सड़क निर्माण और जलजमाव से परेशान लोगों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बांस लगाकर जाम कर दिया और सुबह से शाम तक प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष विधायक की पहल पर सड़क मरम्मत और नाले की पाइप बिछाई गई थी, लेकिन सिर्फ 180 मीटर में से कुछ हिस्से की ही पिचिंग हुई थी। बारिश आते ही सड़क पर गड्ढे और पानी भराव ने आवाजाही मुश्किल बना दी है। लोगों ने मांग की कि सड़क निर्माण पूरा किया जाए और पिचिंग कराई जाए। मौके पर नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि शंभू सिंह पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया, लेकिन प्रशासन का कोई अन्य अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। प्रदर्शन में प्रदीप केसरी, कुंदन केसरी, संजय केसरी, सोनू सहारा, भोला जायसवाल, कुंदन गुप्ता थे।

### अधूरे नाला निर्माण को लेकर मुख्य अभियंता को भेजा पत्र

**दानापुर (नबिटा संवाददता)।** बुडको द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में बड़े नाला निर्माण कार्य अधूरे रहने के कारण जल निकासी अवरूद्ध हो गया है जिसको लेकर एसडीओ दिव्या शक्ति ने बुडको के मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर अधूरे पडे नाला निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने को कहा गया है. उन्होंने बताया कि जहां -तहां नाला अधूरे छोड दिया गया है और बारिश में नाला में पानी भर जाने के कारण किसी अप्रिय घटना घटने की संभावना बना हुआ है जिसको देखते हुए युद्ध स्तर पर अधूरे पडे नाला का निर्माण कार्य पूरा करने को कहा गया है।

## शिक्षा विभाग ने 50 दिव्यांग बच्चों के बीच वितरित की व्हीलचेयर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जसोइया के प्रांगण में शिक्षा विभाग औरंगाबाद के द्वारा नई शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा को समावेशी बनाने के क्रम में जिले भर के चिन्हित 6 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के बीच सिविल सर्जन के प्रतिनिधि डॉ रविरंजन सीडीओ, समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ गंगाधर महतो एवं पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से व्हीलचेयर्स



सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। नई शिक्षा नीति के सफलता को इंगित करता अखिल भारतीय शिक्षा समागम को इस कार्यक्रम के माध्यम से उत्सव का रूप प्रदान किया गया।

सीडीओ डॉ रविरंजन कुमार ने कहा कि सभी दिव्यांग बच्चे अस्पताल से संपर्क कर यथाशीघ्र यूनिक डिसेबिलिटी आईडी सर्टिफिकेट यूडीडीआई कार्ड बनावा लें और तमाम तरह की सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर खुद को सबल बनाएं। पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने दिव्यांग बच्चों के साथ आए माता पिता को सुझाव दिए कि कभी भी इनकी दिव्यांगता को इनके चेतन मन में घर करने नहीं दें, वे सभी अपरिमित क्षमता के प्रतीक है। एपीओ गंगाधर महतो ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर बताया कि 50 अस्थि दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क व्हील चेयर प्रदान किया गया जिससे प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में इन्हें मजबूत बनाएगा और इससे सरकार के एलिमेंट्री एजुकेशन के सार्वजनीकरण का सपना साकार होगा।

कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पादित करने में जिला रिसोर्स टीचर राकेश कुमार के साथऽसाथ लाल बहादुर, कल्पना शर्मा, संजय कुमार सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पा कुमारी गुप्ता की भूमिका सराहनीय रही।

# इंडिया-इंग्लैंडः 2 जीत, 5 हार और 7 ड्रॉ

## ओवल के मैदान पर भारत का इंग्लैंड खिलाफ रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर में ड्रॉ के बाद अब भारतीय टीम का ध्यान लंदन के केनिंग्टन ओवल में होने वाले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के पांचवे और अंतिम टेस्ट पर केंद्रित है। हालांकि ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत की जीत का सूखा जारी रहा। लेकिन पांचवे टेस्ट स्थल पर भारत के लिए सब कुछ निराशाजनक नही है। ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट मैचो में से भारत ने दो जीते है, सात ड्रॉ रहे है और पांच हारे है।

### 1971 में ऐतिहासिक जीत

भारत को ओवल में पहली जीत 1971 में अजीत वाडेकर के नेतृत्व में मिली थी। लेग स्पिनर भागवत चंद्रशेखर के छह विकेट की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 101 रन पर ढेर कर दिया था। भारत ने 173 रन का लक्ष्य चार विकेट शेष रहते हासिल कर लिया था।

### गावस्कर के दोहरे शतक से रोमांचक ड्रॉ

इस मैदान पर सबसे दिलचस्प ड्रॉ 1979 में हुआ था। भारत अपनी पहली पारी में 202 रन पर आउट हो गया था जिसके बाद मेजबान टीम ने उसे 438 रन का लक्ष्य दिया। सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर और चेतन चौहान ने 213 रन की साझेदारी करके उन्हें चौंका दिया। इसके बाद गावस्कर और दिलीप वेंगसरकर ने दूसरे विकेट के लिए 153 रन की साझेदारी की। गावस्कर ने डटे रहकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। इयान बॉथम ने उन्हें 221 रन पर आउट कर दिया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन नौ रन से चूक गया। दिन का खेल खत्म होने तक भारत का स्कोर 429/8 था और यह टेस्ट ड्रॉ रहा।

### लगातार 3 बड़ी हार

2011 में द्रविड़ के शतक के बावजूद भारत एक पारी और आठ रन से हार गया था। इंग्लैंड के लिए इयान बेल ने दोहरा शतक जड़ा, जबकि ग्रीम स्वान ने नौ विकेट लिए। 2014 में भारत दोनो पारियो में सस्ते में आउट हो गया और एक पारी और 244 रनो से टेस्ट हार गया। 2018 में ऋषभ पंत और केएल राहुल ने शतक बनाए, लेकिन भारत 464 रनो के विशाल लक्ष्य से 118 रन से चूक गया।

### भारतीय बल्लेबाजों ने वापसी की

2021 में भारत ने ओवल में जीत का पांच दशक का इंतजार खत्म किया। पहली पारी में 191 रनो पर आउट होने के बाद, भारतीय बल्लेबाजी क्रम ने डटकर मुकाबला किया। रोहित शर्मा ने शतक बनाया, राहुल और विराट कोहली ने अर्धशतक जड़े, जबकि चेतेश्वर पुजारा, पंत और शार्दुल ठाकुर ने अर्धशतक जड़े। भारत ने 446 रन बनाए और 368 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने इंग्लैंड को 210 रन पर आउट कर दिया और टेस्ट 157 रन से जीत लिया।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार

भारत ने आखिरी बार टेस्ट ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में खेला था। भारत पहली पारी में स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के शतको से उबर नही पाया। बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे और भारत 209 रन से हार गया।

# हमारे पास एक आखिरी मौका

## पांचवें टेस्ट से पहले गौतम गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश



**लंदन, एजेंसी।** एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज का चौथा टेस्ट बेहद रोमांचक रहा, जो आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 31 जुलाई से दोनों देश पांचवां टेस्ट खेलेंगे, जिससे पहले भारतीय टीम ने मंगलवार को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया। इस दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की, जिसमें आत्मचिंतन, गर्व और संकल्प की भावना देखने को मिली। सभी ने यूके दौरे पर मिले अटूट समर्थन के लिए आभार जताया। हेड कोच गौतम गंभीर ने इस कार्यक्रम में भारत-इंग्लैंड मुकाबलों के ऐतिहासिक महत्व और सीरीज की इंटेंसिटी पर प्रकाश डाला।

गंभीर ने कहा, इंग्लैंड का दौरा हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमने हर बार ब्रिटेन दौरे पर मिले समर्थन की सराहना की है। इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने पलटवार करते हुए दूसरे मुकाबले को 336 रन से जीता। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन के करीबी अंतर से जीतकर सीरीज में 2-1 से लीड बना ली, जिसके बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। गौतम गंभीर ने कहा, पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए बेहद रोमांचक रहे। मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है। दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया।

भारत के पास अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म करने का मौका है। आखिरी टेस्ट को लेकर गंभीर ने एकजुट प्रयास की अपील की। उन्होंने कहा, हमारे पास एक हफ्ता और है। एक आखिरी कोशिश करनी है। यह अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका है। जय हिंद।

# इंग्लैंड-भारत टेस्ट के दौरान पाकिस्तानी फैन की टी-शर्ट को लेकर खड़ा हुआ विवाद

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** लंकाशायर ने कहा है कि वे उस घटना की जांच कर रहे हैं जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड और भारत के बीच चौथे टेस्ट मैच में एक प्रशंसक को अपनी पहनी हुई पाकिस्तानी शर्ट को ढकने के लिए कहा गया था। पाकिस्तानी मीडिया में फारुख नजर नाम से मशहूर इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उससे मैदान पर मौजूद सुरक्षा स्टाफ के एक सदस्य ने अनुरोध किया है कि वह अपनी टी-शर्ट को ढक दे, जो पाकिस्तान की पारंपरिक हरे रंग की सीमित ओवरों की टी-शर्ट है। खुद को लंकाशायर का कर्मचारी बताने वाला सुरक्षा गार्ड कहता है, 'नियंत्रण कक्ष ने मुझसे पूछा है कि क्या आप कृपया उस टी-शर्ट को ढक सकते हैं। बाद में एक प्रबंधक को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि टी-शर्ट राष्ट्रवादी मानी जा सकती है। वीडियो में नजर को बार-बार टी-शर्ट ढकने के अनुरोधों के कारण लगातार परेशान होते देखा जा सकता है। आखिरकार, एक पुलिस अधिकारी उसके पास आता है और उसे स्टैंड से दूर बातचीत जारी रखने के लिए कहता है। खबरों के मुताबिक नजर ने अपनी टी-शर्ट छिपाने के बजाय मैदान से बाहर जाने का फैसला किया।






## बुमराह से नफरतः टीम इंडिया के हेड कोच रहे रवि शास्त्री ने किया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने एक इंटरव्यू के दौरान कई खुलासे किए. इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह से नफरत से लेकर खुद को मिली सबसे बड़ी सलाह तक जैसी कई बड़ी बातों का जिक्र किया. रवि शास्त्री ने विराट कोहली के बारे में भी एक ऐसी बात बताई, जिससे शायद ज्यादातर लोग इत्तेफाक भी रखें. रवि शास्त्री 2017 से लेकर 2021 तक टीम इंडिया के कोच रहे थे. उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने कई उपलब्धियां हासिल की थी.

### रवि शास्त्री ने जसप्रीत बुमराह पर क्या बोला?

जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वो इन दिनों इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं. रवि शास्त्री भी कमेंट्री करने के मकसद से इंग्लैंड में ही हैं. इसी दौरान रवि शास्त्री के एक इंटरव्यू की क्लिप सामने आई है, जिसमें वो एक सवाल के जवाब में जसप्रीत बुमराह का नाम ले रहे हैं. स्टिक टू क्रिकेट ने ये वीडियो पोस्ट किया है, जिसे रवि शास्त्री ने रिपोस्ट भी किया है.

# ऐसे क्लब से जुड़ना चाहता था, जो टॉप-3 में शामिल हो: फ्लोरियन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रीमियर लीग 2025-26 सीजन से पहले फ्लोरियन विर्ट्ज ने लिवरपूल में अपने ट्रांसफर को लेकर बताया कि यह उनके लिए एक आसान फैसला था। विर्ट्ज ने खुलासा किया है कि वह उस क्लब का हिस्सा बनना चाहते थे, जो दुनिया के शीर्ष तीन क्लबों में शुमार है। लिवरपूल एफसी ने बायर लेवरकूजन से विर्ट्ज को साइन किया। 22 वर्षीय मिडफील्डर ने रेड्स के साथ लॉन्ग-टर्म कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किया है। अब वह अपने पूर्व लेवरकूजन साथी जेरेमी फ्रिमपोंग के साथ दोबारा एक ही टीम में खेलते नजर आएंगे। विर्ट्ज ने जियो हॉटस्टार पर कहा, मैं बहुत खुशी और गर्व महसूस कर रहा हूं। आखिरकार वह पल आ ही गया, जिसका मैं लंबे समय से इंतजार कर रहा था। मुझे लगा कि मेरे करियर में यह अगला कदम उठाने का सही समय है। मैं एक ऐसे क्लब से जुड़ना चाहता था, जो दुनिया के शीर्ष तीन क्लबों में शामिल हो। मेरी नजर में लिवरपूल उनमें से एक है। उन्होंने कहा, मैंने खुद को लिवरपूल में सबसे सुरक्षित और बेहतर हाथों में पाया। मैं यहां के लोगों, क्लब के विजन और क्लब की पेशकश से पूरी तरह आश्वस्त था। यह सब मुझे पूरी तरह से भरोसेमंद लगा। यह मेरे लिए एक आसान फैसला साबित हुआ। विर्ट्ज ने लिवरपूल के फैंस को उनके सपोर्ट के लिए आभार जताते हुए कहा, मैं समर्थन के लिए आपका धन्यवाद करता हूं। मैंने इंस्टाग्राम और अन्य जगहों पर देखा कि वह मुझे कितना चाहते हैं।




# सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष-10 में लौटे, लक्ष्य और प्रणय को भी फायदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढ़कर 33वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष-10 में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला। दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी और फिलहाल 10वें नंबर पर काबिज चिराग और सात्विक को मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक ने 21-13, 21-17 से हराया। इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढ़कर 33वें स्थान पर हैं। महिला एकल में उन्नति हुड्डा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई जिन्होंने पिछले सप्ताह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू को हराया था।

सिंधू 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद 11वें नंबर पर बने हुए हैं, जबकि तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा दो पायदान चढ़कर 45वें स्थान पर आ गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से क्लीन स्वीप किया, इंडीज को 3 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी-20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बासेटेरे में खेले गए पांचवें और अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड, मिशेल ओवेन और कैमरन ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 170 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। 14 रन पर सलामी बल्लेबाज शाई होप आउट हो गए। इसके बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 22 रन पर पवेलियन लौटे। पावरप्ले में वेस्टइंडीज ने 3 विकेट खोकर 49 रन बनाए। 10 ओवर (ड्रिंक्स) तक स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था।

हेटमायर की साझेदारियों ने स्कोर को 150 के पार पहुंचाया

शिमरन हेटमायर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। उन्होंने पहले शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 18 गेंदों में 32 रन जोड़े। इसके बाद जेसन होल्डर के साथ पांचवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन और सातवें विकेट के लिए 15 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की। इन साझेदारियों की बदौलत वेस्टइंडीज का स्कोर 170 तक पहुंचा। हेटमायर ने 31 गेंदों में 52 रन, रदरफोर्ड ने 18 गेंदों में 35 रन और होल्डर ने 15 गेंदों में 20 रन बनाए।

# अंग्रेज कप्तान ने 43 दिन में ही छीन लिया स्मृति मंधाना से नंबर 1 का ताज

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना को पछाड़कर आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। उधर, हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की रैंकिंग में भी काफी सुधार हुआ है, जबकि दीप्ति शर्मा ने शीर्ष बॉलर्स में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को भारत के खिलाफ उनके हालिया अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने आईसीसी महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में फिर से नंबर 1 बैटर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। नैट साइवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन मैच की सीरीज में सर्वाधिक 160 रन बनाने के साथ 2025 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर वापसी की। ब्रंट इससे पहले 2023 में रैंकिंग में शीर्ष पर रही थीं।

स्मृति मंधाना ने पिछली 17 जून 2025 को ही करीब 6 साल बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन महज 43 दिन तक ही वह इस कुर्सी पर बैठ पाई और अंग्रेज कप्तान ने फिर से उसे स्थान को हथिया लिया। स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैच में 115 रन बनाए थे, लेकिन वह आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसक गईं। नैट साइवर-ब्रंट के अब 731 अंक हैं, जबकि स्मृति मंधाना के 728 अंक हैं।









### हरमनप्रीत कौर ने लगाई 10 स्थान की छलांग

इस बीच, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन का इनाम मिला। हरमनप्रीत कौर ने सीरीज के 3 वनडे मैच में 42.00 के औसत से 126 रन बनाए। वह ताजा आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में 21वें नंबर से ऊपर उठकर 11वें नंबर पर पहुंच गईं।

### दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर कायम

भारत की मध्यक्रम की बैटर जेमिमा रोड्रिग्स 15वें से 13वें स्थान पर पहुंच गईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 3 वनडे में 33.67 के औसत से 101 रन बनाए। आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में भारत की दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर कायम हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और मेगन शट ने भी क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान बरकरार रखा है।

### शीर्ष-10 में पहुंचीं आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगैस्ट

महिला वनडे ऑलराउंडर्स रैंकिंग के शीर्ष 10 में सिर्फ 2 बदलाव हुए हैं। नैट साइवर-ब्रंट को एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब वह 8वें स्थान पर खिसक गई हैं। वहीं, आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगैस्ट को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब वह 10वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर बनी हुई हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की संपूर्ण रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः 8:15 बजे जिलाधिकारी आवास पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 9:00 बजे गांधी मैदान में मुख्य समारोह के तहत झंडोत्तोलन होगा। समाहरणालय परिसर में झंडोत्तोलन का समय प्रातः 9:45 निर्धारित किया गया है, जिसके पश्चात सभी कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। गांधी मैदान में आयोजित समारोह के लिए मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रातः 8:40 बजे, जिला पदाधिकारी द्वारा 8:45 बजे तथा प्रभारी मंत्री, औरंगाबाद द्वारा 8:50 बजे सलामी मंच पर सलामी दी जाएगी। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा 8:55 बजे




निरीक्षी वाहन से सलामी गारद का अवलोकन किया जाएगा। झंडोत्तोलन एवं राष्ट्रध्वज को सलामी का कार्यक्रम ठीक 9:00 बजे संपन्न होगा, जिसके उपरांत प्रभारी मंत्री का संबोधन प्रातः 9:05 बजे निर्धारित है। इसके अतिरिक्त प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन द्वारा महादलित टोला, दानी बिगहा के समीप प्रातः 9:35 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। गांधी मैदान की साफ-सफाई एवं समतलीकरण का कार्य नगर परिषद, औरंगाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी एवं भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यपालक अभियंता को सौंपा गया है। समाहरणालय गेट से गांधी मैदान तक सड़क के दोनों ओर मोरम लाल एवं चुना डलवाने, गांधी मैदान में मंच की रंगाई-पुताई, मरम्मत तथा बैरिकेडिंग का दायित्व भी भवन प्रमंडल को दिया गया है। नगर परिषद को सदर प्रखंड से अदरी नदी पुल तक की सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। गांधी मैदान में आयोजित परेड में डीएपी, सैफ, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। परेड का पूर्वाभ्यास दिनांक 08 अगस्त 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना, मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, नियंत्रण इत्यादि बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अपर समाहर्ता को संपूर्ण कार्यक्रमों हेतु वरीय प्रभार सौंपा गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को विधि व्यवस्था के संपूर्ण दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बीआरबीसीएल में रोजगार प्रोत्साहन योजना पर जागरुकता सत्र आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) में मंगलवार 29 जुलाई को रोजगार प्रोत्साहन योजना पर एक जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत नियोक्ता और कर्मचारी दोनों को लाभ मिलता है। सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को भारत सरकार की इस योजना के फायदे और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना था। सत्र का संचालन केन्द्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी एम.पी. सिंह तोमर ने किया। जागरुकता सत्र में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इसमें भाग लेकर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# बाइक की ठोकर से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज में सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहे किशोर को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बाद में इलाज़ के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर 30 स्थित बिराटपुर चौधरी मुहल्ला निवासी शत्रुघ्न चौधरी के 15 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में मृतक के पिता शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि अंशु अपने मोहल्ले के ही चार दोस्तों के साथ मदनपुर के वार में नागपंचमी मेला घूमने जाने वाला था। औरंगाबाद से ऑटो पकड़कर शिवगंज उतरा। इसके बाद शिवगंज बाजार में खड़ा होकर वार मेला जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था। उन्होंने बताया कि अंशु के अन्य दोस्त भी उसके साथ ही सड़क पर खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार अंशु को जोरदार टक्कर मार फरार हो गया। बाइक की टक्कर से अंशु घटनास्थल पर ही गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने अंशु को टक्कर मारने वाले बाइक सवार को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह फरार हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद अंशु के दोस्त उसे इलाज के लिए स्थानीय निजी क्लिनिक में ले गए जहां चिकित्सक ने उसकी स्थिति गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जब अंशु के दोस्तों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया तो चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया।

## नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# श्रमिकों को कल्याणकारी व रोजगार संबंधी योजनाओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर एवं बारून प्रखंड की सीमा पर अवस्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में मंगलवार को श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को 'प्रधानमंत्री रोजगार संलग्न प्रोत्साहन योजना' के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। सत्र का संचालन केंद्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी एम पी एस तोमर द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को योजना की रूपरेखा, पात्रता मानदंड, नियोक्ताओं के लिए निर्धारित प्रोत्साहन तथा योजना से श्रमिकों को मिलने वाले संभावित लाभों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह योजना संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा और स्थायी रोजगार सुनिश्चित करना है। सत्र के दौरान उपस्थित श्रमिकों ने योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने प्रश्न रखे, जिसका समाधान श्री तोमर ने गहराई से किया। प्रतिभागियों ने योजना की उपयोगिता और लाभों



को लेकर गहरी रुचि दिखाई और ऐसी जानकारियों को उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में श्री तोमर के अलावा उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रह्लाद प्रसाद, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) नागेंद्र कुमार शर्मा सहित एनटीपीसी के अन्य अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों ने एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा ऐसे प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता सत्रों एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता है, जिनका उद्देश्य न केवल श्रमिकों को सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और श्रम कानूनों की जानकारी देना होता है, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना होता है।

# 36 घंटे बाद जखौरा के पास पुनपुन नदी से मिला युवक का शव




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के देवहरा स्थित पुनपुन नदी में स्नान के दौरान डूबे युवक का शव 36 घंटे बाद मंगलवार को बरामद कर लिया गया है। गौरतलब हो कि सोमवार को स्नान करने के दौरान हसपुरा थाना क्षेत्र के नान्हू बिगहा निवासी नागेश्वर यादव स्नान करने के दौरान पुनपुन नदी की तेज बहाव में बह गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम लगातार शव की तलाश जुटी हुई थी। इसी क्रम में हसपुरा थाना अंतर्गत जखौरा स्थित नारायण घाट पर स्थानीय लोगों व परिजनों ने एक शव को देखा और इसकी सूचना गोह पुलिस को दी। सूचना के बाद थानाध्यक्ष मो. इरशाद दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। शव मिलते ही परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया है।

# अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें युवा : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग विभाग के तत्वावधान में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के ऑडिटोरियम में बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल 2025 का जिलास्तरीय कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य, जीविका डीपीएम, एलडीएम, सिविल सर्जन, स्टार्टअप सेल प्रभारी, जिला उद्योग केंद्र के




अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे। महाप्रबंधक द्वारा स्वागत भाषण में बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि यह फ़ेस्टिवल राज्य भर में जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर पर तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं और नवोदित उद्यमियों से नवाचारयुक्त व्यवसायिक विचारों का संग्रह करना, स्टार्टअप की पहचान सुनिश्चित करना, उन्हें आवश्यक वित्तीय सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करना और राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना है। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने विद्यार्थियों, जीविका दीदियों और युवा उद्यमियों को नवाचार एवं स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है तथा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने, बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इसी अवसर पर महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन भी उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजित 'आइडिया है, काथॉन' प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पौधारोपण कर डीएम ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद वन प्रमंडल के अंतर्गत बसडीहा कला सिथत +2 उच्च विद्यालय में 76वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह मौजूद रही। उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 9 की खुशी विश्वकर्मा ने प्रथम, कक्षा 10 की अर्चना शर्मा ने द्वितीय तथा कक्षा 9 की आयुषी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 9 की गुड़िया कुमारी को प्रथम, कक्षा 10 के संदीप कुमार सिंह को द्वितीय तथा कक्षा 9 के अंकित कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों एवं उपस्थित ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, वनपाल राजीव कुमार, पुष्पमाला, वनरक्षी मो. सबीर, सोनू कुमार पाण्डेय, अवतार कुमार, प्रिन्स कुमार, प्रिन्स कुमार सिंह, कुन्दन कुमार, सुषमा साह, राधा कुमारी, गजेन्द्र कुमार एवं विकास कुमार सहित समस्त वनकर्मी उपस्थित रहे।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# डरपोक और पलटीमार हैं चिराग पासवान : पूर्व मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा है कि भारत सरकार के मंत्री और लोजपा आर के प्रमुख चिराग पासवान विगत दिनों बिहार में बढ़ते अपराध पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने का काम किया था तथा यह भी कहा था की मुझे दुख है कि मैं एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं। जिस सरकार के पुलिस और प्रशासन निकम्मे हो गए हैं और अपराध बेकाबू हो गए हैं यानी सीधे-सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोल कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास किया गया था। लेकिन महज दो दिनों के अंदर ही अपने आप को शेर का बेटा होने का दंभ भरने वाले चिराग पासवान महान डरपोक एवं पलटीमार साबित हो गए। इससे ज़्यादा हास्यास्पद और क्या हो सकता है। पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान ने कहा कि अब तो चिराग बाबू नीतीश कुमार को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए कसीदे पढ़ने लगे। प्रवचन करते थक नहीं रहे हैं। मैंने कहा था आप सच में शेर के बेटा है तो केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा देकर बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ जंग में उत्तरने का हिम्मत दिखाईए, लेकिन जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता नीरज कुमार की एक ही डाट में सरेंडर कर गए। पता नहीं इनकी अपनी हैसियत का कोई अंदाजा है कि नहीं मुझे नहीं मालूम, परन्तु जिस समाज से ये आते हैं उस समाज का हैसियत को तो इन्होंने निलाम करवा ही दिया। अब पासवान समाज भी समझ चुका है कि गलतफहमी में मैं जिसे शेर समझ रहा था वह तो कुछ और ही निकला।


बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

## बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की व्यवस्था एवं प्रक्रिया

**प्राकृतिक आपदा एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार द्वारा सहाय्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। सहाय्य अनुदान के दावा एवं भुगतान की प्रक्रिया तथा दर निम्नवत है :**

### आवेदन एवं भुगतान की प्रक्रिया

1 **पशु मृत्यु के पश्चात् अगर शव प्राप्त हो :**

(क) पशुपालक द्वारा निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दी जायेगी तथा विहित प्रपत्र (प्रपत्र—क) में आवेदन दिया जायेगा।

(ख) पशुचिकित्सा पदाधिकारी शव का पोस्टमार्टम करेंगे तथा आवेदन अंचलाधिकारी को प्रेषित करेंगे। पशु शव अन्त्य परीक्षण की स्थिति में नहीं रहने (कई दिन पुराने होने/सड़ जाने आदि) पर पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रमाण—पत्र के साथ मृत पशुओं की संख्या से संबंधित स्पष्ट प्रतिवेदन अंचलाधिकारी एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया जायेगा।

(ग) अंचलाधिकारी प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. **पशु शव प्राप्ति नहीं होने की स्थिति में :**

(क) पशुपालक द्वारा स्थानीय थाना में पशु क्षति के संबंध में सनहा/प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

(ख) पशुपालक का आवेदन स्थानीय मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य/सरपंच/पंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिये (प्रपत्र—क)।

(ग) सनहा/प्राथमिकी की प्रति संलग्न करते हुए पशुपालक द्वारा आवेदन संबंधित अंचलाधिकारी को दी जायेगी। अंचलाधिकारी राजस्व कर्मचारी/अन्य कर्मी से वास्तविक रूप से पशु क्षति संबंधी जाँचोंपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे (प्रपत्र—ग)।

(घ) अंचलाधिकारी पशु क्षति संबंधी सूचना को ससमय जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे (प्रपत्र—ख/प्रपत्र—ग)। जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त अभिलेख स्वीकृत कराकर घटना के एक सप्ताह के अन्दर सहाय्य अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

3. अन्य आपदाओं यथा सुखाड़/वज्रपात/अग्निकाण्ड आदि की स्थिति में यथासंभव अन्त्य परीक्षण कराना आवश्यक होगा। बड़ी संख्या में एक ही स्थान में एक ही तरह की परिस्थिति में पशुओं की मृत्यु होने पर रैण्डम रूप से यथासंभव पाँच से दस प्रतिशत पशुओं/मुर्गियों का अन्त्य परीक्षण करते हुए मृत्यु का कारण निर्धारित किया जाएगा।



**बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की दर**

| क्रं. | पशु का प्रकार | राशि प्रति इकाई | अधिकतम अनुमान्य (प्रति परिवार) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **दुग्धकारी पशु** क) गाय/भैंस/ऊँट/याक/मिथुन आदि | 37,500/— | 3 पशु तक सीमित | 1. आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं की वास्तविक क्षति के अनुसार सीमित होगी। 2. किसी अन्य सरकारी योजना से प्राप्त होने वाली सहायता (यथा एवियन इन्फ्लूएन्जा से पक्षियों की मृत्यु या अन्य बीमारियों से मृत्यु) की स्थिति में यह सहाय्य अनुदान देय नहीं होगा। |
| | ख) बकरी/भेंड़/सुकर | 4,000/— | 30 पशु तक सीमित | |
| 2 | **भारवाही पशु** क) बैल/ऊँट/घोड़ा आदि | 32,000/— | 3 पशु तक सीमित | |
| | ख) बछड़ा/खच्चड़/गदहा/टट्टु | 20,000/— | 6 पशु तक सीमित | |
| 3 | **पॉल्ट्री** | 100/— | अधिकतम सीमा 5000/— रूपये | |
| 4 | **घर के साथ संलग्न पशु शेड अग्निकांड हेतु** | 3,000/— | प्रति पशु शेड | |

**टिप्पणी :**

1. विहित प्रपत्र—क, ख एवं ग तथा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट (www.ahd.bih.nic.in), जिला पशुपालन कार्यालय एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।
2. आवेदन में वांछित विवरण यथा नाम, पता, मोबाईल नं., आधार नं., मृत पशु से संबंधित विवरण, मृत्यु का कारण तथा बैंक खाता का ब्योरा इत्यादि अंकित रहना आवश्यक है।

**विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612—2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612—2226049) से प्राप्त की जा सकती है।**

PR No.- 009816 (Animal)D. 2025-26